तापमान
अधिकतम 35.8 डिग्री
न्यूनतम 25.6 डिग्री

हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, शुक्रवार 28 जून 2024

12 जनदर्शन में मुख्यमंत्री ने बड़े ही अपनत्व भाव से सुनी...



14 थीम बेस्ड मार्केट में एक जैसे बोर्ड से पहचान देने...



# पढ़ाएं क्या और परीक्षा क्या लें? 1 जुलाई से कक्षा आरंभ करने फरमान, लेकिन सिलेबस ही नदारद!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

अलग खबर

प्रदेश के विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में ऐसा पहली बार हो रहा है, जब छात्र बगैर सिलेबस देखे ही प्रवेश ले रहे हैं। प्रदेश के सभी महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है, लेकिन अब तक सिलेबस ही प्राप्त नहीं हुआ है।

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा मौजूदा शैक्षणिक सत्र से प्रथम वर्ष में राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू कर दी गई है। इसके तहत स्नातक पाठ्यक्रम चार वर्षीय होकर सेमेस्टर परीक्षा प्रणाली पर आधारित होगा। इस आधार पर सिलेबस में भी बदलाव किया गया है। सिलेबस बदलाव के लिए विशेषज्ञ कमेटी बनाई गई थी, इस कमेटी ने पाठ्यक्रम तैयार कर विभाग को सौंप भी दिया है, लेकिन सेंट्रल कमेटी द्वारा अब तक इसे अनुमति प्रदान नहीं की गई है। इसके कारण अब तक नया सिलेबस जारी नहीं किया जा सका है।

इन सबके बीच कॉलेजों में प्रवेश के लिए आ रहे छात्र सिलेबस की जानकारी मांग रहे हैं, लेकिन महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा उन्हें किसी प्रकार की जानकारी नहीं दी जा सक रही है। विश्वविद्यालयों के पोर्टल में अब भी पुराने सिलेबस ही प्रदर्शित हो रहे हैं। कई विद्यार्थी सत्र के आरंभ से ही पढ़ाई शुरू कर देते हैं। वे सबसे अधिक परेशान हैं।

### प्रोफेसर्स भी हलाकान

कक्षाएं प्रारंभ होने के पूर्व प्राध्यापकों द्वारा भी संबंधित टॉपिक की तैयारी की जाती है। सिलेबस प्राप्त नहीं हो सकने की स्थिति में अब तक प्रोफेसर्स भी किसी तरह की तैयारी नहीं कर पाए हैं। सूत्रों के अनुसार, नई शिक्षा नीति के अंतर्गत कई तरह के बदलाव सिलेबस में किए गए हैं। ऐसे में पुराने सिलेबस से पढ़ाई करा पाना संभव नहीं है। इसके इतर उच्च शिक्षा विभाग द्वारा कुछ दिनों पूर्व उच्च शिक्षा विभाग द्वारा शैक्षणिक कैलेंडर जारी किया गया था। इसके अनुसार, एक जुलाई से महाविद्यालयों में नियमित कक्षाएं प्रारंभ होनी है। महाविद्यालयों में प्रथम सूची जारी हो चुकी है और छात्रों ने प्रवेश लेना भी प्रारंभ कर दिया है। इसके बाद भी एक जुलाई से कक्षाएं सिलेबस के अभाव में शुरू नहीं हो पाएंगी।

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति : नए पाठ्यक्रम के आधार पर होनी है पढ़ाई

- दाखिला लेने आ रहे छात्र मांग रहे सिलेबस, महाविद्यालय मौन
- सेंट्रल कमेटी द्वारा अब तक पाठ्यक्रम को अनुमति नहीं



#### 15 जुलाई से लगाएंगे कक्षा

हमें अब तक सिलेबस ही नहीं मिला है। ऐसे में एक जुलाई से पढ़ाई कैसे कराएंगे? हमने 15 जुलाई से कक्षाएं संचालित करने का फैसला किया है। यदि उस वक्त तक भी सिलेबस नहीं मिलता है, तब कुछ कह नहीं सकते।

- डॉ. देवाशीष मुखर्जी, प्राचार्य, महंत कॉलेज

B.M. COLLEGE
BCA | BBA
PGDCA | B.Ed.
आई.टी.आई.
▸ कोपा ▸ इलेक्ट्रिशियन
▸ हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
▸ डीजल मैकेनिक
▸ फायर टेक्नालॉजी
▸ स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
नोट - हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन, अंतिम तिथि - 29/06/24

## खबर संक्षेप

### डिलीवरी ब्वॉय से एक लाख के मोबाइल लूटे

**रायपुर।** मंदिर हसौद थाने में एक ऑनलाइन मोबाइल कंपनी के डिलीवरी ब्वॉय ने तीन अज्ञात बदमाशों के खिलाफ एक लाख रुपए से ज्यादा कीमत की चार नग मोबाइल लूटने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। टिकरापारा निवासी सूरज कुमार साहनी ने लूट की शिकायत दर्ज कराई है। सूरज ने पुलिस को बताया कि वह राजेश कुमार अग्रवाल नाम के व्यक्ति को मोबाइल डिलीवरी देने के लिए कुरुद गया था। कॉल करने पर उसे गोठान के पास बुलाया। गोठान पहुंचने के बाद तीन बाइक सवार लड़के मौके पर पहुंचे और सूरज को उन लोगों ने मोबाइल मंगाने की बात कहते हुए पैसे देने में आनलाइन पेमेंट का झांसा देकर रोके रहे। देर तक पैसे नहीं मिलने पर सूरज जाने लगा तो बदमाश सूरज के साथ मारपीट कर उससे मोबाइल लूटकर मौके से फरार हो गए।

### होटल में चोरी, पूर्व कर्मचारी गिरफ्तार



**रायपुर।** माना थाना क्षेत्र में होटल में चोरी के आरोप में पुलिस ने एक पूर्व कर्मचारी को गिरफ्तार किया है। घटना में शामिल एक अन्य आरोपी की पुलिस पतासाजी करने में जुटी हुई है। माना पीटीएस चौक में संचालित फूड कास्ट होटल के मैनेजर केजे थामस की शिकायत पर पुलिस ने चोरी के आरोप में तेलीबांधा निवासी टिकेश्वर जांगड़े को गिरफ्तार किया है। टिकेश्वर का एक अन्य साथी तुषार जांगड़े फरार है। पुलिस ने टिकेश्वर के कब्जे से कंप्यूटर, मॉनिटर, सीपीयू सहित अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरण जब्त किए हैं।

### मारपीट कर नशेड़ियों ने दोपहिया लूटी, फरार

**रायपुर।** पंडरी थाना में एक युवक ने तीन अज्ञात बदमाशों के खिलाफ नशे की हालत में मारपीट कर उसकी दोपहिया लूटकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। मूलतः महासमुंद निवासी भुनेश्वर विश्वकर्मा ने लूट की शिकायत दर्ज कराई है। भुनेश्वर ने पुलिस को बताया कि वह कचना में एक अपार्टमेंट में रहता है और प्राइवेट नौकरी करता है। गुरुवार को दोपहर वह कंपनी की स्कूटी से खाना खाने निकला था, जिसे उसने अपने भाई की दुकान के पास पार्क किया, इसी दौरान एक्टिवा सवार तीन युवक नशे की हालत में अपनी गाड़ी से गिर गए। इसके बाद तीनों लड़के भुनेश्वर के पास पहुंचे और उसके साथ मारपीट कर स्कूटी लूटकर फरार हो गए।

## आधी-अधूरी तैयारी ने बढ़ाई मुसीबत, पुराना जमा कराने के कई दिन बाद नया दिया जा रहा

# नए राशन कार्ड के लिए हफ्तेभर का चक्कर, लंबी लाइन, धूप में दूधमुंहों के साथ बेहाल महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि लाइव

आचार संहिता खत्म होने के बाद नये राशन कार्डों का वितरण शुरू हो गया है। गाइड लाइन के अनुसार नगर निगम क्षेत्र में राशन कार्डों का वितरण निगम कार्यालयों में या फिर आंगनबाड़ी, शासकीय या निजी सामुदायिक भवन में कैंप लगाकर निगम कर्मचारियों के माध्यम से होना था। राजधानी रायपुर में इसका कहीं भी पालन नहीं किया जा रहा है। कार्डों का वितरण पार्षद कार्यालय से लेकर सामुदायिक भवन व आंगनबाड़ी भवन में पार्षदों के कार्यकर्ताओं के माध्यम से किया रहा है। इसके कारण इन वितरण केंद्रों में व्यवस्था पूरी तरह से चरमराई हुई है। वितरण केंद्रों में हितग्राहियों को कई घंटे धूप में खड़ा करने के बाद भी बैरंग लौटाया जा रहा है, जिसके कारण हितग्राहियों को हर रोज कार्ड लेने के लिए इन वितरण केंद्रों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

हरिभूमि की टीम ने गुरुवार को नए राशन कार्डों के वितरण व्यवस्था का जायजा लेने के लिए शहर के आधा दर्जन वितरण केंद्रों में जाकर पड़ताल की। इस दौरान कई केंद्रों में व्यवस्था चरमराई मिली। इनमें कई केंद्र समय से आधे घंटे विलंब से खुले, वहीं वहां हितग्राहियों के बैठने व पेयजल की व्यवस्था भी नहीं की गई थी। इसके कारण हितग्राही कई घंटे उमस भरी गर्मी से हलाकान होकर कार्ड लेने के लिए इन केंद्रों में भीड़ का हिस्सा बने रहे। इस भीड़ में कई बुजुर्ग महिला से लेकर दूधमुंहे बच्चे लेकर भी कई महिलाएं पहुंची थीं। इनमें कई महिलाओं को घंटों इंतजार के बाद भी खाली हाथ लौटना पड़ा।

#### केस 1
### संजय नगर आंगनबाड़ी में कई महिलाएं हफ्तेभर से काट रहीं चक्कर

शहीद राजीव पांडे वार्ड क्रमांक 62 के संजय नगर स्थित मस्जिद के पीछे आंगनबाड़ी केंद्र में राशन कार्ड वितरण किया जा रहा है। इस केंद्र में वितरण की जिम्मेदारी निगम कर्मी नूरजहां को सौंपी गई है। केंद्र में इसके अलावा कुछ सहयोगी और थे जो पुराना कार्ड लेकर नया कार्ड वितरण कर रहे थे। इस केंद्र में टीम पहुंची, तो उस समय लगभग एक सौ महिला हितग्राही अपना राशन कार्ड लेने पहुंची थीं। इनमें कलाबाई धनगर, लक्ष्मी धनगर निवासी बकरा मार्केट संजय नगर ने बताया कि वह सुबह 9.30 बजे से यहां पहुंची हैं। उस समय केंद्र में ताला लगा हुआ था। करीब 10 बजे ताला खुलने के बाद वितरण का काम शुरू हुआ है। इसके बाद दो घंटे इंतजार करने के बाद उन्हें यह कह दिया कि उनका कार्ड मिल नहीं रहा है, हो सकता है आया नहीं है, इसलिए दो दिन बाद आना।







#### केस 2

मठपुरैना निवासी पूजा सेन अपने दूधमुंहे बच्चे को गोद में लेकर वाचनालय भवन पहुंची थी। उसने बताया कि उसके पति ने 3 दिन पहले पुराना कार्ड जमा कर दिया है। दो दिन बाद उसे बुलाया गया था, लेकिन अब फिर उसे दो दिन बाद आने के लिए कहा गया है।

#### केस 3

संजय नगर निवासी रंजू प्रजापती ने बताया कि वह पिछले 3 दिन से हर रोज आंगनबाड़ी केंद्र का चक्कर काट रही है। हर बार उसे कल आना, दो दिन बाद आना कहकर लौटा दिया जाता है। आज भी जब वह पहुंची, तो केंद्र में भारी भीड़ लगी रही। उमस भरी गर्मी में वह 20 मिनट से यहां खड़ी है, लेकिन उसका कार्ड तक ढूंढा नहीं जा रहा है, बल्कि दो दिन के बाद आने के लिए कहा है।

#### केस 4

जोन-5 अंतर्गत वार्ड क्रमांक-59 में व्यायामशाला एवं वाचनालय भवन में कार्ड का वितरण चल रहा है। इस भवन के नीचे वाले हॉल से कार्ड बांटा जा रहा है। इसके लिए हितग्राहियों को यहां हॉल के बाहर धूप में खड़ा किया था। यहां अपने करीब 65 वर्षीय बुजुर्ग हितग्राही गिलौरीन यादव निवासी दुर्गा पारा ने बताया कि उसने दो हफ्ते पहले ही अपना पुराना कार्ड यहां लाकर जमा करा दिया है। उसे तीन दिन बाद बुलाया गया था, लेकिन पिछले एक हफ्ते से वह कार्ड लेने पहुंची रही है, लेकिन उसे दिया नहीं जा रहा है।

### अल्फाबेट सीरियल नंबर से पहुंचे कार्ड, फिर भी वितरण करने में देर

जिन-जिन केंद्रों में नए राशन कार्ड का वितरण हो रहा है, वहीं सभी वर्ग के राशन कार्ड अल्फाबेट सीरियल नंबर के साथ पहुंचे थे। इसके बाद भी इन कार्डों का वितरण करने में देर की जा रही है। हालांकि वितरण करने वालों का कहना है कि कार्ड जरूर अल्फाबेट नंबर के अनुसार आए हैं, लेकिन एपीएल, बीपीएल सहित अन्य वर्ग के सभी कार्ड मिक्स होकर मिले, जिनकी पहचान कर अलग-अलग किया जा रहा है।

### पुराना जमा कर तत्काल नया कार्ड देने का नियम

खाद्य विभाग सूत्रों के अनुसार पुराना कार्ड जमा कराने पर तत्काल नया कार्ड देने का नियम है। इस नियम के तहत पुरान कार्ड जमा तो कराया जा रहा है, लेकिन नया कार्ड जमा कराने के कई दिनों बाद दिया जा रहा है। इस कारण जमा करा चुके हितग्राहियों को आगामी माह में मिलने वाले खाद्यान्न की चिंता सताने लगी है, जिससे हितग्राही वितरण केंद्रों का चक्कर काट रहे हैं।

## बदलाव का नया रिकॉर्ड...

# व्यापम ने चौथी बार जारी किया नर्सिंग परीक्षाओं का शेड्यूल





हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा इस बार परीक्षा तिथियों में बदलाव का नया रिकॉर्ड स्थापित किया जा रहा है। इस बार नर्सिंग प्रवेश परीक्षाओं की तिथियों में बदलाव किया गया है। यह चौथी बार है, जब नर्सिंग परीक्षाओं की तिथि जारी की जा रही है। पहली बार व्यापम द्वारा प्रवेश परीक्षाओं का शेड्यूल जारी करने के बाद लोकसभा चुनाव को देखते हुए दोबारा तिथि जारी की गई। इसके पश्चात राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली विभिन्न परीक्षाओं में टकराव की बात कहते हुए तीसरी बार तिथि जारी की गई। अब चौथी बार व्यापम ने प्रवेश परीक्षाओं की तारीख घोषित की है। हालांकि इस बार सिर्फ नर्सिंग प्रवेश परीक्षाओं की तिथि में बदलाव हुआ है।

- इसके पूर्व लोकसभा चुनाव और राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं का हवाला देकर बदली गई तिथि

व्यापम द्वारा पूर्व में जारी शेड्यूल के अनुसार, बीएससी नर्सिंग, एमएससी नर्सिंग तथा पोस्ट बेसिक नर्सिंग परीक्षाओं का आयोजन 14 जुलाई को विभिन्न पालियों में किया जाना था। अब ▶▶शेष पेज 13 पर

### बीएससी नर्सिंग में 52 हजार उम्मीदवार

कोविड काल के बाद चिकित्सा क्षेत्र के अंतर्गत नर्सिंग सेक्टर में बढ़ते डिमांड के चलते इस विषय में दिलचस्पी लेने वाले छात्रों की संख्या में इजाफा हुआ है। इंजीनियरिंग की तुलना में छात्र इसमें अधिक रुचि दिखा रहे हैं। इस बार प्री बीएससी नर्सिंग के लिए 52 हजार 628 छात्रों ने आवेदन किया है। इसी तरह से प्री एमएससी नर्सिंग के लिए 5 हजार 612 छात्रों ने आवेदन किया है तथा पोस्ट बेसिक नर्सिंग के लिए 7 हजार 189 छात्रों ने आवेदन किया है।

### अगले महीने जारी हो सकते हैं परिणाम

व्यापम द्वारा प्रवेश परीक्षाओं की शुरुआत जून माह से की जा चुकी है। पीईटी, पीएटी व पीवीटी परीक्षाएं आयोजित की जा चुकी हैं। इनके मॉडल आंसर जारी कर दावा-आपत्ति भी मंगाई जा चुकी है। इनके निराकरण के बाद जुलाई माह में परिणाम घोषित होने की संभावना है। नतीजों की घोषणा पश्चात संबंधित विभाग में काउंसिलिंग प्रक्रिया प्रारंभ होगी।

# मुंबई की तर्ज पर ओवरब्रिज के नीचे छत्तीसगढ़ का पहला स्पोर्ट्स कोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

महानगर मुंबई की तर्ज पर अब राजधानी रायपुर में भी ओवरब्रिज के नीचे खाली पड़ी जमीन का सदुपयोग कर वहां स्पोर्ट्स मैदान बनाए जाएंगे। इसकी शुरुआत पंडरी क्षेत्र में एक्सप्रेस वे ब्रिज से की गई है। यहां ब्रिज के नीचे दो खेल कोर्ट बनाने का काम शुरू भी कर दिया गया है। इसमें एक में बैडमिंटन व वॉलीबॉल और दूसरा बास्केटबॉल कोर्ट बनाया जा रहा है। इस तरह यह छत्तीसगढ़ का पहला खेल कोर्ट होगा, जो ब्रिज के नीचे बनेगा।

राजधानी रायपुर में 70 वार्ड हैं, लेकिन इन वार्डों में बमुश्किल से कुछ वार्ड में ही खेल मैदान है। इसके कारण विभिन्न खेल से जुड़े बच्चे व युवाओं की प्रतिभा जहां निखर नहीं पाती, वहीं स्वास्थ्य और फिटनेस के लिए हर रोज गली-मोहल्ले में खेलने वालों लोगों को भी खेल मैदान मिल नहीं पाते। कई प्रोफेसनल व आम लोगों को कई किलोमीटर का लंबा सफर कर खेल मैदान या खाली मैदानों में जाकर प्रैक्टिस या अन्य खेल खेलने के लिए मजबूर होना पड़ता है।

### पंडरी एक्सप्रेस ब्रिज के नीचे बैडमिंटन व बास्केटबॉल कोर्ट का निर्माण कार्य जारी



### दूसरे कई वार्डों में बन सकते हैं कोर्ट

आकाश तिवारी ने बताया कि शहर के में ऐसे कई इलाके हैं, जहां ओवरब्रिज का निर्माण हुआ है। उनमें ऐसे कई ब्रिज हैं, जिसकी खाली जमीन का सद्उप्रयोग खेल कोर्ट बनाकर किया जा सकता है। रायपुर के अलावा प्रदेश के अन्य कई शहरों में भी जहां खेल मैदानों की कमी है, वहां भी इसका निर्माण कराया जा सकता है।

### माहभर में बन जाएंगे दोनों खेल कोर्ट

पार्षद आकाश तिवारी ने बताया कि एक्सप्रेस वे ब्रिज के नीचे दो कोर्ट बनाने के लिए राशि जारी होने के बाद इसका निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। कोर्ट बनाने के लिए मिट्टी डालकर जमीन को समतल किया जा रहा है। इसके बाद यहां कोर्ट को चारों तरफ लोहे की जालियों से घेरा जाएगा, ताकि खेल के दौरान गेंद, बॉल कोर्ट के बाहर नहीं जा पाए। इससे ब्रिज के दोनों तरफ से गुजरने वाली गाड़ियों को किसी प्रकार की दिक्कत भी नहीं होगी। उन्होंने कहा कि दोनों कोर्ट आगामी एक महीने के भीतर तैयार हो जाएंगे। इसके बाद उनके वार्ड के लोग भी इस कोर्ट में खेल पाएंगे।

### पार्षद की सराहनीय पहल, 20 लाख रुपए मंजूर

पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड क्रमांक-35 में एक भी खेल मैदान नहीं है। इसकी कमी और खेल से जुड़े लोगों की चिंता करते हुए पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड के पार्षद आकाश तिवारी ने एक्सप्रेस वे ब्रिज के नीचे खाली जमीन का सद्उपयोग कर यहां खेल कोर्ट बनाने का प्रस्ताव निगम प्रशासन के समक्ष रखा था, जिसे मंजूरी भी दे दी गई। इस खेल कोर्ट के निर्माण के लिए 20 लाख रुपए के बजट को भी स्वीकृति मिल चुकी है, जिसके बाद इसका निर्माण के लिए काम शुरू कर दिया गया है।

# 14 थानों के टीआई समेत 20 थानेदारों का तबादला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

एसएसपी संतोष सिंह ने गुरुवार को 14 थानों के टीआई सहित 20 थानेदारों का स्थानातरंण आदेश जारी किया है। जिन थानेदारों का ट्रांसफर किया गया है, उनमें से कई थानेदारों को पुलिस लाइन से थानों की जिम्मेदारी दी गई है। इनमें मल्लिका बेनर्जी तिवारी पुलिस लाइन से पंडरी, सुनील दास पुलिस लाइन से आमानाका, राजेंद्र दीवान पुलिस लाइन से धरसींवा, विशाल कुजूर पुलिस लाइन से यातायात, दीपेश जायसवाल आमानाका से कबीरनगर, दीपक पासवान गंज से खरोरा, लखनलाल पटेल सरस्वतीनगर से गंज, जीतेंद्र ऐसैय्या तिल्दा से गोबरा नवापारा, राजेश सिंह ट्रैफिक से आरंग, शिवेंद्र राजपूत धरसींवा से डीडीनगर, सुरेंद्र श्रीवास्तव खरोरा से सरस्वतीनगर, अविनाश सिंह डीडीनगर से तिल्दा, सत्येंद्र सिंह श्याम आरंग से जिविशा, श्रुति सिंह खम्हारडीह से पुलिस कंट्रोल रूम, मनोज नायक मौदहापारा से सीसीटीएनएस, शील आदित्य कुमार सिंह पंडरी से ट्रैफिक, रविंद्र कुमार यादव कबीरनगर से ट्रैफिक, सिद्धेश्वर प्रताप सिंह ट्रैफिक से अभनपुर, यामन देवांगन सिविल लाइंस से मौदहापारा, नरेंद्र मिश्रा कंट्रोल रूम से खम्हारडीह स्थानांतरित किए गए हैं।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

Pragati College
(Affiliated to Pt. Ravishankar Shukla University & Recognised by Govt. of Chhattisgarh)
Central Avenue, Choubey Colony, Raipur Ph. 0771-2255911/22, Fax :2255933
E-mail : info@pragaticollege.com Website : www.pragaticollege.com
Strong careers rise from a strong institution
Commerce
Computers
Communication
Education
Management
• B.Com
• B.Com (With Computers)
• M.Com. • B.B.A. • B.C.A.
• B.Sc. (Computers Science)
• P.G.D.C.A.
• D.Ed. • B.Ed. • M.Ed.
• BJMC • PGDJ
ADMISSIONS CALL
• Commerce & Management ✆ 9294603003
• Computer & Science ✆ 9294603013
• Mass Communication ✆ 9294603033
• Education ✆ 9294603025
ATUL



## खबर संक्षेप



### युगल किशोर अपेक्स बैंक के जीएम नियुक्त

रायपुर। राज्य शासन द्वारा सहकारिता विभाग के उपायुक्त युगल किशोर को प्रतिनियुक्ति पर अपैक्स बैंक में महाप्रबंधक के पद पर पदस्थ किया गया है। 24 जून को मंत्रालय से जारी आदेश के परिपालन में उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक में महाप्रबंधक का पदभार ग्रहण कर लिया है।

### चार प्राधिकरणों का पुनर्गठन

रायपुर। राज्य सरकार ने प्राधिकरणों के पुनर्गठन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसमें बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण, अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण, मध्यक्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण शामिल है। सरकार ने इस संबंध में अधिसूचना का प्रकाशन कराया है। उल्लेखनीय है कि हाल की में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में प्राधिकरणों के संबंध में निर्णय लिया गया था। सभी प्राधिकरणों के अध्यक्ष मुख्यमंत्री होंगे। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में प्राधिकरणों की अध्यक्षता का दायित्व वरिष्ठ विधायकों को दिया गया था। अब नए सिरे से प्राधिकरणों के पुनर्गठन में संबंधित क्षेत्र के विधायक सदस्य होंगे। प्राधिकरणों में सदस्य के रूप में वरिष्ठ अधिकारी जैसे मुख्य सचिव, संबंधित विभागीय सचिव के अलावा समाजसेवी और विशेषज्ञ शामिल होंगे, जिन्हें राज्य शासन द्वारा मनोनीत किया जाएगा।

### विवादित पित्रोदा को फिर से पद देने वाली कांग्रेस का देशविरोधी चेहरा उजागर

रायपुर। छत्तीसगढ़ के वन मंत्री केदार कश्यप ने सैम पित्रोदा को इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष पद पर पुनः बहाल किए जाने पर कहा, कांग्रेस के इस फैसले से कांग्रेस का राजनीतिक चरित्र बेनकाब हो गया है।



विवादित पित्रोदा को फिर से पद देने वाली कांग्रेस का देशविरोधी चेहरा उजागर हो गया है। श्री कश्यप ने कहा, लोकसभा चुनाव के दौरान विरासत टैक्स लगाने, रंगभेद आदि से जुड़े बयानों के मद्देनजर पद से हटाए गए राहुल गांधी के सलाहकार पित्रोदा को हटाया गया था, लेकिन अपने इस फैसले से पलटकर कांग्रेस नेतृत्व ने यह स्पष्ट कर दिया है कि उनके लिए देश के लोग नहीं, सैम अंकल प्राथमिकता रखते हैं। पित्रोदा की बहाली ने कांग्रेस की उस विकृत राजनीतिक मानसिकता को भी साफ कर दिया है कि विरासत टैक्स, रंगभेद जैसे बयान कांग्रेस की सोची-समझी साजिशाना रणनीति के तहत दिए गए या दिलाए गए, और विवाद के चलते वोट बैंक के डैमेज कंट्रोल के लिहाज से पित्रोदा को हटाने का काम किया।

# सरकारी भवन निर्माण नहीं हो सकेगा विवादित भूमि पर, पीडब्लूडी ने जारी किया निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाए जाने वाले भवन को बनाने की मंजूरी तभी मिलेगी जब वह जमीन सभी प्रकार के विवाद से मुक्त होगी। इसी तरह सड़क और पुल का निर्माण उसी समय किया जाएगा जब ये साफ होगा कि निर्माण की जगह का 90 प्रतिशत हिस्सा बाधा रहित है। ऐसे निर्माण के लिए टेंडर जारी होने के पहले संबंधिक कार्यपालन अभियंता को प्रमाण पत्र देना होगा कि जमीन को लेकर कोई विवाद नहीं है। बताया गया है कि उपमुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण विभाग के भारसाधक मंत्री अरुण साव के निर्देश पर लोक निर्माण विभाग ने एक परिपत्र जारी कर निर्देश दिए हैं। अब सड़क और सेतु निर्माण के लिए निविदा के पहले संबंधित कार्यपालन अभियंता को प्रमाणित करना होगा कि कार्य के लिए 90 प्रतिशत बाधारहित भूमि उपलब्ध है। भवन निर्माण के लिए पूरी जमीन व्यवधानरहित होने पर ही निविदा आमंत्रित की जा सकेगी। राज्य शासन ने प्रमुख अभियंता सहित सभी मुख्य अभियंताओं, अधीक्षण अभियंताओं और कार्यपालन अभियंताओं को इस संबंध में परिपत्र जारी कर दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करने को कहा है।




## पहले बाधा दूर होगी, उसके बाद टेंडर

*लोक निर्माण विभाग द्वारा मंत्रालय से प्रमुख अभियंता से लेकर सभी कार्यपालन अभियंताओं को जारी परिपत्र में निर्देशित किया गया है कि निविदा आमंत्रण के पूर्व कार्यपालन अभियंता को यह प्रमाणित करना होगा कि सड़क निर्माण के लिए सड़क की प्रस्तावित कुल लंबाई की 90 प्रतिशत लंबाई व्यवधानरहित है। साथ ही 90 प्रतिशत लंबाई में सभी प्रकार की बाधाएं जैसे भूअर्जन, वन भूमि व्यपवर्तन एवं यूटिलिटी शिफ्टिंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया गया है तथा शेष 10 प्रतिशत भूमि बाधारहित करने की कार्यवाही 180 दिनों में पूर्ण कर ली जाएगी। विभाग ने भवन निर्माण के लिए 100 प्रतिशत व्यवधानरहित भूमि उपलब्ध होने के बाद ही निविदा आमंत्रण की कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।*

# नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव की तैयारियां तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने कार्यभार ग्रहण करते ही नगरीय निकायों और त्रिस्तरीय पंचायतों के चुनाव की तैयारियां तेजी से करने की कवायद शुरू कर दी है। नगरीय निकायों और त्रिस्तरीय पंचायतों के वार्डों के परिसीमन की प्रक्रिया के संबंध में चर्चा करते हुए आयुक्त ने इसे समय सीमा में कराने पर जोर दिया है। उन्होंने समय-समय पर उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्वाचन से संबंधी दिए गए महत्वपूर्ण निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने पर भी बल दिया।



बैठक में नगरीय निकायों और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए मतदाता सूची की तैयारी की भी आयुक्त सिंह ने समीक्षा की। साथ ही मतदान केन्द्र और मतदान कर्मियों की आवश्यकता और व्यवस्था पर भी जोर दिया गया। उन्होंने चुनाव से पहले सभी आवश्यक तैयारियां समय पर सुनिश्चित करने पर बल दिया है। बैठक में प्रमुख सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास निहारिका बारिक सिंह, सचिव नगरीय प्रशासन बसवराजू एस, सचिव सामान्य प्रशासन डीडी सिंह और सचिव राज्य निर्वाचन आयोग डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय संगठन के नेताओं के साथ बात कर होगा फैसला

# दो मंत्रियों के नामों पर दिल्ली में होगा मंथन, आज सीएम साय फिर जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश में मंत्रिमंडल के विस्तार को लेकर अब तक फैसला नहीं हो सका है। इसको लेकर अब दिल्ली में ही मंथन के बाद फैसला होगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को एक बार फिर शुक्रवार को दिल्ली बुलाया गया है। इसके पहले भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल और प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय को दिल्ली बुलाया गया है। मुख्यमंत्री साय इसके पहले 24 जून को भी दिल्ली गए थे। उनकी अगले दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री अमित शाह से मुलाकात जरूर हुई, लेकिन भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और अन्य राष्ट्रीय नेताओं से मुलाकात नहीं हो सकी थी। ऐसे में अब तक मंत्रियों के नामों पर फैसला नहीं हो सका है।

बृजमोहन अग्रवाल के मंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद से ही साय मंत्रिमंडल में विस्तार को लेकर चर्चा चल रही है। अब तक इसको लेकर फैसला नहीं हो सका है। सीएम साय के दिल्ली के दौरे बाद इस पर फैसला होने की संभावना थी, लेकिन अब तक इस पर फैसला नहीं सका है। श्री साय के दिल्ली से लौटने के बाद राष्ट्रीय संगठन ने क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल और प्रदेश महामंत्री पवन साय को दिल्ली बुलाया है। जानकारों का कहना है कि राष्ट्रीय संगठन इनके फीडबैक ले रहा है। भाजपा के राष्ट्रीय सहसंगठन महामंत्री और प्रदेश के संगठन प्रभारी शिव प्रकाश और प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन भी दिल्ली में हैं। अब प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को भी शुक्रवार को दिल्ली बुलाया गया है। संभावना है कि शुक्रवार की रात या फिर शनिवार को भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं के साथ प्रदेश के दो मंत्रियों के नामों पर मंथन के बाद नाम तय कर दिए जाएंगे। श्री साय जब दिल्ली से लौटेंगे, तो इस बार उनके पास जरूर दो मंत्रियों के नाम होने की संभावना है। उनके आने के बाद मंत्रिमंडल के विस्तार की कवायद होगी।

### अजय जामवाल, पवन साय पहले से दिल्ली में शामिल







### इनके नाम चर्चा में

*मंत्री के दो पदों के लिए थोक में दावेदार हैं। राजधानी रायपुर से बृजमोहन अग्रवाल का पद खाली होने के बाद रायपुर से ही एक मंत्री बनाए जाने की संभावना ज्यादा है। इसी के साथ एक पद पहले से खाली है। ऐसे में दो पदों के लिए थोक में दावेदार हैं। इनमें रायपुर के पूर्व मंत्री और रायपुर पश्चिम के विधायक राजेश मूणत बड़े दावेदार हैं, वहीं रायपुर उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा का नाम भी सामने आ रहा है। इसके अलावा बिलासपुर के विधायक पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल, बिल्हा के विधायक और पूर्व नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक, कुरुद के विधायक अजय चंद्राकर, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष और जगदलपुर के विधायक किरण देव, कोंडागांव की विधायक लता उसेंडी, दुर्ग के विधायक गजेंद्र यादव, पंडरिया की भावना बोहरा का नाम प्रमुख है। संभावना जताई जा रही है कि दो पदों में एक नया चेहरा और एक पुराना चेहरा हो सकता है।*

# आरोग्य मेले का आज उद्घाटन करेंगे स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से आयोजित 28 से 30 जून तक 3 दिवसीय आरोग्य मेले का उद्घाटन छत्तीसगढ़ सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल करेंगे। उद्घाटन समारोह में विधायक पुरंदर मिश्रा, आईजीकेवी के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल, आयुष निदेशालय छत्तीसगढ़ के संयुक्त निदेशक डॉ. सुनील कुमार दास, आईजीकेवी के डीन डॉ. जीके दास, छत्तीसगढ़ चैप्टर पीएचडीसीसीआई के शंकर बजाज, निदेशक मिली दुबे, पीएचडीसीसीआई के वरिष्ठ निदेशक मंतोष सिंह, निवासी निदेशक सुमित दुबे और प्रणब सिंह शामिल रहेंगे। कृषि मंडपम, इंदिरागांधी कृषि विवि में आयोजित आरोग्य मेले में उपस्थित लोगों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और दवा वितरण भी किया जाएगा। आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी, सिद्ध और औषधीय पौधों के डॉक्टरों द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और दवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। यहां पर इस दौरान समानांतर योग सत्र भी आयोजित किए जाएंगे। आरोग्य मेला 28 से 30 जून तक सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक चलेगा।



■ आयुष मंत्रालय और पीएचडीसीसीआई के सहयोग से आयोजित

# खूबचंद बघेल स्वास्थ्य योजना अब शहीद वीर नारायण के नाम पर, अफसर भी बदला

## नाम बदलने की सियासत है पुरानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य में संचालित डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना का नाम बदलकर शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना करने का निर्णय लिया है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में डॉ. खूबचंद बघेल के नाम पर स्वास्थ्य योजना का संचालन किया जा रहा था।





राज्य के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री रहे टीएस सिंहदेव ने सरकार के इस फैसले का विरोध किया है। उन्होंने कहा है, यह लोकतंत्र के लिए स्वस्थ परंपरा नहीं है। राज्य में सरकार बदलने के बाद पहले भी पूवर्वर्ती सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के नाम बदले जाते रहे हैं। इस बार भी राज्य में विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली सरकार बनने के बाद पिछली कांग्रेस सरकार की योजनाओं का नाम बदलने की प्रक्रिया अभी शुरू हुई है, लेकिन ताजा मामले को लेकर पूर्व उपमुख्यमंत्री तथा स्वास्थ्य मंत्री रहे श्री सिंहदेव का कहना है कि नाम बदलने का फैसला खूबचंद बघेल का अनादर है। अगर सरकार नए सिरे से कुछ योजना चालू करती है, तो उसे अपने हिसाब से नाम रखे।

पहले से संचालित कार्यक्रम योजना का नाम बदलना सही नहीं है। ये बिलकुल स्वस्थ परंपरा, लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं है। ऐसे में एक परिपाटी बन जाएगी। आज मैं हूं सत्ता में तो अपने हिसाब से नाम रखा, कल कोई और आया तो वह अपने हिसाब से नाम रखेगा। हम नाम रखने पर सवाल नहीं उठा रहे हैं। नाम बदलने पर सवाल उठा रहे हैं। सरकार नई योजना का नया कार्यक्रम शुरू कर उसका नाम रख ले।

# मुख्यमंत्री साय ने श्री रामलला दर्शन अभियान समितियों को किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अयोध्या में श्रद्धालुओं की सेवा कर लौटे छत्तीसगढ़ के सभी रामसेवकों का गुरुवार शाम अपने निवास परिसर में स्वागत एवं अभिनंदन किया। श्री साय ने सभी रामभक्त 6 समितियों को शॉल, श्रीफल और श्री रामलला की धातु की मूर्ति भेंटकर उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने अयोध्या में श्रद्धालुओं की सेवा कर लौटे प्रभु श्री रामलला दर्शन अभियान समिति के अंतर्गत सभी 6 समितियों के साथ भोजन भी किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने सभी समितियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अयोध्या में प्रभु श्री रामलला के विराजित होने के साथ ही रामभक्तों की 500 सालों की मनोकामना पूर्ण हुई है। यह हमारे लिए बहुत ही गौरव की बात है कि प्रभु श्रीराम का ननिहाल हमारा छत्तीसगढ़ है और हम भांचा के रूप में श्री राम को पूजते हैं। इस अवसर पर विधायक और अयोध्या दर्शन समिति के संयोजक धरम लाल कौशिक ने सभी समितियों की सेवाभाव की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह छत्तीसगढ़ के लिए सम्मान की बात है कि सभी 6 समितियों ने पूरी निष्ठा और लगन के साथ रामभक्तों की सेवा की है। इस दौरान अयोध्या दर्शन समिति के सदस्य विधायक संपत लाल अग्रवाल और विरेंद्र श्रीवास्तव के साथ ही लक्ष्मी वर्मा, रामलखन पैंकरा एवं ललित माखीजा मौजूद थे।

■ रामभक्तों की सेवा से छत्तीसगढ़ हुआ धन्य

# चुनाव में हार पर कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से फीडबैक लेगी समिति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की राज्य में हुई हार की समीक्षा करने शुक्रवार को कांग्रेस की फैक्ट फाइंडिंग कमेटी के सदस्य वीरप्पा मोइली रायपुर आएंगे। वे यहां पर नेता, पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। रायपुर पहुंचने के बाद वे रायपुर, महासमुंद लोकसभा कार्यकर्ताओं, पदाधिकारी से मिलेंगे। पांच दिन के दौरे में वे बिलासपुर और कांकेर भी जाएंगे।



कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व ने निर्णय लिया गया है कि जिन राज्यों के चुनाव परिणाम विपरीत आये हैं, वहां केंद्रीय पर्यवेक्षक आकर समीक्षा करेंगे। इसी क्रम में एआईसीसी ने छत्तीसगढ़ के लिए वीरप्प मोइली और राहुल उपाध्याय को नियुक्त किया है। यहां पर लोकसभा चुनाव में 11 में से 10 सीटों पर हार के कारणों की जानकारी लेने वे सभी संभाग के कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे। 28 जून से 1 जुलाई तक राज्य के जिलों का दौरा कर पूरे 11 लोकसभा के संबंध में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं और कांग्रेस नेताओं से चर्चा करेंगे। बताया जाता है कि रायपुर कांग्रेस मुख्यालय में रायपुर, महासमुंद, दुर्ग और राजनांदगांव लोकसभा के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं से मिलकर उनकी राय लेंगे। कांकेर में बस्तर और कांकेर लोकसभा के संबंध में जानकारी वहां के नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से लेंगे। साथ ही बिलासपुर जिले का दौरा कर वहां बिलासपुर, रायगढ़, सरगुजा लोकसभा में हार के प्रमुख कारणों को जानने का प्रयास करेंगे।

## आवेदनों को पंजीबद्ध कर लोगों को दिया गया टोकन, निपटारा करने अधिकारियों को दिए निर्देश

# जनदर्शन में मुख्यमंत्री ने बड़े ही अपनत्व भाव से सुनी लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सत्ता की बागडोर संभालने के बाद से ही शासन-प्रशासन को जनता के करीब लाने की इच्छा गुरुवार को जनदर्शन में पूरी होती दिखी। मुख्यमंत्री ने राज्य में जनसमस्याओं की सुनवाई के लिए नये सिरे से जनदर्शन कार्यक्रम की शुरुआत की है। उन्होंने जनदर्शन कार्यक्रम में प्रदेश के दूर-दराज से आए हजारों लोगों से एक-एक कर मुलाकात की। बड़े ही अपनत्व भाव से उन्होंने आम जनमानस की समस्याएं और उनकी अपेक्षाएं सुनी और विभागीय अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों एवं आवेदनों को तत्परता से निपटाने के निर्देश दिए। यहां पर आए लोगों का स्वागत फूल माला और टीका लगाकर किया गया।

मुख्यमंत्री जनदर्शन का पहला कार्यक्रम हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में लोग अपने आवेदनों और समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री से मिलने रायपुर स्थित उनके कार्यालय पहुंचे थे। जनदर्शन का समय पूर्वान्ह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक निर्धारित था, परन्तु कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनसामान्य की मौजूदगी को देखते हुए मुख्यमंत्री ने न सिर्फ जनदर्शन कार्यक्रम की निर्धारित समयावधि को बढ़ाया, बल्कि स्वयं कार्यक्रम में यह बात कही कि लोगों को परेशान होने की जरूरत नहीं है, यहां आए प्रत्येक व्यक्ति से वह मिलेंगे और उनकी समस्याओं और अपेक्षाओं को सुनेंगे। जनदर्शन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री एक ओर जहां विभिन्न बीमारियों से पीड़ति लोगों के समुचित इलाज और मदद के लिए अधिकारियों को निर्देश देते दिखे, वहीं दिव्यांग और निशक्तजनों के बीच पहुंचकर न सिर्फ उनकी समस्याएं सुनी, बल्कि उन्हें आवश्यक उपकरण, ट्राईसायकल आदि की सौगातें दी। भारी उमस और गर्मी के बावजूद भी जनदर्शन स्थल लोगों से ठसाठस भरा था। मुख्यमंत्री से मिलकर अपनी समस्याओं की जानकारी देने के लिए लोग अपनी बारी का इंतजार करते दिखे। जनदर्शन में मिले सभी आवेदनों को पंजीबद्ध किया गया है और आवेदन देने वाले लोगों को टोकन भी दिया गया है।





### मनीराम को तत्काल मिला दिव्यांग प्रमाणपत्र

धरसींवा निवासी मनीराम देवांगन का चार महीने पूर्व एक्सीडेंट हुआ था। उसमें इनका पैर काटना पड़ गया था। वे पिछले एक महीने से दिव्यांग प्रमाणपत्र के लिए भटक रहे थे, लेकिन उनके आवेदन पर कारवाई नहीं हो सकी थी। मुख्यमंत्री जनदर्शन की जानकारी होने पर उन्होंने उनको इस संबंध में जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने मौके पर ही अधिकारियों को उनका दिव्यांग प्रमाणपत्र बनाने के निर्देश दिए। एक घंटे के भीतर मनीराम के हाथ में दिव्यांगता प्रमाणपत्र आ गया। मनीराम ने खुशी जताते हुए कहा, दिव्यांग प्रमाणपत्र प्राप्त होने के बाद वो शासन की दिव्यांगजनों के लिए दी जाने वाली योजनाओं का लाभ उठा सकेगा। साथ ही वह कृत्रिम पैर भी लगा पाएगा।

### दमयंती जाएगी जापान, मुख्यमंत्री ने कहा- सामान पैक कर लीजिए, हम भेजेंगे

राजनांदगांव से आई दमयंती सोनी छत्तीसगढ़ की पहली ऐसी महिला हैं, जो फर्राटे से जेसीबी चलाती हैं। देशभर के एक्सपो में इन्हें भाग लेने के लिए बुलाया जाता है। ऐसे ही जापान से इन्हें बुलावा आया है, लेकिन आर्थिक दिक्कतों की वजह से एक्सपो में शामिल नहीं हो पा रही।

### कुछ ऐसे आवेदन

- दिव्यांग बलराम और रोहित को मिली ट्रायसाइकिल

जनदर्शन कार्यक्रम में बलराम और रोहित को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के हाथों आईस बॉक्स युक्त ट्रायसाइकिल की सौगात मिली। परसबोड़, जिला बेमेतरा के दिव्यांग बलराम और भोथीडीह जिला बेमेतरा के दिव्यांग रोहित मुख्यमंत्री के जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे थे।

-जीएनएम प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले नर्सिंग प्रतिनिधिमण्डल ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। इसी प्रकार बीएड प्रशिक्षण लेने वाले छात्रों और बस्तर संभाग से आए शिक्षकों ने भी भेंट की। मुख्यमंत्री से महाविद्यालय अतिथि व्याख्याताओं के प्रतिनिधिमण्डल ने मुलाकात की और उन्हें ज्ञापन सौंपा। इसी प्रकार छत्तीसगढ़ी छात्र संगठन, अनियमित कर्मचारी महासंघ ने भी ज्ञापन सौंपा।

- ममता निर्मलकर ने मुख्यमंत्री से अनुकंपा नियुक्ति दिलाने का आग्रह किया।
- धमतरी निवासी अमित सोनी के ब्रेन सर्जरी के लिए मुख्यमंत्री ने डेढ़ लाख रुपए की मंजूरी देने के साथ ही वर्षा चांदवानी के इलाज के लिए 50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की।

## खबर संक्षेप



### चंदखुरी शाला प्रवेशोत्सव में छात्रों को दिया न्योता भोज

**आरंग।** चंदखुरी फार्म स्थित अ.रा.ब. स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय में शाला प्रवेशोत्सव के अवसर पर पालकों द्वारा विद्यार्थियों को न्यौता भोज दिया गया। यह भोज पालकगण कामदेव वर्मा, रोशन वर्मा, रमेश चंद्राकर व ओमनारायण साहू के सौजन्य संपन्न हुआ। भोज में विद्यार्थियों को खीर, पूड़ी, सब्जी, दाल व चांवल परोसा गया। इस अवसर पर उपस्थित क्षेत्रीय विधायक गुरु खुशवंत साहब ने विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करते हुये भविष्य के लिये शुभकामनाये दी। शाला प्रवेशोत्सव व न्यौता भोज के दौरान आरंग विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एन.पी. कुर्रे, संस्था प्रमुख जी.आर. मिरी, प्रधानपाठक कामता प्रसाद साहू तथा गुरुजनों सहित गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

### सशिमं में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया



**मंदिर हसौद।** नगरपालिका मंदिर हसौद स्थित सरस्वती शिशु मंदिर मे शाला प्रवेश उत्सव पर विद्यालय के संयोजक श्री बसंत वर्मा द्वारा दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया व सभी भैया बहनो का तिलक वंदन कर मिठाई खिलाकर स्वागत अभिनंदन किया और अपने उद्बोधन मे कहा की सभी भैया बहन लंबी छुट्टी के बाद आज शाला मे प्रवेश कर रहे जिसे विद्यालय परिवार उत्सव के रूप मे मना रहा है इस उत्साह का बनाये रखना है और साल भर विद्यालय के सभी गतिविधियों मेभाग ले आचार्य दीदीयो द्वारा दी जा रहे शिक्षा के साथ संस्कार को भी अपने जीवन मे उतारे। इस मौके पर विद्यालय सदस्य रोहित निर्मलकर के साथ अभिभावक श्री भागी गहने बलदेव निर्मलकर गोविंदा साहू केशव वर्मा भी मौजूद रहे।

# हाई स्कूल चरौदा में उल्लास साक्षरता कार्यक्रम के लिए शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिलयारी

राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण जिला रायपुर द्वारा विकासखंड धरसींवा में असाक्षरों एवं स्वयंसेवी शिक्षकों का चिन्हांकन तथा पंजीयन की संपूर्ण प्रक्रिया की जानकारी के लिए गुरुवार को शासकीय हाई स्कूल चरौदा में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम 2024-25 के लिए लिए प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

प्रशिक्षण में चयनित ग्राम पंचायत और नगरीय निकाय के संकुल समन्वयक, प्रधानपाठक सहित शाला के एक शिक्षक शामिल हुए। ब्लॉक नोडल लोकेश कुमार वर्मा ने बताया कि 15 वर्ष से ऊपर आयु वर्ग के असाक्षरों का चिन्हांकन किया जाना है? शासन की महती योजना जिसका उद्देश्य एक भी असाक्षर न बचे इसके लिए सभी को मिलकर प्रयास करना है। अनुदेशक जो गाँव/शहर का पढ़ा लिखा व्यक्ति, सेवानिवृत्त कर्मचारी, जनप्रतिनिधि,हाई/हायर सेकेण्डरी के विद्यार्थी आदि कोई भी हो सकता है उसका चयन किया जाना है।

प्रशिक्षण में जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण के सहायक परियोजना अधिकारी चुन्नीलाल शर्मा ने सभी से कार्यक्रम को सफल बनाने की बात कही,उन्होंने कहा कि यदि दसवी/ बारहवी के विद्यार्थी यदि दस असाक्षर को पढ़ाएगा और यदि वे परीक्षा में सफल होते हैं तो उस विद्यार्थी को माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा दस अंक बोनस के रूप में प्रदान किया जाएगा।

## विद्यार्थियों को माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा दस अंक बोनस



### एन्ट्री का काम 30 तक करें पूर्ण

विकासखंड स्रोत समन्वयक मुरारीलाल वर्मा ने सभी को कार्यक्रम की सफलता हेतु आह्वान करते हुए कहा कि आप सभी उल्लास एप डाउनलोड कर एन्ट्री काम 30 जून तक पूर्ण करने की बात कहीं। उल्लास नवभारत साक्षरता के लिए नारा लेखन कर वातावरण निर्माण करने कहा गया। प्रशिक्षण में नोडल अधिकारी आरंग अलंकार परिहार, सहायक नोडल अधिकारी अरुण देवांगन, भुनेश्वरी वर्मा सहित चिन्हांकित पंचायत के संकुल समन्वयक, प्रधान पाठक व शिक्षकों की उपस्थिति रही।

## कार्रवाई : ग्रामीणों की मिली शिकायत पर तहसीलदार ने की कार्रवाई

# विस की 7 एकड़ जमीन पर कब्जा चला बुलडोजर, बेजाकब्जा साफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा/सिलयारी

- विधानसभा के लिए आरक्षित भूमि सात एकड़ पर 5 से 6 लोगों ने कब्जा कर लिया था

विधानसभा धरसींवा में भू माफियो की अपनी सरकार चल चल रही है जंहा शासकीय भूमि पर कब्जा करना और कृषि भूमि को खरीद कर अवैध रूप से गांव बसाने का खुला खेल चल रहा है हद तो तब हो गई जब छग विधान सभा की 24 एकड़ जमीन पर कुछ लोगो ने 07 एकड़ जमीन पर अपना कब्जा जमा कर मकान तान दिए थे जिसे गुरुवार को धरसींवा के तहसीलदार जयेन्द्र सिंह ने प्रशासन का बुलडोजर चला कर 07 एकड़ जमीन खाली करा लिए और सरकार की सुरक्षित भूमि का बोर्ड लगा दिए वही पास में चल रहे अवैध प्लाटिंग पर भी तहसील की बड़ी कार्यवाही हुई है। ब्लाक मुख्यालय धरसींवा के अंतर्गत छग विधानसभा ग्राम पंचायत बरौदा के अंतर्गत आते है जंहा सरकार ने पहले ही 24 एकड़ जमीन को विधानसभा के नाम पर सुरक्षित रखे हुए है जंहा रसूखदार लोगो ने 07 एकड़ की सरकारी भूमि में अपना कब्जा जमा लिए थे।गुरुवार की दोपहर 11 बजे ग्राम बरौदा में उस समय हड़कंप मच गया, जब प्रशासन बुलडोजर लेकर अवैध कब्जा हटाने के लिए पहुंचा और सरकारी जमीन पर बने मकानों पर सरकार ने बुल्डोजर चला कर जमीन सुरक्षित कर लिए। सूत्रों की माने तो रायपुर कलेक्टर गौरव सिंह को लगातार इसकी शिकायत मिल रही थी। शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा का खेल चलने की शिकायत की गई थी। शिकायत मिलने पर कलेक्टर ने गंभीरता से लेते हुए धरसीवां तहसीलदार जयेंद्र सिंह को कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। जिसके बाद तहसीलदार जयेंद्र सिंह ने गुरुवार को दल बदल के साथ अवैध कब्जे पर बुलडोजर चलाकर कब्जा मुक्त कराया गया।




### बिजली खंभा, नलकूप खनन तक करवा चुके थे कब्जाधारी

कब्जाधारियों का हौसला दिनों दिन बढ़ता ही जा रहा है। कभी निजी भूमि पर अवैध प्लाटिंग करके टुकड़ों में जमीन को बेचा जा रहा है तो वहीं दूसरी ओर विधानसभा के लिए आरक्षित भूमि सात एकड़ पर 5 से 6 लोगों ने कब्जा कर लिया था। बाकायदा कब्जाधारियों ने तार घेरा, बिजली के पोल, नलकूप तथा पक्का मकान बनाया जा रहा था। तहसील के अमले ने कब्जामुक्त करवाकर तुरंत उस भूमि पर विधानसभा के लिए यहां भूमि आरक्षित है सूचना बोर्ड लगाई गई है।

### पुलिस की रही तगड़ी व्यवस्था

कब्जा हटाने के दौरान किसी प्रकार की अप्रिय घटना ना हो इसके लिए प्रशासन ने पुलिस बल की सहायता मांगी गई थी। पूरे कब्जा हटाने के दौरान पुलिस भी दल बदल के साथ मौके पर उपस्थित थे। इधर प्रशासन का बुलडोजर चलते ही कब्जाधारियों में हड़कंप मच गया। कब्जाधारी मिनटों में ही उसे जगह से गायब हो गए थे।

### अवैध कब्जे पर कार्रवाई जारी रहेगी

धरसींवा तहसीलदार जयेंद्र सिंह ने बताया कि, कलेक्टर के निर्देश पर अवैध कब्जा हटाया गया है। विधानसभा की आरक्षित भूमि पर कुछ कब्जाधारियों ने कब्जा कर पक्का मकान, बिजली खंभा, नलकूप खनन करवा लिया था। जिसे कब्जा मुक्त करवा कर सूचना बोर्ड लगाया गया। उन्होंने आगे कहा कि अवैध प्लाटिंग और अवैध कब्जे पर लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

# शिक्षक नई पीढ़ी को संवारें और छत्तीसगढ़ राज्य को दें नई ऊंचाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

विधानसभा धरसींवा क्षेत्र अंतर्गत शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल कचना में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजिन किया गया। जिसमें मुख्यअतिथि के रूप में पद्मश्री अनुज शर्मा विधायक धरसींवा हुए शामिल। इस दौरान मा सरस्वती की पुजा- अर्चना कर, दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विधायक श्री शर्मा ने नए शैक्षणिक सत्र के शुरू होने पर स्कूली बच्चों को शुभकामनाएं दी है। अपने शुभकामना संदेश में विधायक ने कहा कि सभी बच्चे मन लगाकर पढ़ाई करें और अपने परिवार का और पूरे छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करें और शिक्षकों को कहा कि छत्तीसगढ़ अपनी नई पीढ़ी को आपको सौंप रहा है। आप इन्हें शिक्षा प्रदान कर, संस्कारिक कर, विकसित छत्तीसगढ़ की जिम्मेदारी निभाने के लिए तैयार करें। बता दे कि 26 जून से सभी स्कूलों में शिक्षा की घण्टी बज चुकी है और नए विद्यार्थियों की शाला प्रवेश उत्सव कराया जा रहा है जिससे धरसींवा विधायक अनुज शर्मा ने नवप्रवेशी छात्र/छात्राओ को तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया।

बच्चों को स्कूल बस्ता, पुस्तक और गणवेश का वितरण किया। विधायक ने कहा कि आज ग्राम



कचना के विद्यालय में शाला प्रवेश उत्सव का भव्य आयोजन रखा गया है। बड़ी संख्या में हमारे छात्र/छात्राएं पालकगण, ग्रामवासी उपस्थित हुए। इस अवसर पर नव प्रवेशी छात्र-छात्राओ को बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मां सरस्वती का आशीर्वाद सभी के ऊपर बना रहे।

### शिक्षक बच्चों को सांस्कारिक बनाएं : अनुज

धरसींवा विधायक पद्मश्री अनुज शर्मा ने कचना स्कूल में नव प्रवेश बच्चों को मिठाई खिला कर ओर नई किताब और गणवेश देकर सम्मान किये इस अवसर पर गुरुजनों से कहा कि ये बच्चे देश की भविष्य है। छत्तीसगढ़ अपनी नई पीढ़ी को आपको सौंप रहा है। आप इन्हें शिक्षा प्रदान कर, संस्कारिक कर, विकसित छत्तीसगढ़ की जिम्मेदारी निभाने के लिए तैयार करें। श्री शर्मा ने कहा कि भारत तेजी से बदलते हुए विकसित राष्ट्र की ओर बढ़ रहा है। इसमें बहुत सारे लोगों को अवसर मिलेगा।

### सीसीटीवी कैमरा निकालते दो आरोपी कैमरे में कैद

**तिल्दा नेवरा।** तिल्दा के समीपस्थ ग्राम पंचायत जोता निवासी भूपेंद्र कुमार उर्फ राजू वर्मा ने नेवरा थाने में लिखित शिकायत दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज जारी करते हुए बताया कि गांव के ही दो युवक बीती रात्रि चोरी की नियत से उनके घर के सामने लगे एक सिटीटीवी कैमरा को निकाल दिए और निकाल कर गांव के बाहर फेंक दिए थे। पूरी घटना घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है। प्रार्थी ने नेवरा थाना में लिखित शिकायत कर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। वहीं इधर नेवरा पुलिस प्रार्थी का आवेदन लेकर व सीसीटीवी फुटेज देखकर आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की बात कह रही है, साथ ही यहां पर बता दे कि दोनों आरोपी स्पष्ट रूप से कैमरे में नजर आ रहे हैं। दोनों आरोपी जोता गांव के ही निवासी हैं।

# प्रवेशोत्सव में मंत्री वर्मा ने 11 कार्यों के लिए 60 लाख देने की घोषणा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

राजस्व एवं खेल मंत्री श्री टंक राम वर्मा आज बीएनबी स्कूल तिल्दा नेवरा में आयोजित विकासखण्ड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि अगर करोगे भरोसा भगवान पर, तो तकदीर में लिखा है वो पाओगे और अगर करोगे भरोसा खुद पर, तो भगवान वो लिखेगा जो तुम खुद चाहोगे।' उन्होंने कहा कि शाला को संवारने का दायित्व केवल शिक्षक का नहीं वरन छात्र एवं पालकों का भी है। पालक भी बच्चों के पढ़ाई के महत्व को समझे और नियमित रूप से बच्चों की पढ़ाई का आंकलन भी करे। बच्चों के संपूर्ण व्यक्तित्व के विकास के लिए न केवल पढ़ाई अपितु खेल एवं विभिन्न कला को सीखना भी जरूरी है। इसी तरह शिक्षा के साथ बच्चों को संस्कार की शिक्षा भी जरूरी है। संस्कार सही नहीं होने से जीवन का पतन हो जाता है। संघर्षों से ही कामयाबी मिलती है। शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में श्री वर्मा ने नव प्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर एवं मुंह मीठा कर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने निःशुल्क गणवेश और पाठ्य-पुस्तकों का वितरण भी किया। इसके साथ ही दिव्यांग को ट्रायसाइकिल मेधावी छात्रों का सम्मान, छात्राओं को साइकिल वितरण तथा स्कूल परिसर में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर श्री वर्मा ने हायर सेकेण्डरी स्कूल सासाहोली के अधूरे अहाता निर्माण को पूर्ण करने, बी एन बी स्कूल के लिए शेड में पंखा लगाने व शौचालय निर्माण के लिए 5 लाख रूपए, मिडिल स्कूल नेवरा पुरानी बस्ती में शेड व अहाता निर्माण के लिए दस लाख रूपए, सेजेस नेवरा सायकल स्टैंड के लिए 15 लाख रूपए, बांसटाल स्कूल में शेड हेतु 10 लाख रूपए व माइक सेट के लिए पचास हजार रूपए, हेमू कलाणी स्कूल के लिए 10 लाख रूपए, टोहड़ा हायर सेकेण्डरी में रंगमंच और सायकल स्टैंड के लिए 10 लाख रूपए की घोषणा की। कार्यक्रम को जनपद उपाध्यक्ष टिकेश्वर मनहरे और नगर पालिका अध्यक्ष लेमिक्षा गुरू डहरिया ने भी संबोधित कर कहा कि शिक्षक द्वारा दिए गए शिक्षा को अपने जीवन में उतारें। शिक्षकों और माता-पिता के आज्ञा का पालन कर अनुशासन में रहकर पढ़ाई करें।

इस अवसर पर राम पंजवानी, मंडल अध्यक्ष सुरेश वर्मा, गौरव अग्रवाल, सौरभ जैन, पार्षदगण सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी एल के जाहिरे, प्राचार्य बीएनबी राजेश चंदानी सहित ब्लाक के सभी विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक, छात्र, छात्राएं समन्वयक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।




# केमिस्टों को ऑनलाइन ड्रग लाइसेंस प्रक्रिया बताई गई



**आरंग।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आरंग में खाद्य एवं औषधि प्रशासन रायपुर द्वारा विकासखंड आरंग में स्वास्थ्य विभाग एवं केमिस्ट एसोसिएशन के सहयोग से "आनलाईन नेशनल ड्रग लाइसेंस सिस्टम" की कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें औषधि निरीक्षक प्रीति उपध्याय ने ब्लॉक के सभी औषधि अनुज्ञप्तिधारीयो को ओएनडीएलएस पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन ड्रग लाइसेंसिंग सिस्टम से संबंधित जानकारी प्रदान की। साथ ही नारकोटिक एवं साइकॉट्रॉपिक दवाइयां के क्रय विक्रय रिकॉर्ड संधारण के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ केंद्र आरंग के बीएमओ डॉ वी.एल. अनंत ने केमिस्टों को कई महत्वपूर्ण जानकारियां देते हुए गर्भवती महिलाओं को अपना पंजीयन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराने के लिए प्रेरित करने का आग्रह किया ताकि जच्चा बच्चा के वैक्सिनेशन में दिक्कत ना हो। नए सॉफ्टवेयर के संदर्भ में केमिस्टों को विस्तार से जानकारी प्रदान की गई तथा केमिस्टों के शंकाओं का समाधान भी किया गया। औषधि निरीक्षक ने कहा कि अगर उन्हें इसके बाद भी कोई परेशानी आती हो तो वे विभाग की मदद ले सकते हैं। उन्होंने सदस्यों से कहा कि एक माह के अंदर अपनी दुकान के दस्तावेज अपलोड कर दें। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ के बीपीएम दीपक मीरे, महेश चंद्रकार, वरिष्ठ केमिस्ट विनोद गुप्ता, ब्रजेश सोनी, संतोष चंद्राकर, मनोज चंद्राकर सहित अंचल के केमिस्ट उपस्थित थे।

## पेज 11 के शेष...

### व्यापम ने चौथी बार...

बीएससी नर्सिंग के लिए प्रवेश परीक्षा तो 14 जुलाई को ही आयोजित की जाएगी, लेकिन एमएससी नर्सिंग तथा पोस्ट बेसिक नर्सिंग प्रवेश परीक्षा का आयोजन 28 जुलाई को होगा। व्यापम का कहना है कि इन परीक्षाओं में कॉमन उम्मीदवार होने के कारण तिथियों में बदलाव किया गया है।

---

**प्रारूप-37**
**(नियम 61 (3) देखिए)**
**मोटरयान के रजिस्ट्रीकृत स्वामी को रद्दकरण के लिए रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र अभ्यर्पण करने और वित्तपोषक के नाम में नया रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र जारी करने की सूचना**
**(दो प्रतियों में, दूसरी प्रति नोटिस जारी करने पर वित्तपोषक को भेजी जावेगी ।)**
**रजिस्ट्रीकर्ता प्राधिकारी, रायपुर सं. 346**
**तारीख- 11/06/2024**

श्री/श्रीमती/कुमारी SHRI MUKESH KUMAR SHERWANI, Son/ Wife/ Daughter of SHRI KOGHA RAM SHERWANI, ADD-B-BLCOK 201, DOLPHIN IMPRESS, MOVA, RAIPUR. C.G. 492001, MOB-7000212213 (वित्तपोषक) ने यह सूचित किया है कि उसने/उन्होंने उक्त करार उपबन्ध अधीन आपके व्यतिक्रम के कारण अवक्रय/आडमान/पट्टा करार अंतर्गत आने वाले मोटर यान जिसका रजिस्ट्रीकरण संख्या CG04NL9630 है, कब्जा ग्रहण कर लिया है और यह कि -
1. आपने उसे/उन्हें रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र देने से इंकार कर दिया है।
2. आप फरार हो गये हैं । -

उसने/उन्होंने रजिस्ट्रीकृत प्रमाण पत्र रद्द करने और अपने नाम में नया रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र जारी करने का अनुरोध किया है। अतः आपको उक्त मोटर यान का रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र अभ्यर्पित करने को निर्देश दिया जाता है, जिसे आपने कब्जा खो देने पर धारा 2 (30) के अधीन स्वामित्व भी खो दिया है और इस बारे में आपका अभ्यावेदन, यदि कोई हो, तो इस नोटिस की आपके द्वारा प्राप्ति के सात दिन के भीतर इस कार्यालय को करने का निर्देश दिया जाता है। आपके असफल रहने पर धारा 51 (5) के अनुसार आपके द्वारा धारित रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र रद्द करते हुये वित्तपोषक के नाम में नया रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र जारी कर दिया जाएगा।

**रजिस्ट्रीकर्ता प्राधिकारी**
**रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल-18, तहसील व जिला- रायपुर**
**:: आम सूचना ::**
जारी दिनांक 14/06/2024

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम बनरसी प.ह.नं. 79, रा.नि.मं. रायपुर-18, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में आवेदिका अमरौतिन बाई चेलक पिता स्व. मेहत्तर चेलक सा. ग्राम बनरसी रायपुर द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 453/1 रकबा 0.0410 हे. का सीमांकन/बटांकन हेतु आवेदन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र. 202405113700042/अ-12 वर्ष 2023-24 आदेश दिनांक 25/05/2024 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन दिनांक **28/06/2024** को समय **1.00** बजे किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामीयों तथा आसपास के भूमिस्वामीयों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय के पूर्व पटवारी कार्यालय में एवं उक्त तिथि व समय को आवेदित स्थल पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा/आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन उपरांत कोई भी दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**सो सूचना जाने।** **राजस्व निरीक्षक रायपुर-18**

---

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-19 (धनेली) तहसील धरसींवा जिला रायपुर (छ.ग.)**
**आम सूचना**
**दिनांक 24/06/2024**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रूपक अग्रवाल पिता गुगनराम अग्रवाल निवासी चौबे कालोनी की ग्राम गुमा प.ह.नं. 32 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-19 (धनेली) तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 423/21, 423/33, 423/37, 423/54 रकबा 0.3690, 0.1180, 0.1400, 0.0580 हे. का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार धरसींवा के ज्ञापन क्रमांक ब आदेश दिनांक 10/05/2024 के परिपालन में दिनांक 02/07/2024 को समय 12:00 बजे पश्चात किया जाना नियत है। अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो, वे उक्त तिथि को पटवारी हल्का नंबर 32 गुमा के स्थित कार्यालय में अथवा सीमांकन स्थल में दस्तावेज सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

अतः सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक**
**रायपुर-19 (धनेली)**

---

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार बिनेश ढीढी पिता श्री रघुदास ढीढी निवासी सेरीखेड़ी रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. ने विक्रेता मोहित मनहरे पिता स्व. पतिराम मनहरे निवासी- रावणभाठा, सेरीखेड़ी रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के हक, कब्जे एवं स्वामित्व की भूमि खसरा नंबर 1033 रकबा 2.4500 हे. भूमि जो ग्राम कोरासी, प.ह.नं.-05, रा.नि.मं. भैंसा तहसील आरंग जिला रायपुर स्थित है को क्रय करने का सौदा पक्का कर लिए है तदसंबंध विक्रेता के द्वारा मेरे पक्षकार के पक्ष में एक विक्रय इकरारनामा दिनांक 27.09.2023 को निष्पादित कर बयाना राशि प्राप्त कर लिया है। इसके बावजूद विक्रेता मोहित मनहरे के द्वारा उपरोक्त सौदाशुदा भूमि को किसी अन्य व्यक्ति को विक्रय अंतरण करने का प्रयास किया जा रहा है। चूंकि उपरोक्त संपत्ति मेरे पक्षकार की सौदाशुदा संपत्ति है, मात्र विक्रय पत्र का पंजीयन कराया जाना है, जिसके लिए मेरे पक्षकार के द्वारा विक्रेता को निवेदन किये जाने पर उसके द्वारा आज-कल, आज-कल करते हुए समय की मांग किया जा रहा है। चूंकि उपरोक्त संपत्ति मेरे पक्षकार की सौदाशुदा संपत्ति है, ऐसी स्थिति में कोई भी व्यक्ति, संस्था, अन्यथा अन्य कोई, उपरोक्त विक्रयशुदा संपत्ति को क्रय-विक्रय करने का प्रयास ना करें, ऐसा क्रय विक्रय अवैध होगा और खरीददार सदभाविक क्रेता नही होगा और उसे अनावश्यक वाद, विवाद का सामना करना पड़ेगा।

सो सूचना जाने।
रायपुर
दिनांक 27.06.2024

**भवदीय**
**कु. अरूणा मिश्रा, अनुज मिश्रा**
**अधिवक्तागण, रायपुर**
**कार्यालयः वार्ड नंबर 6, रेलवे कालोनी ग्राम पो.व थाना मंदिर हसौद रायपुर (छ.ग.)**
**मो. 9753871812, 9754678411**

---

**आम सूचना**

**वाके मौजा - छपोरा, प.ह.नं. 00013, रा. नि.मं - रायपुर - 16 - सारागांव, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 460 रकबा 0.6400 हेक्टेयर भूमि के संबंध में ।**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा विक्रेतागण 01. श्रीमती दयावती पठारी पति स्व. चोवाराम पठारी, 02. ओमप्रकाश पठारी, 03. मनोज कुमार पठारी, 04. श्रवण कुमार पठारी, 05. सरोज बाई पठारी, 06. लेखराम पठारी, सभी पिता स्व. चोवाराम पठारी, सभी निवासी ग्राम छपोरा, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि वाके मौजा छपोरा, प.ह.नं. 00013, रा.नि.मं- रायपुर - 16 - सारागांव, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 460 रकबा 0.6400 हेक्टेयर भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर बयाना राशि अदा कर दिया है एवं शेष राशि का भुगतान बैनामें के निष्पादन के समय किये जाने की बात हुई है। अतः इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासकीय, अर्द्धशासकीय, अशासकीय बैंक, बीमा, वित्तीय संस्था, निगम, निकाय, बोर्ड, प्राधिकरण निजी संस्था आदि को किसी भी प्रकार की उजर आपत्ति है । तो यह इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के भीतर अपनी, उजर, आपत्ति का दावा मेरे कार्यालय में सुसंगतमय दस्तावेज के साथ प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद म्याद की गई किसी भी प्रकार की उजर, आपत्ति या दावा के लिए मेरे पक्षकार पर कोई बंधनकारी नहीं होगा और यह अपने पक्ष में रजिस्ट्री बैनामा करवा लेगा ।

सो सूचना जानें।
रायपुर, छत्तीसगढ़
दिनांकः 27.06.2024

**संजय वर्मा (अधिवक्ता)**
**पता-अमृतसंदेश काम्प्लेक्स, शॉ नं. 12 तहसील ऑफिस के सामने, रायपुर (छ.ग.)**
**मो. 98261 13955**

---

**न्यायालय तहसीलदार पाटन**
**मामले की श्रेणी : राजस्व**
**संदर्भ-** जिला दुर्ग, तहसील पाटन प.ह.नं. 00003 अमलेश्वर ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- RD202324430030301400029

**ईश्तहार**

तहसील पाटन के प.ह.नं. 00003 के अंतर्गत ग्राम अमलेश्वर के वर्तमान भूमिस्वामी मीना सिन्हा पिता/पति देवेन्द्र कुमार सिन्हा पता अभनपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 630/241 (0.0100) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता भानुमति वर्मा पिता/पति-पति श्री मनहरण लाल वर्मा पता निवासी-1371, होम्योपैथिक कालेज के पास रामकुंड रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचारधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 04/07/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार पाटन पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 11/06/2024 को जारी किया जाता है।

(मुहर) **तहसीलदार**
**पाटन, जिला-दुर्ग (छ.ग.)**

---

**न्यायालय तहसीलदार आरंग**
**जिला रायपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
**रा.प्र.क्र........अ/ 6अ वर्ष 2023-24**
**आरंग, दिनांक 13.06.2024**
**ग्राम आरंग प.ह.नं. 21**

एतद द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुरेन्द्र शर्मा पिता माधो शर्मा निवासी ग्राम आरंग, तहसील आरंग, जिला रायपुर छ.ग. द्वारा ग्राम आरंग प.ह.नं. 29 रा.नि.मं. आरंग स्थित खसरा नं. 229/1, 281/1 का रकबा 0.081, 0.1920 हे. कुल खसरा 02 कुल रकबा 0.273 हे. भूमि आवेदक सहित अन्य के नाम पर मैनुअल रिकार्ड मे दर्ज है। आवेदक की उक्त वर्णित भूमि भुईया साफ्टवेयर ऑनलाईन अभिलेख मे दर्ज नही होने से आवेदक द्वारा उक्त त्रुटि को सुधार किये जाने हेतु छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 115 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया गया। अनुविभागीय अधिकारी (रा.) आरंग के माध्यम से जॉच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति हो तो स्वयं उपस्थित होकर या अपने अभिभाषक के माध्यम से न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 28.06.2024 तक प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 13.06.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

(मुहर) **तहसीलदार**
**आरंग**



## खबर संक्षेप

### स्वामी आत्मानंद विद्यालय में मनाया शाला प्रवेशोत्सव



**रायपुर।** प्रदेश में 26 जून को स्कूल खुलते ही स्कूलों में रौनक लौट आई और सभी विद्यालयों में धूमधाम से शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। इसी कड़ी में गुरुनानक चौक स्थित स्वामी आत्मानंद निवेदिता अंग्रेजी विद्यालय में प्राचार्य आरडी वर्मा, समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाए विकास समिति के सभी सदस्य की उपस्थिति में उत्साहपूर्वक शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य द्वारा ज्ञान की देवी मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर किया गया। इस दौरान उपस्थित छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर विद्यालय में स्वागत किया गया तथा कॉपी-किताब वितरण किया गया।

### विष्णु को पीएचडी

**रायपुर।** साईंनाथ विश्वविद्यालय रांची झारखंड ने विष्णु पटेल को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उनके शोध का विषय माध्यमिक स्तर के शिक्षकों की अध्यापन में प्रगतिशीलता एवं जनतांत्रिक अभिवृत्ति का विश्लेषणात्मक था। उन्होंने अपना शोधकार्य डॉ. पूजा सिंह के मार्गदर्शन में पूरा किया।



## निधन

### सुखदेव सिंह राय



**रायपुर।** ग्राम जोरा कृषक नगर निवासी पूर्व सरपंच सुखदेव सिंह राय (58) का 27 जून को निधन हो गया। उसका अंतिम संस्कार 28 जून को सुबह 11 बजे जोरा के मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे रामप्यारी राय के पति व सेवाराम राय के भाई थे।

# ढाई साल में डीआरयूसीसी की मात्र 2 बैठक, न सुझावों पर अमल, न कामों की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कमाई बढ़ाने में जुटे रेलवे ने पहले तो ट्रेनें रद्द कर यात्रियों की दुर्गति की। अब रेल उपभोक्ताओं की मांगों और जरूरतों को जिम्मेदारों तक पहुंचाने वाली रेल सलाहकार समिति के सदस्यों की भी दुर्गति कर दी है। आलम यह है कि एक साल में 4 बार आयोजित होने वाली रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति की बैठक 2 बार ही हुई है। बैठक में देर होने से रेलवे ने कार्यकाल 30 जून तक बढ़ाया था और 27 जून को बैठक निर्धारित की थी, लेकिन रेलवे ने इस बैठक को भी अपरिहार्य परिस्थिति उत्पन्न होने से स्थगित कर दिया। रेलवे के इस फैसले से सलाहकार सदस्यों में आक्रोश है।

## सदस्यों ने कहा- रेलवे में सलाहकार समिति की बैठक सिर्फ औपचारिकता के लिए रह गई

### समय पर नहीं हो रही बैठक

डीआरयूसीसी के सदस्यों की सदस्यता 30 जून को खत्म जाएगी। ढाई साल में अभी तक दो बैठक हुई है, उसमें भी सदस्यों को सवालों के जवाब हर बार देर से मिले। सलाहकार समिति का कहना है, पहली बार सदस्यों को बैठक के लिए इतना इंतजार करना पड़ रहा है। कोरोना के बाद से व्यवस्था खराब हो चुकी है। पहले एक से दो महीने के भीतर जवाब मिल जाता था। निरस्त के बाद आगामी बैठक की कोई जानकारी नहीं है।



फाइल फोटो

### 15 सदस्यों में 7 ने दिया एजेंडा

मंडल रेल सलाहकार समिति के सदस्य मंगेलाल मालू का कहना है कि 1 जनवरी 22 से 31 दिसंबर 2023 तक केवल 2 बार ही बैठक हुई। इसके बाद समिति की सदस्यता को 30 जून तक बढ़ाया गया। रेलवे ने 27 जून को बैठक आयोजित की थी, जिसकी सूचना 20 को मिली थी और बैठक से एक दिन पहले रद्द कर दिया। रेलवे ने पत्र में कहा है कि 15 सदस्यों में केवल 7 सदस्यों को ही एजेंडा प्राप्त होना व अपरिहार्य परिस्थिति के कारण अगली तिथि तक बैठक को निरस्त करना पड़ रहा है। अन्य सदस्यों की भी शिकायत है कि सलाहकार समिति की बैठक को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा। औपचारिकता के लिए एक दिन बैठक के बाद अधिकारी यात्रियों की समस्या, मांग और सुझावों को ठंडे बस्ते में डाल देते हैं।

उनका आरोप है कि रेल सलाहकारों की सलाह पर अमल तो दूर, रेलवे के अफसर उनके पत्रों का जवाब देना तक जरूरी नहीं समझते। रेल सलाहकार समिति के सदस्यों की शिकायत है कि बैठक के नाम पर भी महज औपचारिकता की पूर्ति ही की जाती है। न सुझावों पर अमल किया जाता, न उन्हें कामकाज और यात्री सुविधाओं की जानकारी ही दी जाती। पिछले साल सदस्यों को अपने सवालों के जवाब मांगने के लिए भी रेलवे को पत्र लिखना पड़ रहा है। यात्रियों की समस्याओं को दूर करने बनाई गई सलाहकार समिति की भूमिका ही खत्म हो चुकी है, क्योंकि रेलवे न समय पर बैठक ले रहा है, न सदस्यों के किसी सुझाव पर अमल कर रहा है।

## चार लोगों के परिवार के राशन का खर्च अब 4000 से बढ़कर 6000 पहुंचा

# बढ़ती कीमतों ने बिगाड़ा रसोई का जायका घर के बजट में 50 फीसदी तक का इजाफा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

महंगाई थमने का नाम नहीं ले रही है। किचन के सामान की लगातार बढ़ती कीमत के कारण आम आदमी के घर के बजट में 50 फीसदी तक का इजाफा हो गया है। हर माह किसी न किसी सामान की कीमत में इजाफा हो रहा है। चावल की स्थिति तो यह है कि बीते छह माह के अंदर इसमें करीब दो सौ रुपए का इजाफा हो चुका है। हर माह दस किलो चावल पर 10 से 15 रुपए बढ़ जाते हैं। इसी के साथ दूसरे सामान की कीमत भी लगातार बढ़ रही है।

पहले चार लोगों के परिवार में चार हजार का राशन आता था, लेकिन अब छह हजार लग जाते हैं। महंगाई किसी भी हाल में थमने का नाम नहीं ले रही है। पूरे बाजार में एक तरह से सिंडीकेट का कब्जा हो गया है। एक-एक कर सामान की कीमत बढ़ाने का खेल चल रहा है। हालांकि कई सामान की कीमत बढ़ने का सही कारण भी होता है, लेकिन ज्यादातर सामान की कीमत बढ़ने के पीछे मुनाफाखोरी का ही खेल चल रहा है। सबसे ज्यादा मुनाफाखोरी का खेल चिल्हर में चल रहा है। एक ही सामान की कीमत एक ही शहर में अलग-अलग रहती है। किचन का हर सामान महंगा होता जा रहा है। एक सामान की कीमत को एक सीमा पर ले जाकर छोड़ने के बाद दूसरे सामान को पकड़ लिया जाता है। कारोबारियों को किसी सामान में एक छोटा सा कारण नजर आने की देर नहीं कि उस सामान की कीमत को आसमान पर पहुंचाने में सब जुट जाते हैं।

### छह माह पहले और अब की कीमत

- पतला चावल 50 से बढ़कर 70 रुपए
- अरहर दाल 140 से बढ़कर 190 रुपए
- हल्दी पीसी 180 से बढ़कर 260 रुपए
- धनिया पीसा 160 से बढ़कर 200 रुपए
- लहसुन 180 से बढ़कर 300 रुपए
- आलू 20 से बढ़कर 40 रुपए
- प्याज 20 से बढ़कर 40 रुपए
- सर्फ 65 से बढ़कर 80 रुपए
- टमाटर 20 से बढ़कर 80 रुपए
- दूध 54 से बढ़कर 56 रुपए
- दही 140 से बढ़कर 160 रुपए
- पनीर 400 से बढ़कर 440 रुपए



### मसालों की कीमत भी बढ़ी

किचन के सामानों में मसालों की कीमत भी लगातार बढ़ रही है। मसालों की कीमत में 25 फीसदी तक का इजाफा हुआ है। हालांकि अब जीरा 800 रुपए से कम होकर 440 रुपए पर आ गया है, लेकिन यह कीमत अब भी डबल से ज्यादा है, क्योंकि जीरा कभी 200 रुपए किलो से ज्यादा नहीं जाता था। लहसुन की कीमत चिल्हर में 300 रुपए हो गई है। सब्जियों की कीमत भी आसमान पर है।

### लगातार बढ़ रही चावल की कीमत

चावल की कीमत में लगातार इजाफा हो रहा है। अब तो खुले बाजार में मोटा चावल थोक में 40 रुपए और चिल्हर में 45 रुपए किलो हो गया है। जहां तक पतले चावल का सवाल है को अब कोई भी पतला चावल 70 रुपए किलो से कम का नहीं है। काली मूंछ केसर मलाई चावल थोक में 62 से 65 रुपए हैं। जहां तक चिल्हर का सवाल है तो चिल्हर में यह 68 से 70 रुपए तक बिक रहा है। इसी तरह से एचएमटी चावल थोक में 50 से 58 और चिल्हर में 55 से 65 रुपए, जय श्री राम चावल थोक में 60 से 65 और चिल्हर में 68 से 70 रुपए हैं। जवां फूल चावल थोक में 74 से 80 और चिल्हर में 85 से 90 रुपए है। बासमती चावल की कीमत थोक में 90 से 140 और चिल्हर में 100 से 160 रुपए है।

### अरहर दाल फिर दो सौ के करीब

अरहर दाल की कीमत फिर आसमान पर चली गई है। अरहर दाल थोक में अच्छी क्वालिटी की 165 से 170 रुपए और कुछ कम क्वालिटी की 155 रुपए है। जहां तक चिल्हर का सवाल है तो चिल्हर में अच्छी क्वालिटी वाली दाल कहीं 180 तो कहीं 190 में मिल रही है। वहीं थोड़ी कम क्वालिटी वाली दाल चिल्हर में 170 रुपए तक बिक रही है। साल के प्रारंभ में अच्छी क्वालिटी की दाल 140 रुपए में मिल रही थी। अन्य दालों की बात करें तो मूंग दाल चिल्हर में 130 और उड़द दाल धुली 160 रुपए किलो है। चना दाल थोक में 75 और चिल्हर में 90 रुपए किलो है। मसूर थोक में 65 से 70 और चिल्हर में 75 से 80 रुपए है। मसूर दाल थोक में 75 और चिल्हर में 85 से 90 रुपए किलो है। देशी चना थोक में 70 से 75 और चिल्हर में 90 रुपए किलो बिक रहा है।

### आलू-प्याज भी खाने लगे भाव

आमतौर पर आलू की कीमत चिल्हर में 15 से 25 रुपए के बीच रहती है। लेकिन पिछले कुछ समय से आलू भी भाव खाने लगा है। इसकी कीमत थोक में 25 से 28 और चिल्हर में 35 से 40 रुपए हो गई है। इसकी कीमत का चिल्हर में कोई माई-बाप नहीं है। जिसकी जितनी मर्जी उतने में बेच रहा है। प्याज की कीमत भी चिल्हर में 40 रुपए हो गई है।

### कान्यकुब्ज समाज की महिला रचनाकारों को किया सम्मानित



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्वाभिमान संस्थान द्वारा सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में गत दिनों 'चंद्रयान तीन विश्व कीर्तिमान ग्रंथ' का विमोचन और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। 'चंद्रयान तीन विश्व कीर्तिमान ग्रंथ' भारतीय चंद्र मिशन पर पहली काव्य पुस्तक है, जिसे गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में स्थान प्राप्त हुआ है। इसमें 150 पृष्ठ के ग्रंथ को संपादक डॉ. आशा आजाद 'कृति' मानिकपुर कोरबा एवं उर्मिला देवी 'उर्मि' रायपुर के सहयोग से तैयार किया गया है। इसे मूर्त रूप देने में विश्व स्तर के 123 साहित्यकारों ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कान्यकुब्ज परिषद के संयोजक पं. अजय अवस्थी एवं सीए सौरव शुक्ल ने बताया कि इनमें कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज की रचनाकार शुभा शुक्ला, निशा, श्रद्धा पाठक, चंद्रप्रभा दुबे, शिवा बाजपेई, ममता त्रिवेदी एवं डॉ. सीमा अवस्थी "मिनी" आदि महिला रचनाकारों की रचनाएं भी शामिल हैं।

## पेज 11 का शेष

### व्यापम ने चौथी बार...

बीएससी नर्सिंग के लिए प्रवेश परीक्षा तो 14 जुलाई को ही आयोजित की जाएगी, लेकिन एमएससी नर्सिंग तथा पोस्ट बेसिक नर्सिंग प्रवेश परीक्षा का आयोजन 28 जुलाई को होगा। व्यापम का कहना है कि इन परीक्षाओं में कॉमन उम्मीदवार होने के कारण तिथियों में बदलाव किया गया है।

## अल्पसंख्यक स्कूलों की जुटाई जाएगी जानकारी पता करेंगे-यहां कितने बच्चे आरटीई वाले?

- लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जारी किया गया आदेश
- बीते दिनों जिला शिक्षा कार्यालय में पालकों ने किया था हंगामा, पालकों से मांगी गई थी फीस




हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा प्रदेशभर से अल्पसंख्यक स्कूलों की जानकारी जुटाई जा रही है। इसके लिए प्रदेशभर के जिला शिक्षा अधिकारियों को खत लिखा गया है। अल्पसंख्यक स्कूलों की जानकारी मांगे जाने के साथ ही वर्तमान में उनके यहां अध्ययनरत छात्रों की भी जानाकरी मांगी गई है। इसके लिए एक फॉर्मेट प्रेषित किया गया है। इस फॉर्मेट में ही सभी जानकारी मांगी गई है। गौरतलब है कि बीते दिनों रायपुर जिला शिक्षा कार्यालय में बड़ी संख्या में पालकों द्वारा हंगामा किया था। पालकों ने अल्पसंख्यक मान्यता प्राप्त स्कूलों पर कार्रवाई की मांग करते हुए कहा था कि स्कूल प्रबंधन द्वारा पूर्व में आरटीई से प्रवेश प्राप्त बच्चों से फीस मांगी जा रही है। पालकों का कहना था कि उन्होंने आरटीई के अंतर्गत अपने बच्चों का प्रवेश करवाया था, लेकिन अब सत्र प्रारंभ होने के कुछ दिनों पूर्व फीस मांगी जा रही है। इससे बच्चों का भविष्य अंधकारमय हो गया है। आरटीई के अंतर्गत प्रथम चरण के लॉटरी निकाली जा चुकी है। अन्य चरण की प्रवेश प्रक्रिया अभी जारी है।

### यह है मामला

नियमानुसार, ऐसे विद्यालय जिन्हें अल्पसंख्यक घोषित किया गया है, उन्हें शिक्षा के अधिकार कानून से छूट मिली होती है। अर्थात ऐसे स्कूल अपने संस्थान में 25प्रतिशत सीटों में गरीब बच्चों को प्रवेश देने के लिए बाध्य नहीं होते हैं। कुछ विद्यालय स्थापना के समय से ही अल्पसंख्यक होते हैं, जबकि कुछ को बाद में अल्पसंख्यक विद्यालय की मान्यता मिली हुई होती है। जिन विद्यालयों को बाद में अल्पसंख्यक विद्यालय की मान्यता मिली, वहां पूर्व के सत्रों में आरटीई के अंतर्गत गरीब बच्चों का दाखिला हुआ है। स्कूल द्वारा अब इन छात्रों को संस्थान से या तो निकाला जा रहा है अथवा उनसे फीस की मांग की जा रही है।

### संगठन ने लिखा था खत

बार-बार उत्पन्न हो रहे विवाद को देखते हुए निजी स्कूल एसोसिएशन द्वारा इसे लेकर खत भी लिखा गया था। संगठन के अध्यक्ष राजीव गुप्ता का कहना है कि अल्पसंख्यक विद्यालयों में पूर्व में आरटीई के अंतर्गत प्रवेश प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की शुल्क राशि शासन की ओर से प्रदान नहीं की जा रही है। ऐसे में उनके समक्ष संकट उत्पन्न हो गया है। इसे देखते हुए नीतिगत निर्णय लेने की मांग की गई थी।

# तीन बड़े बकायादारों को नोटिस, एक ने कार्रवाई से बचने मौके पर दिया चेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- नगर निगम का बकाया संपत्ति कर वसूली अभियान जारी

सम्पत्ति कर के बड़े बकाएदारों से वसूली के लिए नगर निगम अभियान चला रहा है। इसके तहत गुरुवार को जोन 8 क्षेत्र के दो वार्ड में निगम राजस्व विभाग की टीम पहुंची। इस दौरान एक बड़े बकायेदार की दुकान को सील करने की कार्रवाई शुरू की, तो इससे बचने के लिए दुकानदार ने मौके पर ही चेक से बकाया राशि का भुगतान कर दिया, जबकि अन्य 3 दुकान संचालकों को नोटिस जारी किया गया है। इस नोटिस में तीन दिन के भीतर बकाया राशि का भुगतान करने के लिए कहा गया है, नहीं तो उनकी दुकानें सील कर दी जाएंगी।

जोन कमिश्नर अरुण ध्रुव के निर्देश पर जोन सहायक राजस्व अधिकारी प्रमोद जाधव, राजस्व निरीक्षक सुनील रघुवंशी, सहायक राजस्व निरीक्षक नंदकुमार वैष्णव, रत्नदीप करवाड़े की टीम बड़े बकायदारों से वसूली करने वीर सवारकर नगर और पंडित जवाहरलाल नेहरू वार्ड पहुंची थी। इस दौरान हीरापुर क्षेत्र में व्यावसायिक परिसर स्थित दुकान के संचालक अशोक सिंह ने दो वर्ष से संपत्ति कर का भुगतान नहीं किया था। उस पर 1 लाख 70 हजार रुपए बकाया था। टीम इस दुकान को सील करने की कार्रवाई शुरू करती, उससे पहले ही दुकानदार ने कार्रवाई से बचने के लिए मौके पर ही चेक के माध्यम से राशि का भुगतान कर दिया। इसी प्रकार पंडित जवाहर लाल नेहरू वार्ड के सोनडोंगरी क्षेत्र में बड़े बकायेदारों में भारत कुमार, माला बाई, अनिता अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, संतोष देवी, सुभाष चंद्र सहित अन्य दुकानदारों पर पिछले कई वर्षों का बकाया है। इनमें तीन दुकानदारों को 3 दिन के भीतर बकाया राशि का भुगतान नहीं करने पर दुकानें सील करने की चेतावनी दी गई है।



**प्रारूप-37**
**(नियम 61 (3) देखिए)**
**मोटरयान के रजिस्ट्रीकृत स्वामी को रद्दकरण के लिए रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र अभ्यर्पण करने और वित्तपोषक के नाम में नया रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र जारी करने की सूचना**
**(दो प्रतियों में, दूसरी प्रति नोटिस जारी करने पर वित्तपोषक को भेजी जावेगी ।)**
**रजिस्ट्रीकर्ता प्राधिकारी, रायपुर सं. 346**
**तारीख- 11/06/2024**

श्री/श्रीमती/कुमारी SHRI MUKESH KUMAR SHERWANI, Son/ Wife/ Daughter of SHRI KOGHA RAM SHERWANI, ADD-B-BLCOK 201, DOLPHIN IMPRESS, MOVA, RAIPUR. C.G. 492001, MOB-7000212213 (वित्तपोषक) ने यह सूचित किया है कि उसने/उन्होंने उक्त करार उपबन्ध अधीन आपके व्यतिक्रम के कारण अवक्रय/आडमान/पट्टा करार अंतर्गत आने वाले मोटर यान जिसका रजिस्ट्रीकरण संख्या CG04NL9630 है, कब्जा ग्रहण कर लिया है और यह कि -
1. आपने उसे/उन्हें रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र देने से इंकार कर दिया है।
2. आप फरार हो गये हैं । -

उसने/उन्होंने रजिस्ट्रीकृत प्रमाण पत्र रद्द करने और अपने नाम में नया रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र जारी करने का अनुरोध किया है। अतः आपको उक्त मोटर यान का रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र अभ्यर्पित करने को निर्देश दिया जाता है, जिसे आपने कब्जा खो देने पर धारा 2 (30) के अधीन स्वामित्व भी खो दिया है और इस बारे में आपका अभ्यावेदन, यदि कोई हो, तो इस नोटिस की आपके द्वारा प्राप्ति के सात दिन के भीतर इस कार्यालय को करने का निर्देश दिया जाता है। आपके असफल रहने पर धारा 51 (5) के अनुसार आपके द्वारा धारित रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र रद्द करते हुये वित्तपोषक के नाम में नया रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र जारी कर दिया जाएगा।

**रजिस्ट्रीकर्ता प्राधिकारी**
**रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल-18, तहसील व जिला- रायपुर**
**:: आम सूचना ::**
जारी दिनांक 14/06/2024

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम बनरसी प.ह.नं. 79, रा.नि.मं. रायपुर-18, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में आवेदिका अमरौतिन बाई चेलक पिता स्व. मेहत्तर चेलक सा. ग्राम बनरसी रायपुर द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 453/1 रकबा 0.0410 हे. का सीमांकन/बटांकन हेतु आवेदन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र. 202405113700042/अ-12 वर्ष 2023-24 आदेश दिनांक 25/05/2024 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन दिनांक **28/06/2024** को समय **1.00** बजे किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामीयों तथा आसपास के भूमिस्वामीयों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय के पूर्व पटवारी कार्यालय में एवं उक्त तिथि व समय को आवेदित स्थल पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा/आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन उपरांत कोई भी दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**सो सूचना जाने।** **राजस्व निरीक्षक रायपुर-18**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-19 (धनेली) तहसील धरसींवा जिला रायपुर (छ.ग.)**
**आम सूचना**
**दिनांक 24/06/2024**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रूपक अग्रवाल पिता गुगनराम अग्रवाल निवासी चौबे कालोनी की ग्राम गुमा प.ह.नं. 32 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-19 (धनेली) तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 423/21, 423/33, 423/37, 423/54 रकबा 0.3690, 0.1180, 0.1400, 0.0580 हे. का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार धरसींवा के ज्ञापन क्रमांक ब आदेश दिनांक 10/05/2024 के परिपालन में दिनांक 02/07/2024 को समय 12:00 बजे पश्चात किया जाना नियत है। अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो, वे उक्त तिथि को पटवारी हल्का नंबर 32 गुमा के स्थित कार्यालय में अथवा सीमांकन स्थल में दस्तावेज सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

अतः सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक**
**रायपुर-19 (धनेली)**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार बिनेश ढीढी पिता श्री रघुदास ढीढी निवासी सेरीखेड़ी रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. ने विक्रेता मोहित मनहरे पिता स्व. पतिराम मनहरे निवासी- रावणभाठा, सेरीखेड़ी रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के हक, कब्जे एवं स्वामित्व की भूमि खसरा नंबर 1033 रकबा 2.4500 हे. भूमि जो ग्राम कोरासी, प.ह.नं.-05, रा.नि.मं. भैंसा तहसील आरंग जिला रायपुर स्थित है को क्रय करने का सौदा पक्का कर लिए है तदसंबंध विक्रेता के द्वारा मेरे पक्षकार के पक्ष में एक विक्रय इकरारनामा दिनांक 27.09.2023 को निष्पादित कर बयाना राशि प्राप्त कर लिया है। इसके बावजूद विक्रेता मोहित मनहरे के द्वारा उपरोक्त सौदाशुदा भूमि को किसी अन्य व्यक्ति को विक्रय अंतरण करने का प्रयास किया जा रहा है। चूंकि उपरोक्त संपत्ति मेरे पक्षकार की सौदाशुदा संपत्ति है, मात्र विक्रय पत्र का पंजीयन कराया जाना है, जिसके लिए मेरे पक्षकार के द्वारा विक्रेता को निवेदन किये जाने पर उसके द्वारा आज-कल, आज-कल करते हुए समय की मांग किया जा रहा है। चूंकि उपरोक्त संपत्ति मेरे पक्षकार की सौदाशुदा संपत्ति है, ऐसी स्थिति में कोई भी व्यक्ति, संस्था, अन्यथा अन्य कोई, उपरोक्त विक्रयशुदा संपत्ति को क्रय-विक्रय करने का प्रयास ना करें, ऐसा क्रय विक्रय अवैध होगा और खरीददार सदभाविक क्रेता नही होगा और उसे अनावश्यक वाद, विवाद का सामना करना पड़ेगा।

सो सूचना जाने।
रायपुर
दिनांक 27.06.2024

**भवदीय**
**कु. अरूणा मिश्रा, अनुज मिश्रा**
**अधिवक्तागण, रायपुर**
**कार्यालयः वार्ड नंबर 6, रेलवे कालोनी ग्राम पो.व थाना मंदिर हसौद रायपुर (छ.ग.)**
**मो. 9753871812, 9754678411**

**आम सूचना**

**वाके मौजा - छपोरा, प.ह.नं. 00013, रा. नि.मं - रायपुर - 16 - सारागांव, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 460 रकबा 0.6400 हेक्टेयर भूमि के संबंध में ।**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा विक्रेतागण 01. श्रीमती दयावती पठारी पति स्व. चोवाराम पठारी, 02. ओमप्रकाश पठारी, 03. मनोज कुमार पठारी, 04. श्रवण कुमार पठारी, 05. सरोज बाई पठारी, 06. लेखराम पठारी, सभी पिता स्व. चोवाराम पठारी, सभी निवासी ग्राम छपोरा, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि वाके मौजा छपोरा, प.ह.नं. 00013, रा.नि.मं- रायपुर - 16 - सारागांव, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 460 रकबा 0.6400 हेक्टेयर भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर बयाना राशि अदा कर दिया है एवं शेष राशि का भुगतान बैनामें के निष्पादन के समय किये जाने की बात हुई है। अतः इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासकीय, अर्द्धशासकीय, अशासकीय बैंक, बीमा, वित्तीय संस्था, निगम, निकाय, बोर्ड, प्राधिकरण निजी संस्था आदि को किसी भी प्रकार की उजर आपत्ति है । तो यह इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के भीतर अपनी, उजर, आपत्ति का दावा मेरे कार्यालय में सुसंगतमय दस्तावेज के साथ प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद म्याद की गई किसी भी प्रकार की उजर, आपत्ति या दावा के लिए मेरे पक्षकार पर कोई बंधनकारी नहीं होगा और यह अपने पक्ष में रजिस्ट्री बैनामा करवा लेगा ।

सो सूचना जानें।
रायपुर, छत्तीसगढ़
दिनांकः 27.06.2024

**संजय वर्मा (अधिवक्ता)**
**पता-अमृतसंदेश काम्प्लेक्स, शॉ नं. 12 तहसील ऑफिस के सामने, रायपुर (छ.ग.)**
**मो. 98261 13955**

**न्यायालय तहसीलदार पाटन**
**मामले की श्रेणी : राजस्व**
**संदर्भ-** जिला दुर्ग, तहसील पाटन प.ह.नं. 00003 अमलेश्वर ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- RD202324430030301400029

**ईश्तहार**

तहसील पाटन के प.ह.नं. 00003 के अंतर्गत ग्राम अमलेश्वर के वर्तमान भूमिस्वामी मीना सिन्हा पिता/पति देवेन्द्र कुमार सिन्हा पता अभनपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 630/241 (0.0100) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता भानुमति वर्मा पिता/पति-पति श्री मनहरण लाल वर्मा पता निवासी-1371, होम्योपैथिक कालेज के पास रामकुंड रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचारधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 04/07/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार पाटन पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 11/06/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर **तहसीलदार**
**पाटन, जिला-दुर्ग (छ.ग.)**



## खबर संक्षेप



### शिवसेना ने हैदराबाद सांसद का फूंका पुतला

**रायपुर।** शिवसेना (शिंदे गुट) के पदाधिकारियों द्वारा हैदराबाद सांसद अजहरुद्दीन ओवैसी द्वारा दिए गए बयान के खिलाफ नारेबाजी करते हुए लाखेनगर चौक पर गुरुवार को पुतला दहन किया गया। इस मौके पर युवा सेना जिला अध्यक्ष संजय सोनकर ने बताया कि लोकसभा में शपथ ग्रहण के दौरान ओवैसी द्वारा फिलिस्तान जिंदाबाद का नारा लगाया गया, जो आतंकवाद को बढ़ावा है और देशद्रोह वाली बात है, इसका शिवसेना पुरजोर विरोध करती है और ओवैसी के ऊपर देशद्रोह संबंधी कार्रवाई किए जाने की मांग सरकार से की है। इसी दौरान थाना प्रभारी को कार्रवाई के लिए राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। पुतला दहन करने वालों में संजू साहू, किशन साहू, नरेंद्र प्रजापति, अमर नायक, राहुल सिंह, अमर नायक, राहुल सिंह, राकेश यादव, मोनू निषाद, आकिब खान, भोला साहू, रोहित विश्वकर्मा सहित अधिक संख्या में शिव सैनिक शामिल हुए।

### क्रांतिवीरों के परिजनों का किया सम्मान



**रायपुर।** सर्व समाज समन्वय महासभा छत्तीसगढ़ द्वारा अखंड भारत एवं राष्ट्र निर्माण संकल्प विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर त्रिलोकी मां कालीबाड़ी समिति डॉ. राजेंद्र नगर ने क्रांतिवीरों के परिजनों का सम्मान किया। यह सम्मान क्रांतिवीरों के परिवार के भगवान बिरसा मुंडा के वंशज जंगल सिंह मुंडा, वीरांगना रानी दुर्गवती के वंशज कुंवर प्रताप सिंग मरावी, शहीद वीरनारायण सिंह के वंशज राजेंद्र दीवान, नेताजी सुभाषचंद्र बोस के वंशज सोमनाथ बोस को दिया गया। कार्यक्रम में सचिव विवेक बर्धन सहित आदि उपस्थित थे।

# महादेव सट्टा एप मामले की एक बार फिर नए सिरे से जांच करेगी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- जांच करने पुलिस एमएचए को एक्स्ट्रा ऑडिशन रिपोर्ट भेजेगी


महादेव सट्टा एप मामले की ईडी के साथ ईओडब्लू जांच कर रही है। महादेव सट्टा एप के सरगना रवि उप्पल तथा सौरभ चंद्राकर पर शिकंजा कसने रायपुर पुलिस भी जुट गई है। इस वजह से राजधानी पुलिस महादेव सट्टा एप मामले की नए सिरे से जांच शुरू करने जा रही है।

महादेव सट्टा एप के मास्टर माइंड के खिलाफ सबूत जुटाने स्थानीय पुलिस पीएचक्यू तथा राज्य सरकार की मदद से एमएचए को एक्स्ट्रा ऑडिशन रिपोर्ट (केस की अतिरिक्त जानकारी) भेजेगी। एक्स्ट्रा ऑडिशन रिपोर्ट भेजने की वजह जांच में जो बिंदु छूट गए हैं, उन बिंदुओं की नए सिरे से जांच कर सबूत जुटाकर कार्रवाई करना है।

सट्टा एप मामले में सबूत जुटाने गृह मंत्रालय को ब्योरा भेज कर नए तथ्य पेश किए गए हैं। एसएसपी संतोष सिंह ने गृह मंत्रालय में एक्स्ट्रा ऑडिशन बनाकर भेजे जाने की बात कही है। इसकी वजह सट्टा एप से जुड़े आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई में तेजी लाने की बात कही है। इसके अलावा पुलिस अफसर ने बेनामी खातों से अकाउंट में पैसे लेने वाले बुकी-खिलाड़ियों के खाते भी सीज किए जाने की जानकारी दी है।

### पिछले वर्ष लुक आउट सर्कुलर नोटिस जारी

गौरतलब है कि महादेव सट्टा एप के मास्टर माइंड रवि उप्पल, सौरभ चंद्राकर तथा उनके अन्य साथियों के खिलाफ केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पिछले वर्ष जून में लुक आउट सर्कुलर नोटिस जारी किया है। इसके लिए रायपुर पुलिस ने केंद्रीय गृह मंत्रालय को पत्र लिखा था। साथ ही रायपुर पुलिस के पत्र के आधार पर गूगल ने अपने प्ले स्टोर से महादेव सट्टा एप को हटा दिया था। इसके बाद महादेव सट्टा के मास्टर माइंड महादेव बुक सहित अन्य नाम से ऑनलाइन सट्टा संचालित कर रहे हैं।




### कोरोना काल में शुरू हुआ सट्टे का कारोबार

महादेव सट्टा एप के अवैध कारोबार की शुरुआत वर्ष 2021 से हुई है। राजधानी पुलिस ने दो वर्ष पूर्व तेलीबांधा थाना क्षेत्र में ऑनलाइन सट्टा संचालन होने की सूचना मिलने पर छापे की कार्रवाई की थी, तब पुलिस को पता चला कि दिनेश तथा कार्तिक नाम के दो बुकी आंध्रप्रदेश से ऑनलाइन दांव लगवा रहे हैं। इसके बाद रायपुर पुलिस ने आंध्रप्रदेश में दबिश देकर 10 सटोरियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की। पूछताछ में गिरफ्तार आरोपियों ने पहली बार सौरभ तथा रवि उप्पल के साथ कपिल चेलानी द्वारा सट्टा संचालित करने की पुलिस को जानकारी दी, तब पुलिस को तीनों के परिवार सहित दुबई शिफ्ट होने की जानकारी मिली।

### संचालकों ने अलग से लिखवा लिए दुकानों के नाम

# थीम बेस्ड मार्केट में एक जैसे बोर्ड से पहचान देने का प्लान फेल

- नए मार्केट की पहचान और दुकानों के नाम थीम बेस्ड करने के बाद जिम्मेदार भूल गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

शहर के बाजारों को एक जैसे बोर्ड से पहचान देने के लिए तैयार किया गया प्लान अब फाइलों में सिमट कर रह गया है। इससे मुख्य मार्गों के पास वाले कॉम्प्लेक्सों में संचालित दुकानों के नाम एक जैसे बोर्ड के जरिए थीम बेस्ड नहीं हो पाए हैं। जहां लाखों रुपए खर्च करके नई पहचान देने की मुहिम के तहत काम करवाया गया, वहां जिम्मेदारी की अनदेखी से प्रयोग के बाद भी सिस्टम बिगड़ा हुआ है। मनमाने तरीके से बनवाए गए दुकानों के नाम वाले बोर्ड भी संचालकों ने सजा लिए हैं।

रायपुर निगम सीमा के बाजारों में मनमाने तरीके से दुकान संचालकों द्वारा लगाए गए दुकानों के नाम वाले बोर्ड से अभी तक मुक्ति नहीं मिली। पड़ताल में पता चला कि करीब 6 साल पहले शहर के प्रमुख बाजारों को थीम बेस्ड करने और एक जैसे पैटर्न में दुकानों का नाम लिखवाने के लिए प्लान तैयार किया। इस प्रोजेक्ट की सच्चाई जांचने के लिए हरिभूमि ने जिन-जिन बाजारों में प्रोजेक्ट शुरू किया गया, वहां की वस्तुस्थिति जांची। तब पता चला कि व्यापारियों से सहमति नहीं मिलने और आपत्ति के कारण यह मुहिम पायलेट प्रोजेक्ट का हिस्सा बनकर रह गई। अभी आलम यह कि कालीबाड़ी तिराहा के पास जिस कॉम्प्लेक्स को सबसे पहले थीम बेस्ड करके वहां कि करीब 50 से ज्यादा दुकानों के नाम वाले बोर्ड को एक ही पैटर्न में लिखवाया गया, वहीं देवेन्द्र नगर चौक के पास बनवाए गए नए मार्केट की पहचान और दुकानों के नाम थीम बेस्ड करने के बाद जिम्मेदार भूल गए, इससे अव्यवस्था है।

### रायपुर में स्मार्ट सिटी की मुहिम फाइलों में सिमटी इसलिए जहां प्रयोग किया वहां बिगड़ा सिस्टम



### इसलिए लाया गया था कंसेप्ट

अधिकारियों ने बाजारों के लिए नया कांसेप्ट इसलिए तैयार किया था, ताकि अवैध बोर्ड व होर्डिंग से उन्हें बचाया जा सके। प्रयोग के पीछे बड़ा उद्देश्य यह था कि आंधी, तूफान की स्थिति में मार्केट की दुकानों में लगे बोर्ड भी अव्यवस्था की स्थिति निर्मित करते हैं। इसका स्थाई समाधान करते हुए बाजारों को सुन्दर लुक देते हुए स्मार्ट सिटी ने खुद फंड खर्च करके दुकानों के नाम का बोर्ड एक जैसे पोटर्न में लिखवाने की जिम्मेदारी निभाई, लेकिन अब यह फार्मूला भी फेल हो गया है। इसके चलते निगम के जिम्मेदार भी मनमाने तरीके से बोर्ड लगाने वालों के खिलाफ मुहिम नहीं चलाते। इससे देखते ही देखते अब हर किसी ने दुकान के नाम को लोग देख सकें, इसलिए मनमाने तरीके से बोर्ड लगाया है।

### मामले को संज्ञान में लिया जाएगा

अभी बाजारों में बदलाव के लिए प्लानिंग की जा रही है। पहले जो काम करवाए गए हैं, अगर उसमें लोग खुद बदलाव करवा रहे हैं, तो इस मामले को संज्ञान में लिया जाएगा।

- **अबिनाश मिश्रा,** आयुक्त, नगर निगम, रायपुर

### 5 लाख से ज्यादा खर्च किया

निगम सूत्रों ने बताया कि थीम बेस्ड मार्केट का कंसेप्ट स्मार्ट सिटी ने तैयार किया था। इसके तहत कालीबाड़ी तिराहा के पास स्थित कॉम्प्लेक्स की दुकानों को एक जैसे बोर्ड के माध्यम से पहचान देने के बाद इसी फॉर्मूले को देवेन्द्र नगर चौक के पास पुरानी दुकानों को तोड़कर नया बनाने के बाद वहां भी लागू किया। इन बाजारों को खास पहचान दिलाने के लिए सिर्फ दुकानों का नाम लिखवाने पर ही 5 लाख से ज्यादा खर्च किया। अभी बाजारों की स्थिति यह है कि दोनों ही स्थानों पर दुकान का संचालन करने वाले लोगों ने अपने नाम की पहचान को खास लुक देने के लिए नया बोर्ड दुकानों के सामने लगा लिया है। इससे जिस उद्देश्य से प्रयोग किया गया, वह अव्यवस्था का हिस्सा बन चुका है।

# आरडीए को जलशुल्क का भुगतान अब ऑनलाइन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर विकास प्राधिकरण के इन्द्रप्रस्थ रायपुरा फेस-2 फ्लैट्स के रहवासी अब जलशुल्क का भुगतान ऑनलाइन कर सकेंगे। आवास एवं पर्यावरण की सचिव आर. शंगीता की उपस्थिति में गुरुवार को प्राधिकरण कार्यालय में इस नई सुविधा का शुभारंभ किया गया।

ऑनलाइन सुविधा मिलने के बाद अब यहां रहने वाले परिवारों को जलशुल्क जमा करने कार्यालय आने की जरूरत नहीं पड़ेगी। वे अब अपने मोबाइल नंबर से ओटीपी प्राप्त कर लॉगिन कर जलकर का भुगतान कर सकेंगे। इसके अलावा क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड और यूपीआईसे भी भुगतान किया जा सकेगा।

*कौशल्या माता विहार के अधूरे निर्माण के लिए फिर से निकाला जाएगा टेंडर : आवास एवं पर्यावरण विभाग की सचिव आर. शंगीता की अध्यक्षता में रायपुर विकास प्राधिकरण संचालक मंडल की बैठक हुई। इसमें कौशल्या माता विहार (कमल विहार) योजना के*



*सेक्टर 1,2,8ए,8बी,10,11बी,14ए एवं 14बी में 253 दो बीएचके ईडब्लूएस फ्लैट्स तथा रो हाऊस निर्माण कार्य पूरा नहीं करने वाले ठेकेदार का कार्य निरस्त कर उसे ब्लैक लिस्ट करने का निर्देश दिया गया है। बैठक में ठेकेदार की रिस्क एंड कॉस्ट पर शेष निर्माण कार्य को पूर्ण करने के लिए न्यूनतम निविदा राशि 14.125 करोड़ रुपए की स्वीकृति देते हुए नई निर्माण एजेंसी को नियुक्त करने का अनुमोदन किया गया है।*

*छत्तीसगढ़ हॉट की जगह बनेगा पीएम एकता मॉल : बैठक में देवेंद्र नगर स्थित छत्तीसगढ़ हॉट के स्थान पर पीएम एकता मॉल का निर्माण करने की स्वीकृति दी गई है। इस मॉल में सभी राज्यों के हस्तशिल्प उत्पादों की दुकानों के अलावा छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के हस्तशिल्प उत्पादों की दुकानें होगी। 150.70 लाख रुपए की लागत से बनने वाले मॉल का सुपर बिल्डअप क्षेत्रफल 473392 वर्गफीट होगा।*

### बैठक में ये रहे उपस्थित

बैठक में वित्त विभाग के संयुक्त सचिव सीताराम तिवारी, आवास एवं पर्यावरण विभाग के संयुक्त सचिव सी तिर्की, नगर तथा ग्राम निवेश विभाग के अपर संचालक संदीप बागड़े, कलेक्टोरेट के प्रतिनिधि अपर कलेक्टर देवेंद्र पटेल, नगर पालिक निगम के प्रतिनिधि अधीक्षण अभियंता राजेश शर्मा, क्षेत्रीय कार्यालय नगर तथा ग्राम निवेश से सहायक संचालक ऐश्वर्य जायसवाल, लोक निर्माण विभाग से कार्यपालन अभियंता यू.डी.मेश्राम, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से अधीक्षण अभियंता एस. के. गौड़, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी रायपुर से कार्यपालन अभियंता आशीष अग्निहोत्री, वन विभाग रायपुर से मुख्य वन संरक्षक राकेश चौबे तथा रायपुर विकास प्राधिकरण की अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी उपस्थित थे।

### खादी ग्रामोद्योग में शार्ट सर्किट से लगी आग



**रायपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के कंकाली पारा स्थित खादी ग्रामोद्योग में गुरुवार दोपहर शार्ट सर्किट की वजह से आग लग गई। आग बिल्डिंग के ग्राउंड फ्लोर में लगी थी। आग लगने की जानकारी मिलने पर मौके पर फायर ब्रिगेड तथा पुलिस की टीम ने पहुंचकर आग पर काबू पाया। बिल्डिंग के ग्राउंड फ्लोर में जब आग लगी थी, तब फर्स्ट फ्लोर में कुछ लोग फंसे हुए थे। आग बुझने के बाद फर्स्ट फ्लोर में फंसे लोग नीचे उतरे। पुलिस के मुताबिक ग्राउंड फ्लोर के इलेक्ट्रिक बॉक्स में शार्ट सर्किट होने की वजह से आग लगी। लोगों ने फर्स्ट फ्लोर में धुंआ उठते देख फायर ब्रिगेड तथा पुलिस को आग लगने की सूचना दी। घटना की जानकारी मिलने के तुरंत बाद मौके पर फायर ब्रिगेड तथा पुलिस की टीम आग पर काबू पाने कोशिश में जुट गई। बिल्डिंग में जब आग लगी थी, तब फर्स्ट फ्लोर में कुछ लोग फंसे हुए थे। मौके पर एक फायर ब्रिगेड की गाड़ी की मदद से आग पर काबू पा लिया गया।

## बिजनेस साइट

- फर्नीचर और इंटीरियर प्रोडक्ट्स में बेस्ट ऑप्शन और लेटेस्ट रेंज

### फर्नीचर-इंटीरियर के एक्सक्लूसिव शोरूम 'ऐस वर्ल्ड' की हुई ग्रैंड री-ओपनिंग



**रायपुर।** फर्नीचर व इंटीरियर के एक्सक्लूसिव शोरूम ऐस वर्ल्ड की ग्रैंड री-ओपनिंग जीई रोड तेलीबांधा मे की गई। मुख्य अतिथि विधायक राजेश मूणत ने शोरूम का उद्घाटन फीता काटकर किया। इस अवसर पर ऐस वर्ल्ड की डायरेक्टर वत्सला पटवा, पटवा फैमिली और शहर के कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। शोरूम ऐस वर्ल्ड को खूबसूरती के साथ रेनोवेट किया गया है।

यहां फर्नीचर और इंटीरियर प्रोडक्ट्स में बेस्ट ऑप्शन और लेटेस्ट रेंज उपलब्ध है। स्टाइलिश सोफा सेट, डायनिंग टेबल, सेंट्रल टेबल, बेड, रिक्लाइनर के अलावा आउटडोर फर्नीचर में भी बेस्ट ऑप्शन हैं। साल 2024 की लेटेस्ट डिजाइन और फैब्रिक में अपडेट्स फर्नीचर कलेक्शन हैं। ऐस वर्ल्ड की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यहां नेशनल और इंटरनेशनल मार्केट रेंज अफोर्डेबल रेट्स पर उपलब्ध है। इनमें इटालियन व मलेशियन फर्नीचर में शानदार ऑप्शंस हैं। शोरूम की ओपनिंग पर विशेष इनॉग्रल ऑफर भी ग्राहकों को दिया जा रहा है।

# आरटीओ ऑफिस के पास 1.56 करोड़ का गार्डन ले रहा आकार, लोग मॉर्निंग वॉक व योगाभ्यास भी कर सकेंगे

- बिरगांव निगम क्षेत्र में लोगों को अगस्त के बाद मिलेगी मनोरंजन की बेहतर सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

रावांभाठा में आरटीओ ऑफिस के पास सर्व सुविधायुक्त गार्डन आकार ले रहा है। इसमें सेहत बनाने वालों को जहां मॉर्निंग वॉक की सुविधा मिलेगी, वहीं योगाभ्यास की चाहत रखने वालों को बेहतर माहौल मिलेगा। बिरगांव निगम के जिम्मेदारों ने प्रोजेक्ट को समय से पहले पूरा करने का लक्ष्य रखा है। इसे पूरा करने के लिए निर्माण एजेंसी द्वारा किए जा रहे काम की मॉनीटरिंग शुरू की है। इससे क्षेत्र के लोगों को तीज-त्योहारों के बीच यानी अगस्त में सुविधा मिलने वाली है। इसका फायदा ट्रांसपोर्टर्स ही नहीं, आरटीओ कार्यालय आने वाले लोगों को भी मिलेगा। बिरगांव निगम सीमा में लोगों को मनोरंजन की नई सुविधा देने की कवायद जिम्मेदारों ने तेज की है। इसके लिए निगम ने शासनसे प्रस्ताव को मंजूरी मिलते ही निर्माण एजेंसी से काम शुरू करवा दिया है। आरटीओ के पास 1.56 करोड़ में लोगों को मनोरंजन की नई सुविधा देने के लिए बन रहे गार्डन में निर्माण से जुड़े काम को पूरा करने के बाद अब एजेंसी ने जमीन को समतल करने का सिलसिला शुरू किया है। इसके पहले लोगों को मनोरंजन की सुविधा के लिए तरसना पड़ता था। अब रावांभाठा में गार्डन बनने से लोगों को घूमने-फिरने के लिए नया स्पाट मिलेगा। आसपास में खान-पान के लिए नया स्पाट भी विकसित होगा। अभी मौके पर बाउंड्री का निर्माण पूरा होने के साथ ही इस गार्डन की जमीन को बराबर करने के बाद काली मिट्टी डालने के लिए जिम्मेदारों ने एजेंसी को निर्देश दिया है।





### काली मिट्टी डालने के बाद..

आरडीए ने रावांभाठा में ट्रांसपोर्ट नगर बसाने के बाद इसकी जिम्मेदारी निगम को दी है। इसके बाद ट्रांसपोर्ट नगर में लोगों की मांग पर निगम ने गार्डन बनवाने की प्रक्रिया शुरू की है। गार्डन में इसी महीने काली मिट्टी डालने की तैयारी है। जैसे ही बारिश का दौर तेज होगा, वहां छायादार पौधे व सुन्दरता के लिए फूलों की क्यारियां भी सजाई जाएंगी। इसके साथ ही गार्डन में लोग घूम सकें, इसके लिए पेवर भी लगाया जाएगा। गार्डन का निर्माण वैसे तो नवबंर तक किया जाना है, लेकिन निगम ने इसे अगस्त में ही अंतिम रूप देने का मन बनाया है। वजह यह है कि गार्डन का काम पूरा नहीं होने से पौधा रोपण अटकेगा।

### जल्द काम पूरा करने मॉनीटरिंग

निगम क्षेत्र में पूर्व में जितने भी काम शुरू करवाए गए, उनमें लेट-लतीफी को देखते हुए इस प्रोजेक्ट को समय से पहले पूरा करने का लक्ष्य रखने के साथ ही मॉनीटरिंग भी करवा रहे हैं। प्रयास किया जा रहा है कि लोगों को अगस्त के बाद नई सुविधा मिले। गार्डन का संचालन निगम द्वारा ही किया जाएगा।

- **बृजेश सिंह क्षत्रिय,** आयुक्त, नगर निगम, बिरगांव

### हरियाली के लिए रोपेंगे पौधे

रावांभाठा में निगम ने जिस स्थान पर गार्डन का निर्माण शुरू किया है। वहां हरियाली के नाम पर पेड़-पौधों का अभाव है। इसे देखते हुए इस बरसात में ही वहां विभिन्न तरह के पौधे रोपने की तैयारी है। पुष्प वाटिका का भी निर्माण किया जाएगा। अभी वहां बाउंड्री का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। इसके अंदर हरियाली के लिए पौधा रोपण किया जाएगा। घूमने-फिरने सुबह गार्डन में पहुंचने वालों के लिए पाथवे भी बनाया जाएगा। इसमें योग करने के लिए योग स्थल के रूप में चबूतरा होगा। गार्डन की देखभाल व पौधों को पानी देने और सफाई के लिए निगम प्रशासन की किसी व्यक्ति को जिम्मेदारी देने की तैयारी है।

### हीरो मेगा सेल्स कार्निवल के अंतिम तीन दिन शेष



**रायपुर।** हीरो मोटोकॉर्प की ओर से आयोजित हीरो मेगा सेल्स कार्निवल की छत्तीसगढ़ में बड़ी धूम है। यह मेगा कार्निवल छत्तीसगढ़ के सभी हीरो टच पॉइंट्स में चल रहा है, जिसके अंतिम 3 दिन शेष बचे हैं। इस मेगा सेल्स में ग्राहकों का अच्छा रिस्पांस देखने को मिल रहा है। इस मेगा कार्निवल में आप एचएफ डीलक्स पर 4000 रुपए की नकद बचत और प्रीमियम मोटरसाइकल पर 8000 की बचत, सुपर स्प्लेंडर पर 2500 की बचत, प्लेजर सीरिज और स्कूटर्स पर 3000 की बचत का लाभ उठा सकते हैं। बता दें कि 1 जुलाई से कीमतों में संभावित बढ़ोतरी की वजह से इस कार्निवल के ऑफर्स ग्राहकों को काफी आकर्षित कर रहे हैं।

### होण्डा इंडिया के एमडी त्सुत्सुम ओटानी का जीके होण्डा में आगमन



**रायपुर।** जीके होण्डा एंड होण्डा बिंग विंग रायपुर की एक मात्र होण्डा की बिग बाइक्स की डीलरशीप में होण्डा के एमडी त्सुत्सुमु ओटानी, डायरेक्टर योगेश माथुर, ऑपरेटिंग हेड आशीष चौधरी का आगमन हुआ। उन्होंने जीके होण्डा एवं होण्डा बिंग विंग के बेहतरीन कामों के लिए तारीफ की तथा ग्राहक सेवा संतुष्टि सर्वेक्षण में नंबर-1 आने के उपलक्ष्य में केक काटकर जीके होण्डा की सराहना की। जीके होण्डा एवं होण्डा बिंग विंग के संचालक पुनीत पारवानी ने बताया कि एक ही दिन में 125 गाड़ियों की सर्विसिंग की क्षमता रखने वाली रायपुर की एक मात्र डीलरशिप है। साथ ही आधुनिक उपकरणों से परिपूर्ण है। शोरूम में स्पॉट एक्सेंज, फ्री होम डिलीवरी 100% तक का स्पॉट फायनेंस, ऑनलाइन वाहन बुकिंग और ऑनलाइन सर्विसिंग बुकिंग जैसी सारी सुविधाएं उपलब्ध हैं।

### पर्यावरण संरक्षण, महिला चैंबर ने लगाए पौधे



**रायपुर।** महिला चैंबर की प्रदेश अध्यक्ष मधु अरोरा ने बताया कि बुधवार को महिला चैंबर के तत्वाधान में तथा हॉर्टिकल्चर समिति के अध्यक्ष मोहन वर्ल्यानी के सहयोग से विश्व पर्यावरण के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। महिला चैंबर अध्यक्ष ने बताया कि प्रतिवर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है, जिसके तहत 26 जून को नारायणा हॉस्पिटल में पौधारोपण किया गया। श्रीमती अरोरा ने आगे बताया कि पर्यावरण का अर्थ संपूर्ण प्राकृतिक परिवेश से है, जिसमें हम रहते हैं। इसमें हमारे चारों ओर के सभी जीवित और निर्जीव तत्व शामिल हैं, जैसे-हवा, पानी, मिट्टी, पेड़-पौधे, जानवर और अन्य जीव-जंतु। पर्यावरण के घटक परस्पर एक-दूसरे के साथ जुड़कर एक समग्र पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करते हैं।





| Raipur To | Zest | Crysta | Today Offer |
|---|---|---|---|
| Bilaspur | 1999 | 2999 | 999 |
| Nagpur / Jabalpur / Ambikapur | 4999 | 7999 | 2999 |
| Sambalpur / Bargarh / Blangir | 3999 | 7999 | 1999 |



हरिभूमि लाइव
रायपुर, शुक्रवार 28 जून 2024
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937





आंखों को काफी फायदा पहुंचाता है ...

## सिटी इवेंट

# 750 से अधिक दिव्यांगों का लिम्ब एवं कैलिपर्स फिटमेंट



**रायपुर।** देश-विदेश में दिव्यांगजनों और मानव सेवा के लिए पहचान रखने वाले उदयपुर के नारायण सेवा संस्थान द्वारा 30 जून को निःशुल्क नारायण लिम्ब एवं कैलिपर्स फिटमेंट का विशाल शिविर लगाया जाएगा। एमजी रोड स्थित जैन दादाबाड़ी में सुबह 8 से शाम 6 बजे तक चलने वाले इस कैंप में एक्सपर्ट्स ने जिन लोगों का कुछ महीने पहले मेजरमेंट लिया था, उन्हें अब कृत्रिम हाथ-पैर उपलब्ध कराने के साथ ही मौके पर ट्रायल भी लेंगे। प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता में संस्थान के ट्रस्टी एवं निदेशक देवेंद्र चैबीसा ने यह जानकारी दी। आगे बताया कि संस्थान ने विभिन्न राज्यों व शहरों से आए दिव्यांग बन्धुओं की सुविधा के लिए 17 मार्च को निःशुल्क नारायण लिम्ब मेजरमेंट कैंप किया था।

### 750 लोगों ने दुर्घटना में गंवाए अंग

वहीं मीडिया प्रभारी भगवान प्रसाद गौड़ ने बताया कि इनमें से 750 लोग ऐसे थे, जो सड़क दुर्घटना या किसी हादसे से हाथ-पैर गंवाने से दिव्यांगता के शिकार हैं। उनका चयन करते हुए संस्थान ने लिम्ब के लिए मेजरमेंट लिया। शिविर का शुभारंभ करने के लिए मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री, कैबिनेट मंत्री और शहर के सभी विधायकों सहित 25 सहयोगी समाज सेवी संस्था को आमंत्रित किया गया है। इससे पहले वार्ता के दौरान रायपुर आश्रम के प्रभारी भरत पालीवाल, भंवरसिंह राठौड़ ने शिविर के पोस्टर का विमोचन किया। साथ ही इसमें आने वाले दिव्यांगजनों को नंबर के आधार पर सेवा देने की जानकारी दी।

## एजूकेशन अपडेट

# द्वितीय बोर्ड परीक्षा 23 से समय-सारिणी की गई जारी



**रायपुर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा द्वितीय बोर्ड परीक्षा के लिए समय-सारिणी जारी कर दी गई है। जारी की गई समय-सारिणी के अनुसार, बारहवीं की परीक्षाएं 23 जुलाई से हिंदी विषय के साथ प्रारंभ होगी।

हायर सेकंडरी की परीक्षाएं 12 अगस्त तक चलेंगी। दसवीं की परीक्षाएं 24 जुलाई से शुरू होकर 8 अगस्त तक चलेगी। दोनों ही कक्षाओं की विस्तृत समय-सारिणी मंडल की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। द्वितीय मुख्य परीक्षा में शामिल होने के लिए 21 जून से आवेदन प्रारंभ हो चुके हैं। छात्र इसके लिए 30 जून तक आवेदन कर सकेंगे। विलंब शुल्क के साथ एक व दो जुलाई को भी आवेदन का मौका दिया जाएगा।

### समाजशास्त्र में 79 प्रतिशत उत्तीर्ण

पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा एमए समाजशास्त्र के परीक्षा परिणामों की घोषणा कर दी गई है। इस विषय की परीक्षा 1375 छात्रों ने दिलाई थी। इनमें से 1084 ने परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है। 271 छात्र अनुत्तीर्ण रहे हैं, जबकि 20 छात्रों के परिणाम रोके गए हैं। 88 विद्यार्थी ऐसे रहे, जिन्होंने आवेदन तो किया लेकिन परीक्षा में शामिल नहीं हुए। इस तरह नतीजे 78.84 प्रतिशत रहे हैं। नतीजे रविवि की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं।

## जॉब अलर्ट

# इंडियन नेवी में स्पोर्ट्स कोटा के पदों पर भर्ती, अर्जी 20 तक



**रायपुर।** भारतीय नौसेना में जॉब पाने का सपना देख रहे युवाओं के लिए इंडियन नेवी की ओर से स्पोर्ट्स कोटा का तहत सेलर पदों पर भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी किया गया है। अभ्यर्थी ऑफलाइन माध्यम से आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। एप्लीकेशन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 20 जुलाई है। नार्थ ईस्ट, जम्मू कश्मीर, अंडमान एवं निकोबार, लक्षद्वीप एवं मिनिकॉय द्वीप समूह के लिए आवेदन की लास्ट डेट 25 जुलाई तय की गई है। इस भर्ती में आवेदन के लिए आपको सबसे पहले इंडियन नेवी की ऑफिशियल वेबसाइट joinindian-navy.gov.in पर जाकर ऑफलाइन आवेदन पत्र डाउनलोड करना है। अभ्यर्थी ध्यान रखें कि सेम एंट्री के लिए एक ही आवेदन पत्र भेजें। अधिक फॉर्म भेजने पर आपका फॉर्म रिजेक्ट कर दिया जाएगा।

### योग्यता के आधार पर होंगे शॉर्टलिस्ट

इस भर्ती में भाग लेने के लिए अभ्यर्थी का किसी भी स्ट्रीम से 10+2 उत्तीर्ण होना चाहिए और साथ ही स्पोर्ट्स के लिए निर्धारित योग्यता भी हासिल की हो। इसके साथ ही अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 17 वर्ष से कम और अधिकतम आयु 25 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। मेल कैंडिडेट्स की न्यूनतम लंबाई 157 सेमी से कम और फीमेल कैंडिडेट्स की न्यूनतम लंबाई 152 सेमी तय की गई है। इस भर्ती में चयनित होने के लिए उम्मीदवारों को स्पोर्ट्स की योग्यता के आधार पर शॉर्टलिस्ट करके सेलेक्शन ट्रायल के लिए आमंत्रित किया जाएगा। ट्रायल के दौरान अभ्यर्थी अपने सभी आवश्यक ओरिजिनल दस्तावेज साथ लेकर जाएं। इसके बाद शरीरिक जांच व मेडिकल टेस्ट के बाद अभ्यर्थियों को रिक्त पदों पर तैनात किया जाएगा।

## 22 जुलाई से शुरू होगा सावन, 19 अगस्त को रक्षाबंधन पर समापन

# इस बार पांच सावन सोमवार, श्रवण नक्षत्र संग प्रीति व सर्वार्थ सिद्धि योग में होगी शुरुआत

भोलेनाथ का सबसे प्रिय सावन का महीना 22 जुलाई से शुरू हो रहा है, जिसे लेकर अब शहर में शिव मंदिरों में तैयारी शुरू हो चुकी है। भव्य रूप से प्रत्येक सोमवार को मनाने की तैयारी है। जुलाई के पहले पखवाड़े में मंदिर प्रबंधकों की बैठक आयोजित की गई है, जिसमें सावन सोमवार को लेकर रूपरेखा बनाई जाएगी। शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के प्राचीन शिव मंदिरों में भगवान भोलेनाथ की विशेष पूजा की जाएगी, जो भक्तों के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगा।



### पूरे सावन 7 दिन सर्वार्थ सिद्धि योग

22 जुलाई को सूर्योदय से रात 11:40 तक सर्वार्थ सिद्धि योग के अलावा प्रीति योग व श्रवण नक्षत्र योग रहेगा। 23 जुलाई को सुबह 5:57 से दोपहर 12:05 तक द्वि-पुष्कर योग रहेगा। इसके बार पूरे सावन माह में 7 दिन सर्वार्थ सिद्धि योग रहेंगे। समापन पर 19 अगस्त को सूर्योदय से शाम 7:30 तक शोभन व योग व पूर्णिमा तिथि सोमवार रहेगा। 7 अगस्त से सावन माह में ही श्रीकृष्ण की भक्ति भी शुरू हो जाएगी। इस दिन हरियाली तीज से मंदिरों में झूले लगना शुरू होंगे। जन्माष्टमी तक मंदिरों व घरों में श्रीकृष्ण भक्ति के कई उत्सव होंगे।

### सावन सोमवार तिथियां

पहला सावन सोमवार 22 जुलाई, दूसरा 29 जुलाई, तीसरा 5 अगस्त, चौथा 12 अगस्त और पांचवां सोमवार 19 अगस्त को रहेगा।

**रायपुर।** शहर के लगे सरोना स्थित शिव मंदिर और टोला घाट के भोलेनाथ का हर साल की तरह रुद्राभिषेक व मनमोहक श्रृंगार के साथ पूजन की तैयारी है। शहर के महादेव घाट स्थित हटकेश्वर महादेव मंदिर में भोलेनाथ प्रत्येक सोमवार को भव्य श्रृंगार होगा। महाआरती और श्रृंगार को लेकर बैठक में चर्चा होगी। इस बार भी मंदिर में भक्तों और कांवड़ियों के लिए विभिन्न जगहों पर समिति द्वारा भंडारा का आयोजन किया जाएगा।

### फूलों के साथ रुद्राक्ष से होगा श्रृंगार

अभनपुर ब्लॉक स्थित टोला घाट पर नदी के बीच स्थित प्राचीन शिव मंदिर में सावन में फूलों के साथ रुद्राक्ष से भी भोलेनाथ का श्रृंगार किया जाएगा। मंदिर के पुजारी दीपक मिश्रा ने बताया पिछले साल सोमवार को 50 हजार से अधिक रुद्राक्ष प्रसाद के रूप में भक्तों को दिए गए थे। इस बार भी यहां मंदिर प्रांगण में मेले जैसा माहौल देखने को मिलेगा। हर सोमवार को यहां 50 हजार से अधिक लोग पहुंचते हैं।

### सावन में 4 मंगलवार, इस दिन मंगला गौरी व्रत पूजन



### शुरुआत और समापन सोमवार से

इस बार सावन माह में अद्भुत संयोग यह रहेगा कि इस माह की शुरुआत भोलेनाथ के प्रिय दिवस सोमवार से होगी और समापन भी सोमवार को ही होगा। इस माह में इस बार पांच सोमवार रहेंगे। 22 जुलाई सोमवार को श्रावण मास का शुभारंभ होगा और 19 अगस्त सोमवार को रक्षाबंधन पर समापन होगा। खास बात यह भी रहेगी कि 22 जुलाई को सावन श्रवण नक्षत्र, प्रीति और सर्वार्थ सिद्धि योग में रहेगा। इस माह में खरीदारी के लिए कई अन्य शुभ योग भी रहेंगे। सावन माह का अंतिम दिन 19 अगस्त को होगा, तब इस दिन शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि रहेगी, जो अत्यंत शुभ होती है। इस दिन शोभन योग रहेगा। श्रावण माह में इस साल भी शहर के शिवालय सजेंगे और मंदिरों में शिव अभिषेक व पूजन होगा। श्रावण मास में मंगला गौरी पूजन के लिए चार दिन मिलेंगे। श्रावण में चार मंगलवार मंगला गौरी यानी मां पार्वती की भी पूजा होगी।



### सोमवार को विशेष श्रृंगार की तैयारी

शहर के प्राचीन शिवालय बूढ़ेश्वर महादेव मंदिर सावन को लेकर तैयारी शुरू हो चुकी है। यहां इस बार भी उज्जैन नगरी के साथ-साथ प्रसिद्ध शिव मंदिरों के तर्ज पर मंदिर को सजाया जाएगा। मंदिर प्रबंधक के अनुसार, प्रत्येक सोमवार को भक्त भगवान के मनमोहक श्रृंगार का दर्शन कर पाएंगे। महादेव घाट में सावन में मेले जैसी रौनक देखने को मिलेगी। यहां नौकायान फूलों और लाइट के जरिए सजाया जाएगा। प्रत्येक सोमवार को सुबह 4 बजे भोलेनाथ की पहली आरती होगी, जिसके बाद अभिषेक और श्रृंगार किया जाएगा।

# जलील के 'ताम्रपत्र' ने बचाया था नाट्य मंडल का सम्मान

*मध्यप्रदेश कला परिषद की ओर से रायपुर के महाराष्ट्र मंडल में आयोजित नाट्य समारोह में एक नाटक का मंचन महाराष्ट्र नाट्य मंडल की ओर से होना था। किसी गंभीर कारण की वजह से नाटक तैयार ही नहीं हो पाया। सबसे बड़ी दुविधा यह कि अब क्या होगा? ऐसे विपरीत समय में ज़लील रिजवी ने नाटक ताम्रपत्र तैयार किया और इसे महाराष्ट्र नाट्य मंडल के बैनर तले चौबे कालोनी स्थित महाराष्ट्र मंडल में मंचित किया। जलील की उस मदद से महाराष्ट्र नाट्य मंडल की विश्वसनीयता और सम्मान, दोनों सुरक्षित रहे और महाराष्ट्र नाट्य मंडल आज भी उनका आभारी है।*



**श्रद्धांजलि सभा में सहयोगी कलाकारों ने साझा की यादें**

**रायपुर।** महाराष्ट्र नाट्य मंडल के 84 वर्षीय निर्देशक प्रो. अनिल श्रीराम कालेले ने आयोजित श्रद्धांजलि सभा में जलील रिवजी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अपनी यादें ताजा की। उनके जुड़ी कई बातें उनके सहयोगी कलाकारों ने साझा की। इस दौरान श्रद्धांजलि सभा में वरिष्ठ रंगकर्मी कृष्ण गोपाल वैशम्पायन को भी मौन श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कालेले ने कहा कि महाराष्ट्र नाट्य मंडल के अनेक नाटकों में जलील रिजवी की भूमिका परदे के पीछे बेहद महत्वपूर्ण होती थी। वे 24 घंटे हर तरह की मदद के लिए तैयार रहते थे। महाराष्ट्र नाट्य मंडल ने उन्हें एक गरिमामय समारोह में सत्यदेव दुबे सम्मान से भी सम्मानित किया था।

### ... और दे दी अपनी भूमिका

एक बार शंकर शेष लिखित नाटक फंदी के मंचन की योजना बनी। जलील ने कहा फंदी की मुख्य भूमिका वे स्वयं निभाएंगे। मुझे कोई आपत्ति नहीं थी और हमारी रिहर्सल शुरू हो गई। तीन-चार दिन की रिहर्सल के बाद हमारे एक अन्य मित्र सुब्रत बोस (सुप्रसिद्ध फिल्म निर्देशक अनुराग बोस के पिता) पहुंच गए और जिद करने लगे कि न केवल वे 'फंदी' में काम करेंगे बल्कि मुख्य भूमिका भी वे ही निभाएंगे। जलील रिजवी ने बड़े दिल के साथ यह भूमिका सुब्रत को दे दी। कुछ दिनों तक रिहर्सल चली और ऐसा कुछ हुआ कि नाटक का मंचन ही नहीं हो पाया। कालेले के मुताबिक कालान्तर में यह नाटक महाराष्ट्र नाट्य मंडल में मंचित किया गया। जिसमें फंदी की मुख्य रोल उन्होंने प्ले किया था। इसी नाटक का मराठी रूपान्तरण नागपुर में मंचन किया गया। इसमें एक अहम भूमिका बुधवार को ही जलील रिजवी के तकरीबन साथ ही दिवंगत हुए वरिष्ठ रंगकर्मी मित्र कृष्ण गोपाल वैशम्पायन ने भी निभाई थी।

# आठ साल बाद महाराष्ट्र मंडल को फिर मिली महिला उपाध्यक्ष

**रायपुर।** पर्यावरण व खेलकूद के क्षेत्र में 10 वर्षों से सक्रिय गीता दलाल महाराष्ट्र मंडल की उपाध्यक्ष बनाई गईं। मंडल के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अजय मधुकर काले ने इस आशय की घोषणा करते हुए मुख्य समन्वयक की जिम्मेदारी श्याम सुंदर खंगन को सौंपी। चेतन गोविंद दंडवते लगातार सातवीं बार भी सचिव बने रहेंगे व सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रमों के प्रभारी रहेंगे। विशाखा तोपखानेवाले महिला प्रमुख बनी रहेंगी। अपर्णा देशमुख व रश्मि गोवर्धन सह महिला प्रमुख होंगी। दीपक किरवईवाले के पास मेस की जिम्मेदारी यथावत रहेगी। काले ने बताया कि नई कार्यकारिणी सदस्य के रूप में प्रसन्न निमोणकर दिव्यांग बालिका विकास गृह का प्रभार संभालेंगे। साथ ही वोकेशनल ट्रेनिंग संभावनाएं तलाशेंगे। निमोणकर के साथ सह प्रभारी भगीरथ कालेले होंगे। नमिता शेष कामकाजी महिला वसति गृह व छात्रावास की प्रभारी यथावत रहेंगी। निरंजन पंडित पहली बार महाराष्ट्र मंडल भवन का प्रभार संभालेंगे। अन्य समिति सदस्यों की भी घोषणा मंडल द्वारा की गई है।

## नए आपराधिक कानून के संबंध में न्यायालय में रखी गई कार्यशाला

# कई जुर्म ऐसे जो अपराध की किसी श्रेणी में नहीं आते थे जीरो एफआईआर के साथ ई-एफआईआर व्यवस्था भी लागू

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** देश में एक जुलाई से हो रहे नए आपराधिक कानून के संबंध में रायपुर जिला एवं सत्र न्यायालय में आज नए कानून की जागरूकता के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में वक्ता के तौर पर शामिल हिदायतुल्ला नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर अभिनव शुक्ला और प्रो. हिना इलियास व गृह विभाग से असिस्टेंट डिस्ट्रिक्ट प्रोसेक्शन ऑफिसर शुभम तोमर ने नए कानून के तहत सजा प्रावधानों व डिजिटल साक्ष्यों की मान्यता व साक्ष्य संबंधी प्रस्तुतिकरण की प्रक्रिया के सरलीकरण के दिशा में किए गए प्रबंधों की विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अब्दुल जाहिद कुरैशी, एडीएम निधि साहू, एएसपी श्री दौलतराम पोर्ते समेत पुलिस अधिकारी व अधिवक्तागण उपस्थित रहे। गौरतलब है कि एक जुलाई से लागू होने जा रही नवीन भारतीय न्याय संहिता को देखते हुए कई तरह की संगोष्ठियां और कार्यशालाएं आयोजित की जा रही हैं, ताकि अधिक से अधिक लोगों तक इसकी जानकारी पहुंच सके। इस कड़ी में ही यह कार्यशाला रखी गई थी। इसमें वक्ताओं ने कानून संबंधित कई तरह की जानकारियां प्रदान की।





### ई एफआईआर के बाद तीन दिनों के भीतर पहुंचना होगा थाने

नए अपराधिक कानून के संशोधन पर प्रोफेसर अभिनव शुक्ला ने बताया कि नई भारतीय न्याय संहिता 2023 में व्यापक बदलाव किए गए है। कुछ अपराध ऐसे थे, जो किसी भी अपराध की धाराओं में नहीं आते थे, वे छूट जाते थे। उसके लिए धारा लाई गई है। जीरो एफआईआर की व्यवस्था के साथ अब ई-एफआईआर की व्यवस्था लागू की जाएगी। कोई भी व्यक्ति अपने संबंधित थाने में एफआईआर दर्ज करा सकता है, लेकिन इसके लिए ई-एफआईआर रजिस्टर्ड करने के तीन दिनों के भीतर संबंधित थाने में पहुंचकर वेरिफाई कराना आवश्यक होगा। तभी ई-एफआईआर मान्य होगा। अगर तीन दिन के भीतर संबंधित थाने में प्राथी नहीं पहुंचेगा, तो वह ई-एफआईआर मान्य नहीं होगी। विशेषज्ञों ने कहा, असल में यह व्यवस्था नागरिकों के लिए इसलिए शुरू की जा रही है, ताकि समय पर अपनी शिकायत थाने में दर्ज करा सके।

### इस तरह के बदलाव

- महिलाओं और बच्चों के लिए भी नई संहिता में चैप्टर जोड़ा गया है।
- आईपीसी की धाराएं अलग-अलग थी, उसे संगठित किया गया है।
- मॉब-लिंचिंग अब तक अपराध की श्रेणी में नहीं आता था, ऐसे में इसके लिए भी नई धारा जोड़ी गई है। धारा 103 (2) के तहत अपराध दर्ज किया जाएगा। साथ ही इसमें सजा का भी प्रावधान किया गया है।
- महिलाओं और बच्चों से संबंधित अपराध में भी संशोधन किया गया है।
- पहले अलग-अलग उम्र के बच्चों द्वारा अपराध किए जाने पर धारा जोड़ी जाती थी, लेकिन अब उम्र तय कर दी गई है।
- कार्यशाला में वक्ताओं ने यह भी बताया कि जब्ती के प्रकरणों में विवेचकों को वीडियोग्राफी अनिवार्य रूप से कराना होगा।

## सिटी इवेंट

# अपने रिचर्स को पेटेंट कराएं शोधपत्रों का प्रकाशन जरूरी



**रायपुर।** एनआईटी में आयोजित रिसर्च स्कॉलर कॉन्क्लेव का गुरुवार को समापन हुआ। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में शोध छात्रों ने अपने रिसर्च पेश किए। 25 से 27 जून तक चला यह तीन दिवसीय कार्यक्रम संस्थान के पीएचडी स्कॉलर्स के लिए आयोजित किया गया था। समापन में मुख्य अतिथि एनआईटी निदेशक डॉ. एन वी रमना राव रहे। इस दौरान 18 विभागों के श्रेष्ठ शोधपत्रों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही प्रत्येक विभाग के समन्वयकों को भी पुरस्कृत किया गया। इस दौरान सभी शोध स्कॉलर और समन्वयकों ने अपने अनुभव भी साझा किए। डॉ.समीर बाजपेयी, डॉ. अनामिका यादव, डॉ.जे.आनंदकुमार, डॉ. मानवेंद्र त्रिपाठी, डॉ. अवनीश कुमार और डॉ. तीरथ प्रसाद साहू सहित अन्य शामिल रहे।

### शोधपत्रों की पुस्तिका का प्रकाशन करेगा एनआईटी

डॉ. पी. दीवान ने घोषणा करते हुए कहा कि सभी 199 प्रस्तुतियों को शामिल करते हुए एक पुस्तक प्रकाशित करेगा। उन्होंने उनके महत्वपूर्ण मार्गदर्शन के लिए विभाग समन्वयकों की भूमिका का अभिनंदन किया। डॉ.एनवी रमना राव ने स्कॉलर्स को अधिक पेटेंट प्राप्त करने और शोध पत्र प्रकाशित करने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रोत्साहित किया और कहा कि रिसर्च स्कॉलर्स को पढ़ने और लिखने की आदत विकसित करनी चाहिए और एक अनुशासित जीवन जीना चाहिए। डॉ. समीर बाजपेयी ने जनरेटिव एआई के नियंत्रित उपयोग पर प्रकाश डालते हुए शोध के अंतर-विभागीय सहयोग के महत्व को समझाया और स्कॉलर्स के प्रस्तुति कौशल को विकसित करने में कॉन्क्लेव के महत्व को भी रेखांकित किया।

## कैंपस लाइव

# स्कूली बच्चों ने जाना, कैसे संचालित होते हैं लघु उद्योग




**रायपुर।** एमएम स्कूल में सूक्ष्म, लघु और मध्यम आकार के उद्यम (एमएसएमई) दिवस मनाया। यह कार्यक्रम अर्थव्यवस्था में लघु उद्योगों के महत्व को उजागर करने और छात्रों को उद्यमिता और नवीनता का पता लगाने के लिए प्रेरित करने के लिए आयोजित किया गया था। इसके अंतर्गत कई तरह की गतिविधियां हुईं। वाणिज्य विभाग के अभय कपूर, भवानी शंकर महापात्रो एवं अकादमिक कोऑर्डिनेटर अनीता दास द्वारा कार्यशालाएं रखी गईं। इसमें छात्रों को कई तरह की जानकारी प्रदान की गई। इसमें छात्रों को लघु उद्योगों के बारे में कई रोचक फैक्ट बताए गए। विशेषज्ञों द्वारा विद्यार्थियों को स्टार्टअप शुरु करने भी टिप्स दिए गए।

### बच्चों ने बताए उद्योग संबंधित अपने विचार

इन गतिविधियों का उद्देश्य छात्रों को व्यवसाय, उद्यमिता की दुनिया और सतत विकास लक्ष्यों के बारे में जानकारी प्रदान करना था। प्रिंसिपल डॉ. संजय भट्टाचार्जी ने कहा, एमएसएमई दिवस हमारे छात्रों के लिए उद्यमशीलता की दुनिया के बारे में जानने का एक अविश्वसनीय अवसर रहा है। आर्थिक विकास और इसकी प्रमुख चुनौतियों से परिचित होना छात्रों के लिए आवश्यक है। इससे हमारे छात्रों में उद्यमशीलता की भावना और उन्हें गतिशील व्यावसायिक परिदृश्य तैयार होगा। कार्यक्रम में छात्रों ने भी उद्यमशीलता संबंधित जानकारी हासिल की। अपने विचार भी छात्रों ने रखे।

## आराधना

# एक लाख किमी पदयात्रा कर समाज को एक सूत्र में पिरोया



**रायपुर।** भारत से हजारों श्रद्धालुओं ने खड़कपुर पहुंचकर साध्वीश्री शशिप्रभा श्रीजी को सुबह 11 बजे अश्रुपूरित विदाई दी। श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व चमत्कारी जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी में देववंदन करके सकल जैन समाज ने भावांजलि अर्पित करते हुए 12 नवकार का जाप किया।

गुणानुवाद करते हुए दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद ने बताया कि पालीताना जैन तीर्थ में प्रवर्तिनी स्वर्गीय शशिप्रभा श्रीजी की प्रेरणा से भव्य यात्री अतिथि गृह का निर्माण हुआ। आगामी 28 जून को अकोला में नूतन पार्श्वनाथ जैन मंदिर और दादाबाड़ी की होने वाली प्राण प्रतिष्ठा कि प्रेरणा उन्होंने दी थी। महासचिव महेन्द्र कोचर ने कहा कि साध्वी जीवन के 67 वर्षों में जैन धर्म की प्रभावना को उदारता से किया है।

### बाल्यवस्था में दीक्षा

उन्होंने एक लाख किलोमीटर की पदयात्रा करके जैन समाज को एक सूत्र में पिरोने का काम किया। 13 वर्ष की बाल्यवस्था में दीक्षा ग्रहण करके 67 वर्षों तक अनेक मुमुक्षु बहनों को संयम जीवन प्रदान किया। शशिप्रभा श्रीजी ने 2000 में रायपुर जैन दादाबाड़ी में भी चातुर्मास किया एवं विगत 25 वर्षों से छत्तीसगढ़ से संपर्क बनाए रखा। समाज के युवाओं को धर्म से जोड़ने में विशेष ध्यान दिया। ट्रस्टी नीलेश गोलछा ने चैत्यवंदन की विधि की। नीलेश गोलछा ने कहा कि साध्वी ने अपनी शिष्या श्री सम्यकदर्शना श्रीजी के दो चातुर्मास रायपुर को प्रदान किए, उन्होंने युवाओं के जीवन को नई दिशा प्रदान की।

---

● त्वचा रोग विशेषज्ञों और हेयर आर्टिस्ट ने दिए टिप्स, सभी का कहना-अधिक गीलापन नुकसानदायक

# मानसून में तीन गुने हो जाते हैं हेयर फॉल के मरीज, मेथी के दाने इसका बेहतर विकल्प

मौसम कोई भी हो, इसका असर शरीर ही नहीं बल्कि बालों पर भी पड़ता है। इसके लिए लोग कई तरह के नुस्खे अपनाते हैं। इससे बाल झड़ने की समस्या कम होने की बजाय और बढ़ जाती है। रोज नहाने के बाद कंघी करते समय लगातार गिरने वाले बालों को देखकर लोग परेशान होते हैं। ऐसे लोगों को चिंता करने की जरूरत नहीं है। विशेषज्ञों के अनुसार, हेयर फॉल की शिकायत लेकर आने वाले मरीजों की संख्या मानसून में दो से तीन गुना तक बढ़ जाती है। कई तरह के उपाय अपनाकर बारिश में बाल झड़ने की समस्या से निजात पाया जा सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार, बरसात के दिनों में गीले बालों को ज्यादा देर तक कपड़े में बांधकर रखने से बचें। सप्ताह में दो बार सही तरीके से शैंपू करें, तो बाल झड़ने की समस्या से बच सकते हैं।

### ज्यादा देर तक ना बांधे कपड़े से



मेकअप एक्सपर्ट अनुराधा दुबे बताती हैं कि महिलाओं को बरसात के दिनों में सप्ताह में एक बार मेथी को भिगाने व पेस्ट बनाने के बाद हेयर मास्क के रूप में लगाना चाहिए। इससे बालों की शाइनिंग बनी रहती है। इसके साथ ही दो से तीन बार हर सप्ताह शैंपू करने की आदत डालनी चाहिए। बालों को धोने के बाद इन्हें ज्यादा देर तक कपड़े से बांधकर रखने से बचें। यदि बारिश में भींगने की स्थिति है, तो बालों को सूखाने का प्रयास करना चाहिए। शैंपू करने के बाद बालों को सही तरीके से धोना चाहिए। अगर शैंपू के अंश बालों में रह जाते हैं, तो इसकी वजह से बाल झड़ने की शिकायत बनती है, इसलिए प्रापर हेयर वॉश करें।

### लगाएं प्याज व ऑयल का पेस्ट



हेयर आर्टिस्ट एकता सचदेव ने बताया कि महिलाओं ही नहीं पुरुषों को भी बाल झड़ने की समस्या से छुटकारा पाने के लिए सप्ताह में एक दिन प्यास के रस और कोकोनेट ऑयल के पेस्ट को बनाने के बाद नहाने से करीब 35 मिनट पहले लगाना चाहिए। इसके बाद प्रापर हेयर वॉश करने से रुखापन कम होगा और बाल जड़ से मजबूत होंगे। इसके अलावा महिलाओं को बार-बार ऑयल बदलने से बचना चाहिए। जितना संभव हो कोकोनेट ऑयल का ही इस्तेमाल करें। खान-पान का भी ध्यान रखना चाहिए। जहां तक संभव हो, गीले बालों को धूप एवं हवा से सुखाने का प्रयास महिलाओं को करना चाहिए।

### अधिकतर मामलों में अनुवांशिक होता है हेयरफॉल

त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. भरत सिंघानिया ने बताया कि बारिश व गर्मी के दिनों में लोग बाल गीले होने पर उन्हें सुखाने की बजाय बेपरवाह होते हैं। इससे बालों की जड़ में ज्यादा देर नमी होने से वे कमजोर होते हैं। प्रयास करें कि बाल ज्यादा देर तक गीला न रहने पाए। इसके लिए धूप या हवा में सूखाना चाहिए। लोगों को बालों को अच्छी कंपनी के शैंपू से धोना चाहिए। अभी गंजेपन की समस्या युवाओं में ज्यादा देखने को मिल रही है। यह कोई बीमारी नहीं है, बल्कि लोगों में गंजापन वंशानुगत भी होता है। अब इससे बचने के लिए लोग हेयर ट्रांसप्लांट भी करवा रहे हैं, लेकिन केश प्रत्यारोपण के बाद भी उनका प्रापर केयर जरूरी है।



### अपना सकते हैं ये टिप्स

- विशेषज्ञों के अनुसार, ऑयलिंग जरूर करें। बिना तेल लगाए बालों को वॉश करने से बचें। तेल लगाने से आपके बालों को पोषण मिलेगा, जिससे आपके बाल हेल्दी रहेंगे।
- हीटिंग टूल्स का इस्तेमाल कम से कम करें, लेकिन अगर आपको जरूरत है तो एलोवेरा जेल से बने लिव इन कंडीशनर का इस्तेमाल करें। इससे आपके बाल डैमेज नहीं होंगे।
- बालों में हेयर पैक का उपयोग जरूर करें। आप अपने बालों के टेक्सचर के अनुसार घर पर ही आसानी से पैक बना सकती हैं। हफ्ते में कम से कम दो बार पैक का इस्तेमाल करें।

**रायपुर।** बरसात के दिनों में बाल झड़ने की समस्या आम हो जाती है। जब तक यह गंभीर ना हो जाए, इससे बचने और रोकथाम में लोग रुचि नहीं लेते हैं। इससे गंजेपन को लेकर युवाओं की चिंता बढ़ जाती है। महिलाओं को भी बालों में रूखेपन के साथ ही बाल झड़ने की शिकायत होती है। वे यह जानने का प्रयास नहीं करते हैं कि इस तरह की दिक्कत किन कारणों से हो रही है।

हरिभूमि ने इसे लेकर हेयर एवं मेकअप आर्टिस्ट और विशेषज्ञों से बात की। इसमें सभी ने एक कॉमन सलाह दी कि बालों की केयर करना बेहद जरूरी है। बालों का रुखापन भी बाल झड़ने की बड़ी वजह होती है। इससे बचने के लिए उन्होंने सप्ताह में एक बार हेयर मास्क लगाने व दो से तीन दिन शैंपू करने की सलाह दी।

---

रविवि में नए शैक्षणिक सत्र के लिए प्राध्यापकों को दी जा रही ट्रेनिंग

# प्रोफेसर्स की क्लास, एक्सपर्ट्स ने बताया-कैसे पढ़ाएं बच्चों को, सेमेस्टर परीक्षा प्रणाली के लिए मिले टिप्स

**रायपुर।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को राज्य के सभी शासकीय और अशासकीय महाविद्यालयों में 2024-2025 से लागू किया जाना है। इस संदर्भ में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा राज्य के सभी शासकीय और निजी महाविद्यालयों के प्राध्यापकों और सहायक प्राध्यापकों को प्रशिक्षण देने के लिए मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की जा रही है। इस श्रृंखला में गुरुवार को पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग सेंटर में द्वितीय कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। इस दौरान उच्च शिक्षा आयुक्त शारदा वर्मा ने कहा कि शिक्षा मानव जीवन का अभिन्न अंग है। शिक्षा से ही मानव का कार्य व व्यवहार में उतरोत्तर परिमार्जन होता है। इससे अनुकूलता प्राप्त होती है। इस क्रम में नई शिक्षा नीति एक ठोस पहल है। यह निश्चित रूप से विद्यार्थियों के लिए अनुकूल परिणाम लाएगा। वर्तमान समय में बहुमुखी प्रतिभा के विकास की जरूरत है, जो नई शिक्षा नीति में शामिल है। इससे विद्यार्थियों को जीवन के हर क्षेत्र में लाभ होगा और उनका व्यक्तित्व विकास भी होगा।



### सूचना प्रौद्योगिकी पर विशेष जोर

इसमें सूचना प्रौद्योगिकी जैसे विषयों पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इस कार्यक्रम के संबंध में मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग सेंटर की डायरेक्टर प्रोफेसर प्रीति के.सुरेश ने अपने उद्बोधन में कहा, रविवि शिक्षकों के शिक्षण एवं प्रशिक्षण के दायित्व के निर्वाह के लिए तत्पर है। अतः इस तरह के कार्यक्रम समय-समय पर संचालित किए जाते हैं, जिससे प्रतिभागियों के शैक्षिक उन्नयन में उन्हें लाभ प्राप्त हो। मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग सेंटर के डॉ. बृजेंद्र पांडेय ने बताया, कार्यशाला का समापन 28 जून को होगा। इसमें छत्तीसगढ़ के विभिन्न महाविद्यालयों के प्राध्यापकगण सम्मिलित हो रहे हैं।

### परिवर्तन के लिए शिक्षा बेहतर विकल्प

रविवि के कुलपति डॉ. सच्चिदानंद शुक्ल ने कहा कि वर्तमान परिवेश में समाज में तेजी से परिवर्तन हो रहा है। इस परिस्थिति में शिक्षा में परिवर्तन समय की मांग है। नई शिक्षा नीति इस परिवर्तन को पूरा करने के विकल्प के रूप में श्रेष्ठ नजर आता है। अतः इसका क्रियान्वयन अवश्यक है। इसके लिए विश्वविद्यालय अपनी भूमिका निभाने तत्पर है। प्रशिक्षण सत्र में मास्टर्स ट्रेनर्स को विभिन्न विषय विशेषज्ञ द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। विशेष बात यह है कि इस प्रशिक्षण में समग्र मूल्यांकन व सेमेस्टर प्रणाली पर आधारित प्रशिक्षण पर फोकस किया जा रहा है।

# जगन्नाथ के विश्राम गृह से निकलने के पहले पूर्ण की जाएगी सजावट





**रायपुर।** इन दिनों पुरानी बस्ती के लिली चौक स्थित जगन्नाथ मंदिर में भी भगवान को औषधिय काढ़े का भोग लगाया जा रहा है। जगन्नाथ की सेवा करने वाले जोशी परिवार ने 70 साल पुरानी परंपरा को अभी भी कायम रखा है। पं. संजय जोशी ने बताया, भगवान जब ज्वर के प्रभाव की वजह से गर्भगृह की बजाय विश्राम कक्ष में 15 दिन के लिए जाते हैं। उसके बाद मंदिर की रंगाई-पोताई एवं मेंटेनेंस का दौर शुरू होता है। इसके साथ ही रथ में जरूरी काम करवाने के बाद रंग-पेंट भी करवाया जा रहा है।

---

## कार्नर न्यूज

### आप अपने राग को खत्म नहीं कर सकते तो उसका दायरा सीमित करें

# लोग प्रवचन सुनने भी काम खत्म करके ही आते हैं शास्त्रों से मिलता है अवगुणों को पहचानने का मौका

जिनवाणी के क्रम में गुरूवार को दीर्घ तपस्वी विरागमुनिजी का न्यू राजेंद्र नगर स्थित महावीर स्वामी जिनालय में आगमन हुआ। प्रवचन के दौरान उन्होंने कहा कि राग का दायरा आप खत्म नहीं कर सकते तो उसे सीमित करने की कोशिश करो। हमें अपने राग को कमजोर करना है, जबकि हमें उसे ही मजबूत बना रहे हैं। दिन-ब-दिन हमारा राग बढ़ता जा रहा है। इतना बढ़ता जा रहा है, जिसे हम गिन नहीं पा रहे हैं और वह हमारी गणना से बाहर हो चुका है।

**रायपुर।** आज जो भी हमारे साथ हो रहा है, वह हमारे भूतकाल के कर्मों के आधार पर हो रहा है। आज हमें मनुष्य का जीवन मिला है तो हमें इसका पूरा उपयोग करना चाहिए और धर्म करके हमें मोक्ष को प्राप्त कर लेना चाहिए, क्योंकि ऐसा मौका फिर ना जाने कब आएगा। मोक्ष पाना केवल और केवल मनुष्य के हाथ में होता है। यह भगवान के हाथ में नहीं है, अगर वह उसके हाथ में होता तो वह सभी जीवों को मोक्ष प्रदान कर देता।

### कोई नहीं करना चाहता है काम



मुनिजी ने कहा कि मोक्ष तो सभी को चाहिए ही चाहिए लेकिन काम कोई करना नहीं चाहता। अब हमें यह तय करना है कि हमें अपने जीवन में करना क्या है। हम ऐसा क्या करें की अपनी नजरों में तो कम से कम ना गिरें। दूसरों की नजरों में गिर जाएं तो कोई फर्क नहीं पड़ेगा, लेकिन अपने नजरों में हमें नहीं गिरना है ऐसा हमें काम करना है। उन्होंने आगे कहा कि आज हमने जो चोला पहन रखा है वह बाहर से तो इंसान का है पर अंदर किसी शैतान का वास है। आज अच्छा कोई नहीं बनना चाहता, सब अच्छा दिखना चाहते हैं। व्यक्ति धार्मिक और सामाजिक कार्य करता है। उसी के बारे में सोचता है और वैसे ही बात करता है ताकि लोग उसे अच्छा बोले। प्रवचन सुनने भी लोग जब मंदिर तक आते हैं उससे पहले वह अपना सब काम पूरा करके आना चाहते हैं ताकि कोई काम न छूटे और उनका टारगेट भी पूरा हो जाए, उसके बाद वह धर्म की ओर बढ़ते हैं। जबकि धर्म के लिए समय आपको प्राथमिकता से समय निकलना चाहिए, क्योंकि दिन भर आपके पास काम करने के लिए तो समय ही समय है।

### पूजा का वक्त नहीं भाव महत्वपूर्ण

उन्होंने कहा, जैसे आईने में हमें चेहरे के दाग धब्बे दिख जाते हैं, वैसे ही शास्त्रों को देखने से हमें अपने अवगुणों को पहचानने का मौका मिलता है। इसीलिए समय रहते हैं हमें धर्म करना है। आप सोचिए कि अगर कोई पुजारी मंदिर में 10 घंटे पूजा करता है और आप दिन में केवल एक ही घंटा पूजा करते हैं तो किसका धर्म ज्यादा है आपका या पुजारी का? अब आपको लगेगा कि पुजारी तो 10 घंटे पूजा करता है और मैं तो केवल 1 घंटे ही पूजा करता हूं तो पुजारी का धर्म ज्यादा होगा। जबकि ऐसा नहीं है, फर्क उससे नहीं पड़ता, क्योंकि धर्म भाव की स्पर्शना पर आधारित है। घंटे धर्म करने के बाद भी आप मोक्ष के रास्ते में आगे नहीं बढ़ रहे हैं तो ऐसे धर्म का कोई मतलब नहीं होगा।

### ना आए माफी मांगने की नौबत

आपकी सारी चीज अच्छी और व्यवस्थित हैं, लेकिन आप हमेशा परीक्षा में फेल हो जाते हो। ऐसा हमेशा चातुर्मास के समय देखने को मिलता है। लोग तैयार तो रहते हैंख लेकिन जैसे चातुर्मास शुरू होता है तो कुछ दिन बाद में फेल हो जाते हैं। आप अगर गाड़ी चला रहे हैं तो अगर सड़क पर चलते व्यक्ति को आप ठोक दें और उसकी हड्डी टूट जाए तो उसके बाद सॉरी बोलने का क्या फायदा, उसकी हड्डियां तो टूट गई। सॉरी बोलने की नौबत कभी नहीं आनी चाहिए क्योंकि हमें पहले ही ब्रेक मार लेना चाहिए, लेकिन ब्रेक करने के बजाय हम तो एक्सीलेटर बढ़ा रहे हैं।

सिटी स्पोर्ट्स

## सेहत रहेगी दुरुस्त और उम्र होगी लंबी, करें ऐसे बदलाव



वहम सभी सेहतमंद रहना चाहते हैं और एक लंबी उम्र जीना चाहते हैं। अपने लिए और अपने अपनों के लिए हमारी यही चाहत होती हैं। लेकिन, आजकल भागदौड़ से भरी जिंदगी और अनहेल्दी लाइफस्टाइल के चलते, यह कामना अक्सर पूरी नहीं हो पाती है। आज के समय में कम उम्र में ही लोगों को बीमारियां घेरने लगी हैं। शुगर, बीपी, थायराइड, पीसीओडी और भी न जाने कितनी हेल्थ कंडीशन्स ने लोगों को परेशान किया हुआ है। असल में हमारे खान-पान और जीवनशैली में काफी हद तक हमारी अच्छी सेहत का राज छिपा हुआ है। जहां अनहेल्दी हैबिट्स आपको बीमार कर सकती हैं। वहीं, खान-पान और लाइफस्टाइल से जुड़ी अच्छी आदतों को अपनाकर एक सेहतमंद और लंबी जिंदगी जी सकती हैं। इस बारे में डाइटिशियन मनप्रीत जानकारी दे रही हैं। उन्होंने दिल्ली यूनिवर्सिटी से न्यूट्रिशन्स में



मास्टर्स किया है। वह हार्मोन और गट हेल्थ कोच हैं। एक्सपर्ट के मुताबिक, सेहतमंद रहने के लिए, एक बार में बहुत अधिक खाने के बजाय, आपको छोटे-छोटे मील्स लेने चाहिए।एक बार में बहुत अधिक खाना खाने से डाइजेशन और वजन पर असर होता है। वहीं, अगर आप स्मॉल मील्स लेती हैं, तो इससे शरीर में एनर्जी भी रहती है और डाइजेशन भी दुरुस्त रहता है।इस बात का भी ख्याल रखें कि स्मॉल मील्स का मतलब जंक फूड या अनहेल्दी स्नैक्स नहीं हैं। स्माल मील्स में आप सूप, सलाद, अंडा, दूध या ऐसी ही और हेल्दी चीजें ले सकती हैं।सेहतमंद रहने के लिए, डाइजेशन का सही होना बहुत जरूरी है। इसके लिए, हर मील के बाद 10 मिनट वॉक जरूर करें। इससे खाना आसानी से पचता है और पेट से जुड़ी दिक्कतें नहीं होती हैं। हेल्दी रहने और लंबी जिंदगी जीने के लिए, तनाव से दूर रहें। स्ट्रेस का असर हमारी मेंटल और फिजिकल हेल्थ पर होता है। इससे शरीर में हार्मोनल इंबैलेंस होता है और कई बीमारियां हो सकती हैं। स्ट्रेस दूर करने



में हेल्दी डाइट, प्राणायाम और योग आपकी मदद कर सकता है। पूरी नींद लें। नींद की कमी का असर हमारे पूरे शरीर पर होता है। इसलिए, सेहतमंद रहने के लिए, 7-8 घंटे की नींद लेना बहुत जरूरी है। सोने से पहले योग निद्रा जरूर करें। इसके अभ्यास से आपको कई फायदे मिल सकते हैं। सेहतमंद रहने के लिए, हेल्दी आदतों को अपनाने के साथ, जरूरी चेकअप्स करवाना भी जरूरी है। यह भी एक अच्छी आदत है। अगर आपको थकान, कमजोरी, सिरदर्द या अन्य कोई भी लक्षण महसूस हो, तो इसे नजरअंदाज न करें।

### जानिए जरूरी बातें, जो मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर करने में करेंगी आपकी मदद

# जरूरत मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देने की, बदलती जीवनशैली ने दिया है 'दर्द'

मानसिक स्वास्थ्य में भावनात्मक, मनोवैज्ञानिक और सामाजिक कल्याण शामिल है। मानसिक स्वास्थ्य या तो अच्छी होता है या फिर बुरा। जो इंसान अपने मानसिक स्वास्थ्य की बीमारी से जूझ रहा होता है उसकी सोचने, समझने और महसूस करने की क्षमता प्रभावित होने लगती है। मानसिक तौर से परेशान लोग दिमाग में उठ रहे नकारात्मक सोच से लड़ रहे होते हैं। नेगेटिव एनर्जी के चलते उनका शरीर भी प्रभावित होता है। आज के लाइफस्टाइल में हर दूसरा शख्स मानसिक स्वास्थ्य की समस्याओं से जूझ रहा है। किसी न किसी को कोई ऐसी बात सता रही है। उन्हें कोई आइडिया नहीं है कि उन्हें इस समस्या से कैसे बाहर निकलना है। आपको खराब मानसिक स्वास्थ्य से उभरने के कुछ टिप्स अपनाना चाहिए। मनोचिकित्सक से लें सहायता मानसिक स्वास्थ्य को सुधारने के लिए आपको मनोचिकित्सक की सहायता जरूर लें। मनोचिकित्सक से संपर्क कर ये बिल्कुल मत सोचिएगा कि यह बहुत ही गंभीर बीमारी है। यूं समझाएगा कि कुछ गलत हो रहा है जिसके लिए आपको सही दिशा बताने वाले की जरूरत है। उनके द्वारा सुझाई गई दवा और चीजों को जरूर फॉलो करें।



### सपोर्ट नेटवर्क

अपने आप को परिवार, दोस्तों और ऐसे लोगों के बीच रखें जो आपको समझे, प्रोत्साहन और सहायता प्रदान कर सकते हैं। विश्वसनीय व्यक्तियों के साथ अपने संघर्षों और अनुभवों को साझा करना अलगाव की भावनाओं को कम कर सकता है और भावनात्मक समर्थन प्रदान कर सकता है।

### धर्मिक रास्ते पर चलें

कभी-कभी पूजा पाठ, अच्छे भजन सुनकर भी दिल और दिमाग को शांति मिलती है। आप उन वचनों का अर्थ जानिए और अपनी जिंदगी में लाने की कोशिश करें। इससे ईश्वर की ओर भी आपका लगाव बढ़ता जाएगा और आपको बहुत अच्छा महसूस होगा।



### सेल्फ केयर

मानसिक स्वास्थ्य को आप हेल्थ केयर के साथ आसानी से सुधार सकते हैं। दूसरों पर ध्यान देना, उनकी बातों से खुद को दुखी करना बिल्कुल छोड़ दें। बस खुद पर ध्यान दें। खुद को ऐसी एक्टिविटी में व्यस्त रखें। जिन्हें करते वक्त आप अच्छा महसूस करें।

### एक गोल सेट करें

अपनी लाइफ और खुद के लिए एक गोल सेट करें। जिसे आप पाने में पूरी तरह से खो जाएं। छोटी शुरुआत करें और धीरे-धीरे बड़े लक्ष्यों की ओर बढ़ें। रास्ते में मिल रही तमाम उपलब्धियों को सेलिब्रेट करें, क्योंकि इससे आपका आत्मविश्वास और प्रेरणा बढ़ेगी।

### फिटनेस

मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के साथ-साथ आप खुद फिट रखने में भी बिजी करें। पूरी नींद लें, अच्छा खाना खाएं। जिम, स्विमिंग और डांस जैसी चीजें करें। जिससे आपकी बॉडी फिट रहेगी। जो आपको आकर्षित बनाएगी। जिससे आपको खुद को देखने में अच्छा लगेगा।



## जब लगे 'सब खत्म हो गया', तब कुछ बातें जिंदगी में कीजिए शामिल

'अब तो लगता है कभी कुछ ठीक ही नहीं होगा' आपसे ये बात कहती न जाने कितनी यादें आपके दिल में तब आती होंगी जब परेशानी से निकलने का कोई रास्ता आपको समझ नहीं आ रहा होगा। लेकिन जब दिल टूटे तो इधर-उधर देखिए कुछ न कुछ होगा जरूर जो आपको आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगा। लेकिन आपको अंधेरे में उजाले की झलक देखने के लिए थोड़ी मेहनत करनी होगी।

### मोटिवेट करने को कुछ नहीं तो भी है बहुत कुछ

मोटिवेट होने के लिए आपको हमेशा पहले से सोची समझी साधनों और बातों पर निर्भर होने की जरूरत नहीं होती है। बल्कि कई और दूसरे तरीके हैं, जिनके साथ मोटिवेट हुआ जा सकता है-

### मोटिवेशन से पहले एक्शन

याद रखिए मोटिवेशन से पहले एक्शन ही जरूरी होता है। मतलब अगर आप एक्शन में नहीं हैं तो मोटिवेशन की कोई जरूरत ही नहीं। मोटिवेशन किसी काम के लिए तो चाहिए होगा तो पहले वो काम शुरू कीजिए। याद रखिए सिर्फ बैठे रह कर मोटिवेशन का इंतजार करते रहना सही नहीं है। बल्कि आपको मोटिवेशन से पहले एक्शन में आना होगा। काम किए बिना मोटिवेशन की तलाश करना सही नहीं है। प्यार भी सिर्फ महसूस करने से नहीं बल्कि किसी को प्यार जताने में दिखता है। इसलिए एक्शन कीजिए फिर मोटिवेशन की तलाश कीजिए।



### प्रतिक्रिया की खुशी

हम सबको पता है कि जिम में एक्सरसाइज करने से बॉडी बनेगी लेकिन फिर भी एक्सरसाइज के लिए मोटिवेशन की जरूरत हम सबको हमेशा पड़ती है। कई बार यही मोटिवेशन की कमी हमें इस रास्ते में आगे नहीं बढ़ने देती है। ऐसा क्यों होता है? ऐसा इसलिए होता है क्योंकि हम एक्सरसाइज की प्रक्रिया को इंजॉय नहीं कर रहे होते हैं। फिर तलाशते हैं मोटिवेशन। जबकि हमेशा हर कोई आपको मोटिवेट करता रहे ये जरूरी नहीं। हमेशा एक्शन में रहने की बात पहले भी कही गई है, इस बार भी यही कीजिए और इसके साथ इस प्रक्रिया को इंजॉय करने की कोशिश कीजिए। ये बात ऐसे समझिए कि हर बार मंजिल के देखना जरूरी नहीं है। कई बार प्रोसेस को इंजॉय करने में भी काफी मोटिवेशन मिलता है।

### खुद से नजर हटाइए तो

जब आप मोटिवेशन लेने की कोशिश कर रहे हों और आपको कहीं से भी कुछ भी मोटिवेशन न मिले तो खुद से नजर हटाने की कोशिश भी की जा सकती है। इस तरह से आप ब्रेक के बाद खुद के बारे में सोचने की नई शुरुआत कर पाएंगे। ये और इस ब्रेक में अप दूसरों का भला भी कर पाएंगे। ये वो समय होगा जब आप दूसरों के फायदे के बारे में सोचेंगे। जब आप उनका भला कर लेंगे तो आपको खुद एक मोटिवेशन मिलेगा कि हां, आप भी कुछ कमाल कर सकते हैं। बस यही फीलिंग आपको फिर से अपनी मंजिल पर फोकस करने के लिए तैयार कर देगी।



## घर में सुख शांति और व्यवसाय में तरक्की चाहते हैं तो शुक्र ग्रह को रखिए खुश



ज्योतिष शास्त्र में बृहस्पति की तरह शुक्र भी भाग्यशाली ग्रहों में से एक है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार जिन राशियों में शुक्र शामिल होता है उनकी स्थिति अच्छी बनी रहती है। शुक्र को कला, प्रेम, सौंदर्य, विवाह, वाहन और अन्य भौतिक सुखों का कारक माना जाता है। 12 जून की शाम को शुक्र मिथुन राशि में प्रवेश कर चुके हैं और अब 7 जुलाई तक वहीं रहेंगे।

### शुक्र के प्रभाव से मिलेगी सुख समृद्धि

शुक्र का प्रवेश सभी राशियों के लिए बेहद शुभ माना जा रहा है। शुक्र 7 जुलाई को शाम 4:31 बजे तक मिथुन राशि में रहेंगे और इसके बाद कर्क राशि में प्रवेश करेंगे। शुक्र ग्रह का राशि परिवर्तन का प्रभाव सभी राशियों पर पड़ेगा। कुंडली में शुक्र की शुभ स्थिति के कारण व्यक्ति को सभी सांसारिक सुख प्राप्त होते हैं।

### शुक्र ग्रह को प्रसन्न करने के लिए करें ये उपाय

शुक्र को प्रसन्न करने के लिए धन की देवी लक्ष्मी माता की पूजा करें। गरीबों को सफेद वस्त्र दान करें। गाय, कौए और कुत्ते को कुछ भोजन दें। शुक्रवार का व्रत करें और इस दिन खड़ा भोजन न करें।चमकीले सफेद और गुलाबी रंग का प्रयोग करें। शुक्रवार के दिन दही, खीर, ज्वार, इत्र, रंग-बिरंगे कपड़े, चांदी और चावल का दान करें।

शुक्रवार के दिन दक्षिणावर्ती शंख में जल भरकर भगवान विष्णु का अभिषेक करें, इससे मां लक्ष्मी जल्दी प्रसन्न हो जाती हैं। इस दिन धन पाने के लिए व्यवसाय के स्थान पर लक्ष्मी जी , गणेश जी और विष्णु जी की स्थापना करें। प्रातः काम शुरू करने के पहले माता को एक गुलाब का फूल अर्पित करें और घी का दीपक और गुलाब की सुगंध वाली धूप जलाएं। रोज शाम पूजा की समाप्ति के बाद तीन बार शंख जरूर बजाएं।

### शुक्र ग्रह के कमजोर होने से बढ़ती है परेशानियां

शुक्र ग्रह के कमजोर होने से दांपत्य जीवन में बढ़ता है तनाव और सांसारिक सुखों में कमी आती है। अन्य समस्याओं में आर्थिक स्थिति का बिगड़ना और बीमारी भी शामिल है।

## दाल-चावल नहीं, इस बार पोहे से तैयार करें जायकेदार इडली



अगर पारंपरिक तरीके से इडली बनाया जाए तो इसके लिए आपको उड़द की दाल और चावल की जरूरत पड़ेगी, लेकिन अगर आप इंस्टेंट इडली बनाना चाहते हैं तो इसके लिए आप पोहा इस्तेमाल करके इडली तैयार कर सकते हैं। पोहे की इडली बनाना भी काफी आसान है।

पोहे से इडली बनाने के लिए सबसे पहले पोहे को अच्छे से धो लें और लगभग 10 मिनट के लिए पानी में भिगो दें। इसके बाद इसे पानी से निकालकर पोहे को पीसकर एक गाढ़ा पेस्ट बना लें। पोहे का पेस्ट तैयार करने के बाद एक बड़े बर्तन में इसे लेकर इसमें सूजी और दही को मिलाएं। इस मिश्रण को अच्छे से मिलाकर एक गाढ़ा बैटर तैयार करें। अगर ये ज्यादा गाढ़ा हो गया है तो इसमें थोड़ा सा पानी मिक्स करें। इस बैटर को 15-20 मिनट के लिए ढककर रख दें, ताकि सूजी अच्छे से फूल जाए। 20 मिनट के बाद बैटर में नमक मिलाएं। अब इडली स्टीमर को तैयार करें। स्टीमर में पानी भरके इसे गैस पर चढ़ा दें, ताकि पानी खौल जाए। इसके साथ ही इडली के सांचे में हल्का-हल्का तेल लगाएं। जब आप इडली स्टीमर तैयार कर लें और पानी उबलने लगे, तब बैटर में ईनो डालें और तुरंत अच्छे से मिलाएं। ईनो डालने के बाद बैटर फूलने लगेगा। अब इडली के हर सांचे में बैटर डालें, लेकिन ध्यान रखें कि सांचे को पूरी तरह से न भरें।

कार्नर न्यूज

## दोनों हैं दूर-दूर तो भी प्यार नहीं हो सकता कम

लॉन्ग डिस्टेंस रिलेशनशिप को निभाना आसान नहीं है। मगर आप इसे पूरे प्यार, सम्मान और धैर्य से निभाएंगी तो इस रिश्ते में मिठास भर सकती हैं। हरियाणा के नूंह की रहने वाली हेमा की शादी को एक साल हो चुका है। उसका पति सिद्धार्थ सेना में है, जिस वजह से वह पति से बहुत कम मिल पाती है। जब हेमा की शादी सिद्धार्थ से हो रही थी, तब भी उसके दोस्तों और परिवार के सदस्यों ने उसे समझाया था कि तुम सिद्धार्थ से साल-साल भर नहीं मिल पाओगी, लेकिन तब हेमा को खुद पर विश्वास था कि वह सब संभाल लेगी। मगर अब, जब शादी को एक साल हो गया है तो उसको यह दूरी बहुत खल रही है। अगर आप भी लॉन्ग डिस्टेंस रिलेशनशिप में हैं या आने वाली हैं तो आपको हौसले और धैर्य की बहुत जरूरत पड़ने वाली है।

# मीलों के फासले प्यार को न कर सकेंगे कम, रखें इन बातों का ध्यान

### समय लाएगा मिठास

लॉन्ग डिस्टेंस रिलेशनशिप में सबसे अहम है, बातचीत करना। लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि आप अपने साथी से 24 घंटे बात करें। आप समय-समय पर बात करके भी अपने रिश्ते में मिठास बनाए रख सकते हैं। वहीं यह भी जरूरी नहीं है कि बात करते समय आप सिर्फ भविष्य या फिर अपने रिश्ते पर ही अटके रहें। आप सकारात्मक मुद्दों पर बात करके भी अपने रिश्ते को मजबूत बना सकते हैं। साथ ही बातचीत में ऐसी बातों को शामिल न करें, जो आपके बीच विवाद पैदा करती हों।

### उनकी सुनें, अपनी सुनाएं

साथी की बातों को नजरअंदाज करने से दूरी वाले और पास के, दोनों ही रिश्तों में खटास आने लगती है। इसलिए आपको कोशिश करनी चाहिए, कि आप साथी की बात ज्यादा से ज्यादा सुनें और उन्हें समझने की कोशिश करें। इस दौरान बातें चाहे फिजूल की ही क्यों न हों, अगर आप उनकी बातों पर गौर करेंगे तो आप दोनों के बीच के इस प्यार को मजबूती ही मिलेगी।

### भरोसा है नींव

यह बात आपको समझनी होगी कि लॉन्ग डिस्टेंस रिलेशनशिप में शादीशुदा युगल का रिश्ता सिर्फ भरोसे के दम पर ही चलता है। जब आप अपने साथी पर भरोसा करना बंद कर देंगे तो वहीं से रिश्ते की गाड़ी डगमगाने लगेगी। इसलिए साथी पर भरोसा करें।

रायपुर बाजार

Contact For Advertisement 6263818152, 7987119756



ITR फाईल बनवाएं मात्र 499/-

हमारे TAX EXPERT आपकी मदद हेतु तैयार हैं

| | | |
|---|---|---|
| TDS रिफंड | GST रजिस्ट्रेशन | इनकम TAX फाइल |
| प्रोजेक्ट रिपोर्ट | MSME रजिस्ट्रेशन | GST रिटर्न फाइल |
| CMA DATA | फूड लाइसेंस | BALANCE SHEET |

संपर्क- शेखर गुप्ता मो. 93007-55544, 88786-55544

D-6 सेक्टर 2, गुरुद्वारा के सामने देवेंद्रनगर रायपुर

आपके विज्ञापन के लिये जगह उपलब्ध है।

संपर्क करें

मो. 6263818152, 7987119756



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## निभाया अल्जाइमर रोगी का किरदार अब डिमेंशिया से पीड़ित हुई गेना

हॉलीवुड की क्लासिक कल्ट फिल्म 'द नोटबुक' साल 2004 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में गेना रोलैंड्स अहम भूमिका में नजर आई थीं। वे वृद्ध रेचेल मैकएडम्स के किरदार को निभाती दिखी थीं, जो अल्जाइमर से पीड़ित रहती है। वहीं एक तरफ इस फिल्म की रिलीज को जहां 20 वर्ष पूरे हुए हैं वहीं पता चला है कि गेना रोलैंड्स असल जिंदगी में भी पिछले पांच वर्षों से अल्जाइमर से जूझ रही हैं। निर्देशक निक कैसविट्स गेना रोलैंड्स के बेटे हैं। मीडिया से बातें करते हुए उन्होंने कहा, 'मेरी मां को पिछले पांच वर्षों से अल्जाइमर है। मेरी मां ने फिल्म 'दी नोटबुक' 'एली' का किरदार निभाया था और 'एली' को भी यही बीमारी थी। वे भी अल्जाइमर से पीड़ित थी। मां ने फिल्म में जिस बीमारी का अभिनय किया असल जिंदगी में उन्हें वही बीमारी हो गई है। मैं बता नहीं सकता हूं कि मैं कैसा महसूस कर रहा हूं'। निक कैसविट्स आगे कहते हैं, 'मैंने अपनी मां को बड़ी उम्र की 'एली' की भूमिका निभाने के लिए कहा था। मुझे नहीं पता था कि मां उसी रोग से ग्रसित हो जाएंगी। यह बेहद आश्चर्यजनक है। ऐसे कैसे हो सकता है। मां ने उस रोल को निभाने के लिए काफी रिसर्च किया था ताकि फिल्म में सब कुछ एकदम प्रमाणिक दिखे। उन्होंने तो फिल्म में सिर्फ एक्टिंग किया था, लेकिन हम हर दिन इसे जी रहे हैं। यह बहुत ही पीड़ादायक है'।




मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो गेना रोलैंड की मां भी अल्जाइमर रोग से पीड़ित थीं। साल 2004 में गेना ने एक मैगजीन को साक्षात्कार दिया था। उस दौरान उन्होंने कहा था, 'मेरी मां भी अल्जाइमर से पीड़ित थीं। मैंने उन्हें देखने के बाद फिल्म में 'एली' की भूमिका निभाने का निर्णय लिया था।

### टॉलीवुड

## 'स्वयंभू' के शूट में जुटे कलाकार, जंगल में चल रही है शूटिंग

अभिनेता निखिल सिद्धार्थ अपनी नई फिल्म 'स्वयंभू' को लेकर लगातार चर्चा में बने हुए हैं। इस फिल्म के जरिए दर्शकों को दमदार एक्शन देखने की उम्मीद है। निखिल की पिछली फिल्म 'स्पाई' थी, जो साल 2023 में रिलीज हुई थी। इसे दर्शकों की ओर से मिली जुली प्रतिक्रियाएं मिली थी। अब उनकी नई फिल्म को लेकर एक नई जानकारी सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 'स्वयंभू' को लेकर ताजा अपडेट यह है कि फिलहाल मारेडुमिली वन क्षेत्र में फिल्म में शूटिंग चल रही है, जो आंध्र प्रदेश में स्थित है। यह इलाका बेदह खूबसूरत है। निखिल के साथ अन्य कलाकार भी सेट पर जमें हुए हैं। कहा जा रहा है कि इस लोकेशन पर फिल्म के कुछ अहम सीन को शूट किया जाएगा। बता दें कि सेट डिजाइन का काम एम प्रभाकरन की देख-रेख में हो रहा है। 'स्वयंभू' का निर्देशन भरत कृष्णामाचारी कर रहे हैं। फिल्म में निखिल सिद्धार्थ के साथ-साथ संयुक्ता भी मुख्य भूमिका अदा कर रही हैं। इन दोनों के अलावा नाभा नटेश भी अहम किरदार में दिखाई देंगे। यह एक पीरियड एक्शन-एडवेंचर ड्रामा फिल्म है, जिसका फैंस को बेसब्री से इंतजार है। 'स्वयंभू' का निर्माण पिक्सेल स्टूडियो के तहत भुवन और श्रीकर कर रहे हैं और टैगोर मधु फिल्म को प्रस्तुत कर रहे हैं। फिल्म में रवि बसरूर का संगीत सुनने को मिलेगा। वहीं, वासुदेव मुनप्पगारी ने फिल्म के डायलॉग लिखे हैं। मनोज परमहंस सिनेमैटोग्राफी देख रहे हैं। यह एक पैन इंडिया फिल्म है, जिसे देश की सभी प्रमुख भाषाओं में रिलीज किया जाएगा।



### भोजपुरी

## 'गवनवां के साड़ी' के ट्रेलर को 3 दिन में मिले 8 लाख व्यूज

भोजपुरी फिल्म 'गवनवां के साड़ी' का ट्रेलर हाल ही रिलीज हुआ और खूब तारीफ हो रही है। भोजपुरी के फैंस का कहना है कि कहानी और कॉन्सेप्ट अलग है और काफी पसंद आया है।'गवनवां के साड़ी' का ट्रेलर 3 दिन में 8 लाख से ज्यादा लोग देख चुके हैं और खूब चर्चा में है। नई भोजपुरी फिल्म 'गवनवां के साड़ी' का हाल ही ट्रेलर रिलीज किया गया, जिसे पसंद किया जा रहा है। ट्रेलर को तीन दिन में आठ लाख से भी ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं और भोजपुरी फैंस के खूब कमेंट आ रहे हैं। एक ने यूट्यूब पर लिखा है, 'बहुत ही अच्छा ट्रेलर। देखकर एकदम दिल रोने लगा आंखों में आंसू आ गए।' एक और फैन ने लिखा है, 'वाह, भोजपुरी में एकदम अलग कॉनसेप्ट।' 'गवनवां के साड़ी' में संजना पांडे, आकाश, स्लेशा मिश्रा, किरण यादव, विनोद मिश्रा, प्रिया पांडे, भानु पांडे, वंदना दुबे, ललित उपाध्याय, श्रष्टि पाठक, गौरव पांडे, तनवी श्री, महेंद्र प्रताप सिंह और सुरेश यादव जैसे कलाकार हैं। 'गवनवां के साड़ी' को संजीव बोहरपी ने डायरेक्ट किया है, जबकि म्यूजिक ओम झा ने दिया और गाने अरबिंद तिवारी व प्यारेलाल यादव ने लिखे हैं।



### तैयारी फैशन वीक की

लाइफ स्टाइल

जोहान्सबर्ग, दक्षिण अफ्रीका साल के सबसे बड़े फैशन उत्सव के लिए तैयार है। साउथ अफ्रीका फैशन वीक 2024 बस आने ही वाला है, जो शीर्ष स्थानीय डिजाइनरों के सबसे हॉट ट्रेंड और कलेक्शन के साथ रनवे की शोभा बढ़ाने के लिए तैयार है। प्रख्यात फैशन डिजाइनर लोइस ड्यूब ने इस शो की तैयारियों के बीच जोहान्सबर्ग स्टॉक एक्सचेंज में एएफआई फास्टट्रैक यंग डिजाइनर ऑफ द ईयर के रूप में अपनी जीत का जश्न मनाया।




## आंखों को काफी फायदा पहुंचाता है घर पर बना काजल

बाजार में मिलने वाले काजल में कई तरह के केमिकल होते हैं, ऐसे में ज्यादातर लोग रेडीमेड काजल को लगाने से डरते हैं। इसी वजह से आपको घर पर ही काजल बनाने का सही तरीका जानना चाहिए।



### घर पर काजल बनाने का तरीका

अगर आप घर पर ही काजल बनाना चाहती हैं तो इसके लिए सबसे पहले एक दिया लें और उसमें घी डालें। अब इस दिए में एक बत्ती रखकर उसे जला दें। अब खाने वाले कांटे में एक बादाम ऐसे फंसाएं कि जब दिया जले तो इसकी लौ चम्मच पर पड़े। ऐसे करके एक-एक करके कई बादाम जलाकर चम्मच पर इसकी लौ जमा कर लें।

जब ये ज्यादा हो जाए तो इसे एक डिब्बे में स्टोर करके रख लें। इस बारीक पाउडर में थोड़ा नारियल तेल भी डाल दें। इसके बाद सभी सामग्री को मिलाकर फ्रीजर में रख दें। आपका होममेड काजल तैयार है। इस काजल में किसी तरह का कोई केमिकल नहीं होता है, जिस वजह से आप इसे बच्चों को भी लगा सकते हैं।

### इसके फायदे

अगर आप घर पर ही काजल बनाकर इसका इस्तेमाल करेंगे तो ये आंखों को काफी आराम देगा। इसके साथ ही ये घरेलू काजल पलकों को घना बनाने का काम करता है। घर पर बने काजल में किसी तरह का केमिकल नहीं होता। बल्कि इसमें एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं, जो आंखों को तमाम तरह के इंफेक्शन से बचाते हैं।

आंखों के कोनों में जमी गंदगी को घर पर बना काजल साफ करने में मदद करता है। इसके अलावा ये आंखों की कई बीमारियों को भी रोकने में मदद करता है। अगर आप घर पर बिना केमिकल के बने काजल का रोजाना इस्तेमाल करेंगे तो ये आपकी आंखों को सूरज की हानिकारक किरणों से भी बचाएगा।

## आजकल चल रहा को-ऑर्ड सेट का ट्रेंड, देखिए नजारा




बारिश और गर्मी के इस मौसम में महिलाएं ऐसे कपड़े ज्यादा पहनना पसंद करती हैं, जो उन्हें आराम तो पहुंचाएं ही, साथ ही में वो ऐसे कपड़ों को प्राथमिकता देती हैं, जिनकी वजह से उनके स्टाइल में कोई कमी न आने पाए। इन कपड़ों में अब को-ऑर्ड सेट का नाम भी जुड़ने लगा है। चाहे कॉलेज हो या फिर दफ्तर, या कहीं घूमने ही जाना हो, हर जगह के लिए को-ऑर्ड सेट परफेक्ट माना जाता है। ये काफी आरामदायक होता है। को-ऑर्ड सेट पहनकर स्टाइल काफी अच्छा दिखने लगता है। इन अभिनेत्रियों के लुक्स से टिप्स लेकर अगर आप को-ऑर्ड सेट खरीदेंगी, तो आपका अंदाज काफी क्लासी, स्टाइलिश और खूबसूरत लगेगा।



### कृति सेनन

अगर किसी पार्टी के हिसाब से को-ऑर्ड सेट खरीदने का सोच रही हैं, तो कृति का ये को-ऑर्ड सेट एक बेहतर विकल्प है। ये वन शोल्डर को-ऑर्ड सेट है, जो आपको ग्लैमरस दिखने में मदद करेगा।

### कटरीना कैफ

ऑफिस के हिसाब के लिए आप इस तरह का ब्लेजर वाला को-ऑर्ड सेट खरीद सकती हैं। फ्लोरल प्रिंट होने की वजह से गर्मी के मौसम में काफी कूल दिखेगा। इसके साथ अपने बालों को खुला रखें।

### सोनाक्षी सिन्हा

गर्मी के मौसम में महिलाएं फ्लोरल प्रिंट के कपड़े पहनना काफी पसंद करती हैं। ऐसे में आप भी सोनाक्षी के इस लुक से टिप्स लेकर अपने लिए को-ऑर्ड सेट खरीद सकती हैं। ऐसा ब्लेजर वाला को-ऑर्ड सेट बॉस लेडी लुक कैरी करने में मदद करता है।

### सारा अली खान

को-ऑर्ड सेट में ग्लैमरस दिखने के लिए आप सारा के इस लुक से टिप्स ले सकती हैं। ऐसी मिनी स्कर्ट और क्रॉप टॉप आपके लुक को खूबसूरत के साथ ग्लैमरस दिखने में मदद करेगी।

### हुमा कुरैशी

अगर ऐसा को-ऑर्ड सेट पहनना चाहती हैं, जो देखने में कूल हो तो आप हुमा कुरैशी के इस लुक से टिप्स ले सकती हैं।

## त्वचा संवेदनशील है तो पैच टेस्ट जरूर कराएं

आज के समय में चाहे पुरुष हो या महिला, हर कोई अपनी त्वचा का काफी ध्यान रखता है। अपने चेहरे पर कुछ भी लगाने से पहले पैच टेस्ट जरूर करना चाहिए, क्योंकि घरेलू नुस्खों में इस्तेमाल की जाने वाली कई चीजें ऐसी हैं, जो त्वचा को डैमेज कर सकती हैं।



### सबसे पहले जानें क्या होता है पैच टेस्ट

त्वचा पर कोई भी चीज इस्तेमाल करने से पहले पैच टेस्ट करना जरूरी होता है। इसके लिए जिस भी चीज को आप त्वचा पर लगाना चाहते हैं उसे पहले अपनी कलाई या आपके कान के पिछले हिस्से पर थोड़ी मात्रा में लगाएं। अगर आपको इसमें थोड़ी सी भी परेशानी हो रही है या जलन हो रही है तो उसे तुरंत हटा दें और उस चीज का इस्तेमाल करने से बचें। अगर परेशानी नहीं हो रही है तो प्रोडक्ट को रात भर के लिए ऐसे ही लगा रहने दें, ताकि इसका असर दिखाई दे। अब आइए आपको बताते हैं कि चेहरे पर किन घरेलू चीजों के इस्तेमाल से पहले पैच टेस्ट जरूरी है।

**नींबू:** नींबू को बहुत से लोग ब्लीच की तरह इस्तेमाल करते हैं। इसमें कई ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो त्वचा की रंगत निखारने का काम करते हैं। पर, क्या आप जानते हैं कि नींबू को सीधा चेहरे पर लगाना खतरे से खाली नहीं है। इसके डायरेक्ट इस्तेमाल से जलन, सूजन, लालिमा, स्किन में ड्राइनेस बढ़ने से परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में अगर घरेलू नुस्खे में नींबू का इस्तेमाल कर रहे हैं तो पहले पैच टेस्ट जरूर करें।

### बेकिंग सोडा

अक्सर स्किन केयर प्रोडक्ट में बेकिंग सोडे का इस्तेमाल होता है। खासतौर पर टैनिंग हटाने के लिए इसका इस्तेमाल किया जाता है। आपको बता दें कि बेकिंग सोडा काफी हार्श होता है। अगर आप बिना पैच टेस्ट के इसका इस्तेमाल करेंगे तो आपका चेहरा बिगड़ भी सकता है। बेकिंग सोडा को सीधे अपनी त्वचा पर तो कभी भी न लगाएं।

## मानसून आने से पहले ही अपने कलेक्शन में शामिल करें ऐसे कपड़े

मई-जून की भीषण गर्मी के बाद कई जगह हुई बारिश से लोगों को काफी राहत मिली है। बारिश का मौसम अपने साथ यहां गर्मी से राहत लेके आता है, वहीं कई तरह के स्किन संबंधी परेशानियां भी लेकर आता है। ऐसे में बारिश का मौसम शुरू होते ही लोगों को ये चिंता सताती रहती है कि वो कैसे कपड़े पहनें, जिससे उन्हें परेशानी न हो।

### टाइट कपड़ों से रहें दूर

इस मौसम में कभी टाइट कपड़े तो बिल्कुल न पहनें। ध्यान रखें कि अगर आप ज्यादा टाइट कपड़े पहनेंगे तो ये शरीर पर खुजली की परेशानी पैदा कर सकते हैं। जब बारिश होती है, तो टाइट कपड़े आपके शरीर में चिपकने लगेंगे, जो देखने में भी अजीब लगता है और इससे कई स्किन संबंधी परेशानियां भी जन्म लेती हैं।

### फैब्रिक का रखें ध्यान

गर्मी के इस मौसम में कपड़े पहनते वक्त उसके फैब्रिक का जरूर ध्यान रखें। बारिश में ऐसे फैब्रिक के ही कपड़े पहनें जो पसीना आने पर शरीर से चिपकें नहीं। खासतौर पर नायलॉन के कपड़े इस मौसम में काफी फायदा पहुंचाएंगे। इसके साथ ही आप चाहें तो शिफॉन फैब्रिक के भी कपड़े इस मौसम में कैरी कर सकते हैं।



### स्किन फिट जींस की जगह पहनें लूज फिट जींस

गर्मी और सर्दी के मौसम में स्किन फिट जींस कैरी करना पसंद करते हैं, लेकिन बारिश में जींस पहनना दिक्कत पैदा कर सकता है। कोशिश करें कि इस मौसम में लूज फिट लोअर ही पहनें। अगर जींस पहनना ज्यादा पसंद है तो भी स्किन टाइट जींस न पहनें।

कार्नर न्यूज

### त्वचा संबंधी कई तरह की परेशानियां इसी मौसम में होती हैं, रहे सावधान

## बारिश के मौसम में करना है स्किन केयर तो फॉलो करें आसान उपाय

*वैसे तो बरसात का मौसम हर किसी को पसंद होता है। इसमें घूमने का भी अपना अलग मजा होता है, लेकिन कई बार इसी मौसम में त्वचा संबंधी कई तरह की परेशानियां होने लगती हैं। ऐसे में बारिश में स्किन को मुहांसों, फंगल संक्रमणों, ड्रायनेस से बचाना तथा उसकी चमक बनाए रखना जरूरी होता है। ज्यादातर लोगों को ये समझ नहीं आता कि वो बारिश में अपनी त्वचा का ध्यान कैसे रखें।*



**क्लींजिंग:** इस मौसम में त्वचा काफी परेशान करती है। ऐसे में स्किन से नैचुरल ऑयल को हटाए बिना गंदगी और एक्स्ट्रा ऑयल को साफ करने के लिए जेंटल क्लींजर का इस्तेमाल करें। इसके बाद आपकी त्वचा खिल उठेगी।

**एक्सफोलिएट:** हफ्ते में दो बार अपनी त्वचा को सही से एक्सफोलिएट करें। इससे त्वचा की न सिर्फ डेड स्किन निकलेगी बल्कि साथ में इससे पोर्स भी ओपन होंगे। बारिश के मौसम में त्वचा को एक्सफोलिएट करना काफी जरूरी होता है।

**टोनिंग :** त्वचा के पीएच लेवल को बैलेंस करने के लिए टोनिंग करना बेहद जरूरी है। इसके लिए आपको बस हर रोज टोनर का इस्तेमाल करना है। ध्यान रखें कि ये आपके स्किन टाइप का ही हो। इससे त्वचा को कई तरह का फायदा भी मिलेगा।

**हाइड्रेशन :** लोगों को लगता है कि बारिश में त्वचा को हाइड्रेट रखने की जरूरत नहीं है, जबकि ऐसा नहीं है। इस मौसम में भी त्वचा को हाइड्रेट रखना काफी जरूरी होता है। इसके लिए आप ऐसे मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करते हैं जो जेल बेस्ड हो। ये आपकी त्वचा को लाइट रखेगा और नमी भी पहुंचाएगा। त्वचा को हाइड्रेट रखने के लिए आप शीट मास्क का इस्तेमाल भी कर सकते हैं।

**सन प्रोटेक्शन:** इस मौसम में उमस की मजह से पसीना काफी आता है। ऐसे में ध्यान रखें कि अपनी स्किन टोन के हिसाब से ही से सनस्क्रीन का इस्तेमाल अवश्य करें। ताकि ये आपको धूप की हानिकारक किरणों से बचाकर रखे।

